■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित    www.navbihartime.com    ■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 352
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, मंगलवार
27 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**2008:** केन्द्र सरकार ने सीमेंट निर्यात पर लगे प्रतिबन्ध को वापस लिया।

**2010:** भारत ने उड़ीसा के चांदीपुर में बालसोरा जिले में परमाणु तकनीक से लैस धनुष और पृथ्वी 2 मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

**2010:** तिब्बतियों के धर्मगुरु दलाई लामा ने बुद्ध पूर्णिमा के दिन पटना रेलवे जंक्शन के पास भव्य 'बुद्ध स्मृति पार्क' को जनता को समर्पित किया।

**जीवन में सबसे बड़ी खुशी उस काम को करने में है जिसे लोग कहे इसे तुम नहीं कर सकते हो।**

प्रधानमंत्री ने गुजरात के दाहोद में 24 हजार करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास, उद्घाटन व लोकार्पण

# 140 करोड़ भारतीय विकसित भारत के निर्माण में एकजुट : मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को गुजरात के दाहोद में 24,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 26 मई का दिन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसी दिन उन्होंने 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने गुजरात के लोगों के अटूट समर्थन और आशीर्वाद को स्वीकार किया, जिन्होंने उन्हें देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस विश्वास और प्रोत्साहन ने दिन-रात देश की सेवा के लिए उनके समर्पण को बढ़ावा दिया है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने ऐसे अभूतपूर्व और अकल्पनीय निर्णय लिए हैं, जो दशकों पुरानी बाधाओं से मुक्त हैं और हर क्षेत्र में आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि आज देश निराशा और अंधकार के युग से निकलकर आत्मविश्वास और आशावाद के नए युग में प्रवेश कर चुका है। श्री मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीय एक विकसित भारत के निर्माण में एकजुट हैं। उन्होंने भारत के भीतर आवश्यक वस्तुओं के विनिर्माण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता समय की मांग है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र में



तेजी से आगे बढ़ रहा है और घरेलू उत्पादन और निर्यात दोनों में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत अब स्मार्टफोन, ऑटोमोबाइल, खिलौने, रक्षा उपकरण और दवाओं सहित कई तरह के उत्पादों का निर्यात कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत न केवल रेल और मेट्रो तकनीक का विनिर्माण कर रहा है बल्कि इसे वैश्विक स्तर पर निर्यात भी कर रहा है। इस प्रगति का एक प्रमुख उदाहरण दाहोद, जहां हजारों करोड़ रुपये की प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ किया गया, को बताते हुए श्री मोदी ने दाहोद इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव फैक्ट्री को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने तीन वर्ष पूर्व इसकी आधारशिला रखने को याद किया और गर्वपूर्वक कहा कि अब पहला इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव सफलतापूर्वक विनिर्मित किया गया है। उन्होंने लोकोमोटिव को झंडी दिखाकर रवाना किया, जो गुजरात और पूरे देश के लिए गौरव का क्षण था। इसके अतिरिक्त, उन्होंने घोषणा की कि गुजरात ने अपने रेलवे नेटवर्क का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल कर लिया है। उन्होंने इसे एक उल्लेखनीय उपलब्धि बताया और इसके लिए गुजरात के लोगों को बधाई दी। पिछले 10-11 वर्षों में भारत के रेलवे क्षेत्र के त्वरित विकास को रेखांकित करते हुए श्री मोदी ने मेट्रो सेवाओं के विस्तार और सेमी हाई स्पीड ट्रेनों की शुरुआत पर जोर दिया, जिससे पूरे देश में कनेक्टिविटी रूपांतरित हो रही है। उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेनें अब लगभग 70 रूटों पर चल रही हैं जो भारत के परिवहन नेटवर्क को और सुदृढ़ बनाती हैं। उन्होंने अहमदाबाद और वेरावल के बीच एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत की घोषणा की। श्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत में आधुनिक ट्रेनों का उदय देश की प्रौद्योगिकी में प्रगति की वजह से है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोच और इंजन अब घरेलू स्तर पर विनिर्मित होते हैं, जिससे आयात पर निर्भरता कम होती है। श्री मोदी ने कहा कि भारत रेलवे उपकरणों के एक प्रमुख निर्यातक के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत ऑस्ट्रेलिया को मेट्रो कोच और इंग्लैंड, सऊदी अरब और फ्रांस को ट्रेन कोच निर्यात करता है। उन्होंने कहा कि मैक्सिको, स्पेन, जर्मनी और इटली भी भारत से रेलवे से संबंधित कंपोनेंट आयात करते हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारतीय यात्री कोच मोजाम्बिक और श्रीलंका में उपयोग में लाए जा रहे हैं और 'मेड इन इंडिया' इंजनों को कई देशों में निर्यात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह 'मेक इन (शेष पृष्ठ 10 पर)

ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास

# सीएम नीतीश ने 20 सहायक प्राध्यापकों को दिया नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान में 2.87 करोड़ रुपये लागत के एनेक्सी भवन, 4.90 करोड रुपये लागत के वार्डेन ब्लॉक तथा 5.33 करोड़ रुपये की लागत के स्टार्टअप ब्लॉक का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। उन्होंने ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया तथा वहां की व्यवस्थाओं तथा शैक्षणिक कार्यकलापों की जानकारी ली। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान में




आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा चयनित 20 सहायक प्राध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सहायक प्राध्यापक, प्रबंधन रीतू नारायण, प्रीति सिंह, अशोक कुमार, सहायक प्राध्यापक, कंप्यूटर संतोष कुमार झा एवं संजय कुमार को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की शुरुआत में ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान परिसर में स्थापित पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री स्व. ललित नारायण मिश्र की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के निदेशक डॉ एस सिद्धार्थ ने हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया। साथ ही ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष सह शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने भी मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत

## चौसा थर्मल प्लांट में ठेकेदार की हत्या

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** चौसा थाना क्षेत्र स्थित निर्माणाधीन थर्मल पावर प्लांट के पास सोमवार दोपहर बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने राजद मजदूर प्रकोष्ठ के नेता अर्जुन यादव को गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल अर्जुन को इलाज के लिए वाराणसी ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इस वारदात के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। चौसा गोला और थर्मल पावर के आसपास की सभी दुकानें बंद कर दी गई हैं। घटना की सूचना मिलते ही बक्सर एसपी शुभम आर्य और डीएसपी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। अपराधियों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली ढेर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** जिले के दौना गांव के पास हुई पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली मनीष यादव मारा गया जबकि 10 लाख का इनामी माओवादी जोनल कमांडर कुंदन खरवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिस माओवादी नक्सली मनीष यादव को लातेहार पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर किया है, वह 14 पुलिसकर्मियों की हत्या का आरोपित था। मुठभेड़ के बाद सोमवार को पलामू आइजी सुनील भास्कर, डीआइजी वाईएस रमेश, एसपी कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता की। अधिकारियों ने इस दौरान बताया कि मुठभेड़ में मारा गया नक्सली मनीष यादव वर्ष 2013 में कटिया जंगल में पुलिस पर हमला करने का अभियुक्त था। इस घटना में 10 सुरक्षा बल के जवानों की मौत हो गई थी। वहीं चंदवा थाना क्षेत्र में पुलिस बल पर हमला कर चार पुलिसकर्मियों की हत्याकांड में भी मनीष यादव और गिरफ्तार कुंदन खरवार शामिल था। आइजी सुनील भास्कर ने कहा कि नक्सलियों की गतिविधियों पर पुलिस अपनी निगाह बनाए हुई थी। रविवार को मिली सटीक सूचना पर लातेहार एसपी के द्वारा सही समय पर कार्रवाई की गई। जिसमें पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की। उन्होंने कहा कि अब जो भी नक्सली बचे हैं, उनके पास एक ही रास्ता है कि पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें और अपनी बची हुई जिंदगी अपने परिवार के साथ खुशहाली में बिताएं नहीं तो पुलिस के द्वारा अब इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी।

## कोरोना के नए वेरिएंट से घबराने की जरूरत नहीं : प्रत्यय अमृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विकास भवन स्थित स्वास्थ्य विभाग के सभागार में कोविड-19 संक्रमण की वर्तमान स्थिति एवं उससे निपटने की तैयारियों की समीक्षा के उद्देश्य से आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विकास आयुक्त सह स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने की। बैठक में राज्य के सभी जिलों के सिविल सर्जन, सरकारी मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्य एवं अधीक्षक, साथ ही एम्स, आईजीआईएमएस, आरएमआरआई, ईएसआईसी, बिहटा के प्रतिनिधियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। बैठक में कोविड-19 संक्रमण की वर्तमान स्थिति, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, जांच एवं उपचार की व्यवस्था तथा दवाओं एवं ऑक्सीजन सहित आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति की समीक्षा की गई। अपर मुख्य सचिव ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि कोरोना के नए वेरिएंट से घबराएं नहीं, बल्कि सतर्क और जागरूक रहें। भारत में कोविड-19 के दो नए सब-वैरिएंट-एनबी 1.8.1 और एलएफ .7 की पहचान की गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इन दोनों को मात्र 'निगरानी में रखे गए वैरिएंट'की श्रेणी में रखा है।

24 घंटे में 5,88,107 जीवन बीमा पॉलिसी कर एलआइसी ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

# एलआइसी ने हासिल किया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डस का खिताब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुम्बई/पटना।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डस में दर्ज हो गया है। एलआईसी ने 24 घंटे में 5,88,107 जीवन बीमा पॉलिसी कर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। एलआईसी ने इस उपलब्धि को लेकर एक बयान भी जारी किया है। इसमें निगम ने कहा कि इस साल 24 जनवरी को 24 घंटे में देशभर में 4,52,839 एलआईसी एजेंटों ने मिलकर कुल 5,88,107 लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी किए, जो विश्व रिकॉर्ड है। इस उपलब्धि को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डस में दर्ज किया गया है। एलआईसी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह हमारे एजेंटों के समर्पण,




कौशल और अथक कार्य का एक प्रमाण है। इस शानदार प्रयास ने महज 24 घंटे के भीतर जीवन बीमा उद्योग में एक नया वैश्विक मानक स्थापित कर दिया। यह उपलब्धि हमारे ग्राहकों और उनके परिवारों को महत्वपूर्ण वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के हमारे मिशन की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह रिकॉर्ड प्रयास एलआईसी के एमडी और सीईओ सिद्धार्थ मोहंती की पहल का परिणाम था जिसमें उन्होंने प्रत्येक एजेंट से 20 जनवरी, 2025 को 'मैड मिलियन डे' पर कम से कम एक पॉलिसी पूरी करने की अपील की थी। इस अवसर पर बोलते हुए श्री मोहंती ने 'मैड मिलियन डे' को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी ग्राहकों, एजेंटों और कर्मचारियों को धन्यवाद दिया क्योंकि एक ही दिन में रिकॉर्ड संख्या में पॉलिसियां प्राप्त करने के उनके अविश्वसनीय प्रदर्शन को अब मान्यता मिल गई है और यह गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया है।

## झोपड़ी में लगी आग, मासूम की मौत

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** कोचस थाना क्षेत्र के अमौसी डिहरा गांव में शॉर्ट सर्किट से अचानक एक झोपड़ी में आग लग गई। इस हादसे में एक साल के बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान नेपाली कुमार के रूप में हुई है।

## युवक की गला रेतकर हत्या

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** बहादुरपुर थाना क्षेत्र के आंखोपुर गांव में अपराधियों ने गला रेतकर एक युवक की हत्या कर दी। मनका तालाब किनारे से उसका शव मिला है। नशे के विवाद में हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान मोहम्मद गुलजार के तौर पर हुई है। मामले की सूचना पर सिटी एसपी अशोक कुमार, बहादुरपुर और लहेरियासराय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के लिए एफएसएल की टीम को बुलाया गया है।

## बहन की शादी से पहले भाई की मौत

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र के मदूदाबाद गांव स्थित लीची के बगीचे में एक युवक का शव मिला है। आगामी 4 जून को चचेरी बहन की शादी थी। शादी में शामिल होने के लिए गुजरात से वह गांव आया था। मृतक की पहचान अर्जुन कुमार के तौर पर हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## पीएम मोदी के दौरे पर पटना से रोहतास तक अलर्ट

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 29-30 मई के बिहार दौरे को लेकर बिहार पुलिस मुख्यालय ने अलर्ट जारी किया है। यह अलर्ट मुख्यालय के संबंधित वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ ही पटना आईजी एवं पटना और रोहतास के एसपी को भेजा गया है। पुलिस मुख्यालय ने सभी पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री की बिहार यात्रा के दौरान सुदृढ़ एवं त्रुटिहीन सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को डीजीपी विनय कुमार ने पुलिस मुख्यालय में एडीजी (विधि-व्यवस्था) सहित संबंधित सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान सुरक्षा के सभी मानकों को तय समय के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया गया।



# सीएम ने किया जदयू कार्यालय का निरीक्षण, नेताओं और कार्यकर्ताओं से की बात

## ताड़ी पर से प्रतिबंध हटाने की मांग उठी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार की सुबह-सुबह बगैर किसी पूर्व सूचना के अचानक जदयू के प्रदेश कार्यालय पहुंच गए। मुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यालय का निरीक्षण किया और वहां मौजूद नेताओं और कार्यकर्ताओं से बातचीत की। जदयू कार्यालय में मुख्यमंत्री का स्वागत प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने किया। उनके साथ मंत्री अशोक चौधरी भी थे। नीतीश कुमार ने पूरे कार्यालय का निरीक्षण करते हुए पार्टी संगठन की वर्तमान गतिविधियों और संचालन की जानकारी ली। मुख्यमंत्री करीब 10 मिनट तक पार्टी दफ्तर में रहे। इस दौरान पार्टी कार्यालय में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पक्ष में जमकर नारे भी लगे। इसी बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने उनकी पार्टी के एक नेता मुन्ना चौधरी ने मुख्यमंत्री को रोककर ताड़ी पर प्रतिबंध हटाने की गुहार लगाई। मुन्ना चौधरी ने कहा कि यह कई समुदायों की आजीविका का सवाल है। उन्होंने तर्क दिया कि ताड़ी एक पारंपरिक और कम नशीला पेय है जिसे शराब की श्रेणी से अलग रखा जाना चाहिए। चौधरी ने नीतीश कुमार से अपील की कि ताड़ी बेचने की अनुमति देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सहारा दिया जाए। यह मांग उस समय उठी है, जब नीतीश की शराबबंदी नीति पर विपक्षी दल पहले से सवाल उठाते रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुन्ना चौधरी की बात को गंभीरता से लिया। उन्होंने तुरंत कोई फैसला लेने के बजाय जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा को मामले की तह तक जाने और मुन्ना चौधरी के साथ विस्तृत चर्चा करने का निर्देश दिया। मालूम हो कि नीतीश सरकार ने 2016 में शराबबंदी लागू की थी जिसमें ताड़ी पर भी प्रतिबंध शामिल है। नीतीश कुमार की यह नीति उनकी सुशासन छवि का हिस्सा रही है। इसका उद्देश्य सामाजिक बुराइयों को कम करना था। हालांकि, ताड़ी पर प्रतिबंध से बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में कई समुदायों की आजीविका प्रभावित हुई जो इसे पारंपरिक पेय के रूप में बेचते थे। मुन्ना चौधरी की मांग ने इस मुद्दे को फिर से चर्चा में ला दिया है, खासकर तब जब बिहार में विधानसभा चुनाव नजदीक है। ताड़ी पर प्रतिबंध हटाने की मांग जदयू के भीतर ही उठने से नीतीश की शराबबंदी नीति पर सवाल उठ सकते हैं। विपक्ष, खासकर राजद, इस मुद्दे को भुनाने की कोशिश कर सकता है।

# राज्य सरकार बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर पूरी तरह गंभीर : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को कहा कि इस साल वर्षा-बाढ़ का मौसम शुरू होने से पूर्व राज्य के संवेदनशील क्षेत्रों में कटाव निरोधक कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी कड़ी में पश्चिम चंपारण के पुछरिया और भागलपुर के मसाढू गांव के लिए बाढ़ सुरक्षात्मक योजनाओं को प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन दोनों योजनाओं पर कुल 51.90 करोड़ रुपये की लागत आएगी। उन्होंने बताया कि ये दोनों योजनाएं जल संसाधन विभाग द्वारा तैयार की गई है और इनका वित्त पोषण राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष से किया जाएगा। इनमें एक योजना पश्चिम चंपारण के पुछरिया गांव में चंपारण तटबंध के पास कटाव रोकने और पायलट चैनल निर्माण की है। इसकी अनुमानित लागत चौबीस करोड़ पचासी लाख बासठ हजार रुपये है। सम्राट चौधरी ने बताया कि दूसरी योजना भागलपुर जिले के सबौर प्रखंड अंतर्गत गंगा नदी के दाहिने तट पर स्थित मसाढू गांव की सुरक्षा के लिए है। उसकी लागत 27.04.38 करोड़ आंकी गई है।

# अंचल अमीनों तथा पंचायत सचिवों को दिया गया ऑनलाइन प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल के बीच आमजनों के राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित नहीं हों, इस हेतु राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा अंचल अमीनों तथा पंचायत सचिवों को राजस्व कर्मचारियों द्वारा किये जाने वाले कार्यों का प्रशिक्षण सोमवार को विभागीय वीडियो कांफ्रेंस रूम से ऑनलाइन मोड में दिया गया। इसकी अध्यक्षता सचिव जय सिंह ने की। इस प्रशिक्षण सत्र में राज्य के सभी 38 जिलों के अपर समाहर्त्ता (राजस्व) के नेतृत्व में सभी अंचल अमीन व पंचायत सचिव मौजूद रहे। सचिव जय सिंह ने इसकी शुरुआत करते हुए सबसे पहले सभी अपर समाहर्त्ता (राजस्व) से अमीन और पंचायत सचिवों की उपस्थिति की जानकारी ली। इस दौरान सभी जिलों से पर्याप्त उपस्थिति की जानकारी मिली। इसके बाद सचिव श्री सिंह ने कहा कि कैसे काम करना है, आज यह जानकारी दी जा रही है। खुद से काम करने के बाद और समझ बढ़ेगी। उन्होंने सभी अपर समाहर्त्ता (राजस्व)को निर्देश दिया कि सबसे पहले संबंधित अंचल अमीन और पंचायत सचिव को प्रभार देकर हल्का आवंटित कर उनकी आईडी क्रिएट कराई जाएगी। उसे संबंधित अंचल अधिकारी एप्रूव्ड करेंगे। सचिव ने सभी अपर समाहर्त्ताओं को यह भी निर्देशित किया कि अपने जिले में अंचलाधिकारियों के माध्यम से सभी अमीन तथा पंचायत सचिवों के लिये अंचलवार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करें। इसके बाद आईटी मैनेजर आनंद शंकर ने प्रेजेंटेशन प्रस्तुत कर बिहारभूमि पोर्टल पर कार्य करने का तरीका बताया। सभी प्रशिक्षुओं को बताया गया कि विभाग का सारा काम ऑनलाइन है। इस दौरान सभी को डिटेल में पूरे प्रोसेस की जानकारी दी गई।

# शारदीय प्याज से किसानों की आय में होगी वृद्धि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार सरकार किसानों की आय में वृद्धि, कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रभावशाली कदम उठा रही है। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य स्कीम मद से ''शारदीय (खरीफ) प्याज का क्षेत्र विस्तार योजना'' की शुरुआत की गई है जिसके लिए दो करोड़ दो लाख बारह हजार पांच सौ की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# 15 जून तक होगी गेहूं की खरीदारी, 48 घंटे में होगा भुगतान

- इच्छुक किसान ले सकते हैं न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ
- गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य इस वर्ष 2425 रुपये प्रति क्विंटल
- पूरे राज्य में खरीद की प्रक्रिया 1 अप्रैल 2025 से है शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पैक्स या प्रखंड स्तर पर व्यापार मंडलों के माध्यम से बिहार सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद कर रही है। गेहूं बेचने वाले किसानों को 48 घंटों के भीतर भुगतान भी दिया जा रहा है। राज्य सरकार के इस कदम से किसानों को अपनी फसल के लिए एक सुनिश्चित मूल्य मिल रहा है। इसके लिए खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने रबी विपणन मौसम 2025-26 के लिए गेहूं खरीद की घोषणा जारी की है जिसमें किसानों को गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,425 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। यह खरीद प्रक्रिया 1 अप्रैल 2025 से शुरू हो चुकी है और 15 जून 2025 तक चलेगी। किसान अपने गेहूं को पंचायत स्तर पर प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों या प्रखंड स्तर पर व्यापार मंडलों में बेच सकते हैं। इसके अलावे भारतीय खाद्य निगम द्वारा भी कुछ खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं। गेहूं बिक्री के लिए किसानों को पहले कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। इसके बाद सहकारिता विभाग के पोर्टल पर आवेदन जमा कर वे अधिप्राप्ति प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। ऑनलाइन होने वाली इस प्रक्रिया के कारण गेहूं की खरीदारी में पारदर्शिता आई है और बिचौलियों की भूमिका खत्म हो गई है। गेहूं की खरीदारी के माध्यम से राज्य सरकार किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य प्रदान कर रही है। ताकि उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर हो और वे बिचौलियों को कम कीमत पर अपना गेहूं बेचने पर मजबूर न हो। सरकारी गेहूं खरीद की दूसरी सबसे बड़ी विशेषता यह भी है कि बेचे गए गेहूं के बदले किसानों को रूपये का भुगतान भी 48 घंटे के अंदर मिल जा रहा है।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बीमा आयुक्त (पूर्वी क्षेत्र), प्रणय सिन्हा, कर्मचारी राज्य बीमा निगम बीमा, बीमा आयुक्त (मुख्यालय) अनिल कुमार साहू, कर्मचारी राज्य बीमा निगम झारखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स एफो टेको सोलूसन प्रा. लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति टिंकू एस. के. जो विशाखापतनम में हेल्पर के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता पत्नी-बेबी खातून, पुत्री-आलिया खातून, नजमा खातून, नुसरत खातून एवं ईशान एस. के. को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. टिंकू एस. के. की मृत्यु 10-08-2023 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी

# एक्यूप्रेशर एक्ट बनाकर बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज के सानिध्य में हर विधानसभा में होगा काम : नंदकिशोर यादव

## एक्यूप्रेशर चिकित्सा पौराणिक एवं अत्यंत उपयोगी : डा. अजय प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज, भारतीय एक्युप्रेशर योग परिषद् एवं स्वास्थ्य जागरूकता मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 32वां राष्ट्रीय एक्यूप्रेशर / एक्यूपंक्चर सम्मेलन का उद्घाटन अधिवेशन भवन, पटना में दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में विधान सभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने कहा कि हर काम विधानसभा में बीएएसी के माध्यम से पूरा होगा। एक्यूप्रेशर चिकित्सा को पौराणिक एवं अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि डा. अजय प्रकाश की सराहना की। सम्मेलन को संबोधित करते




हुए पर्यावरण मंत्री प्रेम कुमार, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री रामकृपाल यादव, अश्विनी कुमार चौबे ने एक्यूप्रेशर विद्या की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि डा. सर्वदेव प्र. गुप्त, डा. अजय प्रकाश एवं बिहार एक्यूप्रेशर कॉलेज की सराहना की। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए प्रसिद्ध चिकित्सक एक्यूप्रेशर महागुरु डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त ने कहा कि वर्तमान समय में असाध्य समझे जाने वाले रोग, अन्तःस्त्रावी ग्रंथि जनित रोग जैसे फैटी लीवर, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर आदि रोगों की सफल चिकित्सा एक्यूप्रेशर द्वारा की जाती है। यदि सरकार अपने सभी अस्पतालों में एक्यूप्रेशर सेवा प्रारंभ करती है तो जनमानस सरलतापूर्वक स्वस्थ होंगे तथा सरकार का स्वास्थ्य बजट भी बहुत कम हो जायेगा। सम्मेलन संयोजक सह कॉलेज सचिव डा. अजय प्रकाश ने बताया कि समाज के अन्तिम व्यक्ति तक एक्यूप्रेशर चिकित्सा का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम संस्थान द्वारा संचालित हो रहे हैं। सरकार द्वारा एक्यूप्रेशर एक्ट बनाने हेतु 2019 में किया गया अनुमोदन को मूर्तरूप देना होगा। श्रीलंका ओपेन यूनिवर्सिटी के डा. श्रीप्रकाश बरनवाल ने बताया कि एक्यूप्रेशर भारत से ही सम्पूर्ण विश्व में गया है, बीएवाईसी कॉलेज के माध्यम से सात देशों में संस्थान स्थापित कर शिक्षण एवं चिकित्सा कार्य संचालित किया जा रहा है।

# बीएम बिड़ला हार्ट हॉस्पिटल में पहली सफल डबल स्विच हार्ट सर्जरी सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** पूर्वी भारत में पहली बार कोलकाता के बीएम बिरला हार्ट हॉस्पिटल में पश्चिम बंगाल के 6 वर्षीय बच्चे की एक अत्यंत दुर्लभ और जटिल हृदय सर्जरी सफलतापूर्वक की गई जिससे उसे जीवन का नया अवसर मिला। यह बच्चा जन्म से ही एक गंभीर और दुर्लभ जन्मजात हृदय दोष से पीड़ित था जिसे 'कंजेनिटली करेक्टेड ट्रांसपोजिशन ऑफ द ग्रेट आर्टरीज कहा जाता है। इस स्थिति में हृदय की आंतरिक संरचना पूरी तरह उलटी होती है। बच्चे के हृदय में दाईं आलिंद (राइट एट्रियम) का संबंध बाईं निलय (लेफ्ट वेंट्रिकल) से था और बाईं निलय का संबंध पल्मोनरी आर्टरी से – जो सामान्य संरचना के विपरीत है। इसके साथ-साथ उसे अन्य जटिलताएं भी थीं, जैसे त्रिकपर्दी वाल्व (ट्राइकसपिड वाल्व) का रिसाव, पल्मोनरी स्टेनोसिस (फेफड़ों की धमनी में रुकावट) और हृदय में छेद (वेंट्रिकुलर सेप्टल डिफेक्ट)। इस बच्चे को एक साल की उम्र में यह बीमारी पहचान में आ गई थी, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण उसका इलाज लंबे समय तक नहीं हो सका। उसके माता-पिता सालों तक एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल जाते रहे, इलाज की उम्मीद में। हाल ही में उसकी हालत और बिगड़ने लगी – सांस फूलना और शरीर में ऑक्सीजन की कमी जैसे लक्षण सामने आने लगे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे की तैयारियों में जुटी भाजपा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। पीएम मोदी बिहार के दो-दिवसीय दौरे पर 29 मई को पटना आने वाले हैं। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी का बिहार दौरा कई मायनों में अहम माना जा रहा है। पीएम का यह दौरा कहीं न कहीं विपक्ष के टेंशन को बढ़ा सकता है। ऐसे में राजद प्रमुख लालू यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव लगातार पीएम मोदी के दौरे पर निशाना साध रहे हैं। उनका दावा है कि बिहार की जनता इस बार बदलाव चाहती है। लालू यादव ने दावा किया था कि बिहार में इस बार तेजस्वी की सरकार बनेगी। वहीं दूसरी ओर एनडीए अपने कार्यकाल को बरकरार रखने के लिए कोशिश में लगी हुई है। इसी कड़ी में पीएम मोदी 29 मई को दो पटना पहुंच रहे हैं। उनके आगमन को लेकर राजधानी पटना में सुरक्षा और स्वागत की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री पटना एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सीधे भाजपा के प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे जहां पार्टी के सांसदों, विधायकों, विधान पार्षदों और प्रदेश पदाधिकारियों के साथ अहम बैठक करेंगे। बैठक में प्रधानमंत्री एनडीए की क्षेत्रीय स्थिति को लेकर नेताओं से फीडबैक लेंगे और आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा करेंगे। बैठक में बूथ स्तर की तैयारियों, जनसंपर्क अभियानों और प्रवास कार्यक्रमों की समीक्षा भी की जाएगी। भाजपा ने प्रधानमंत्री के दौरे को सफल बनाने के लिए आठ टीमों का गठन किया जो रोड शो, वाहन व्यवस्था, पार्किंग, भोजन और आतिथ्य सहित विभिन्न प्रबंधों को अंतिम रूप देंगी। एयरपोर्ट से भाजपा कार्यालय तक के रूट पर स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं। जगह-जगह भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के काफिले पर पुष्पवर्षा करेंगे। महिला कार्यकर्ता आरती उतारेंगी और देशभक्ति से जुड़े बैनर-पोस्टर लगाए जाएंगे। प्रदेश भाजपा प्रधानमंत्री की यात्रा को राजनीति से ऊपर उठाकर देशभक्ति के रूप में प्रस्तुत करने की योजना पर काम कर रही है।

# भारतीय खाद्य निगम कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय महासचिव जहीर अहमद दो दिवसीय दौरे पर आए बिहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय खाद्य निगम कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय महासचिव जहीर अहमद का बिहार में दो दिवसीय कार्यक्रम में आगमन हुआ। उनके साथ राष्ट्रीय समिति के कोषाध्यक्ष अनुपम कृष्ण पटेल भी दौरे पर आये हुए हैं। बिहार आगमन में आज क्षेत्रीय कार्यालय, पटना और मंडल कार्यालय, पटना में उनके द्वारा कर्मचारियों को संबोधित किया गया। कल मंडल कार्यालय, मोतिहारी और मुजफ्फरपुर में कार्यक्रम आयोजित है। जहीर अहमद द्वारा सभा को संबोधित करते हुए पिछले 25 वर्षों से भारतीय खाद्य निगम में राष्ट्रीय स्तर



पर मान्यता जारी रहने के पीछे संघ के शीर्ष नेतृत्व द्वारा किये गए संघर्ष और त्याग के बारे में जानकारी दी गयी। संघ द्वारा बड़ी उपलब्धि के रूप में अब तक का सबसे बेहतरीन वेतन पुनरीक्षण, विभागीय परीक्षा का प्रारंभ, मैनेजमेंट द्वारा 22 (2) रेगुलेशन के दुरुपयोग द्वारा लोगों को नौकरी से बाहर निकालने पर रोक लगाना, निगम में पेंशन और सेवा उपरांत मेडिकल सुविधा, दिव्यांग लोगों के लिए डबल ट्रांसपोर्ट सुविधा, कैट-2 के यूनियन का सदस्य जारी रखने को न्यायालय से विजय प्राप्त करना, यूनियन से एजी-आई को बाहर निकलने की मंशा पर रोक, कोरोना काल में मृतक कर्मचारियों के परिवारजनों के लिए एकमुश्त अलग भुगतान सुविधा, नयी ट्रान्सफर पालिसी में न्यायालय द्वारा निर्देशानुसार बड़े पैमाने पर परिवर्तन और अभी पिछले सप्ताह में कैट-3 एवं 4 के लिए दौरे पर जाने पर होटल की सुविधा और वार्षिक वेतन वृद्धि के असमान तिथि से देने को सही करने के लिए बोर्ड ऑफ डायरेक्टर से अनुमोदन करवाने जैसे उपलब्धियों पर जानकारी दी गयी। आने वाले दिनों में लीज सुविधा, अनुकंपा पर बहाली, पूर्व सैनिकों को वेतन सुरक्षा जैसे मांगों के लिए संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया गया। इस मौके पर भारतीय खाद्य निगम कर्मचारी संघ के बिहार प्रक्षेत्र के शशि रंजन कुमार, अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र, क्षेत्रीय सचिव, विक्की कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एससी-एसटी एसोसिएशन, चन्दन कुमार, अध्यक्ष, ओबीसी एसोसिएशन, रमेश प्रसाद, सचिव, एससी-एसटी एसोसिएशन, विवेकानंद, सचिव, ओबीसी एसोसिएशन सहित भारी संख्या में पूरे बिहार से आये कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# इंदिरा आइवीएफ पटना में 20 साल बाद मां बनने का सपना हुआ साकार

## 16 बार आइवीएफ असफलताओं के बाद मिली संतान सुख की खुशखबरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के औरंगाबाद जिले की एक 39 वर्षीय महिला ने इंदिरा आइवीएफ पटना में सफल गर्भधारण कर एक मिसाल कायम की है। यह सफलता तब मिली जब वह पिछले 20 वर्षों से संतान की प्रतीक्षा में थीं और बिहार के विभिन्न आइवीएफ केंद्रों में 16 बार आइवीएफ उपचार में असफल हो चुकी थीं। यह कहानी न केवल विज्ञान की शक्ति को दर्शाती है, बल्कि यह भी प्रमाणित करती है




कि उम्मीद और सही चिकित्सकीय मार्गदर्शन से असंभव भी संभव हो सकता है। लगातार असफलताओं और भावनात्मक संघर्षों के बाद जब दंपत्ति इंदिरा आईवीएफ पटना पहुंचे तो वहां के विशेषज्ञों डॉ. दयानिधि कुमार (भ्रूण वैज्ञानिक और बिहार प्रमुख, इंदिरा आईवीएफ ग्रुप) और डॉ. सुनीता कुमारी (सीनियर फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट) ने इस केस को एक चुनौती के रूप में लिया। दोनों पति-पत्नी की गहन जांच के बाद कुछ बेहद अहम और अब तक अनदेखे कारण सामने आए। महिला की जांच में एंडोमेट्रियल रिसेप्टिविटी (गर्भाशय की स्वीकार्यता) में बदलाव पाया गया, जो ईरा (एंडोमेट्रियल रिसेप्टिविटी असेसमेंट) टेस्ट से पता चला। इसका मतलब था कि पूर्व में किए गए आईवीएफ प्रयासों में भ्रूण स्थानांतरण गलत समय पर हुआ था। इसके साथ ही पुरुष साथी के शुक्राणु में डीएनए फ्रेगमेंटेशन की दर अधिक पाई गई,

# तेजप्रताप यादव के प्रेम प्रसंग को लेकर मांझी ने किया नया खुलासा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े लाल और पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव के प्रेम प्रसंग का मामला सामने आने के बाद लालू परिवार के साथ-साथ बिहार के सियासी गलियारे में खलबली मची हुई है। लोगों के मन में बार-बार यह सवाल उठ रहा है कि तेजप्रताप यादव अब क्या करेंगे? इस बीच तेजप्रताप यादव मामले में एक और नया एंगल जुड़ गया है। दरअसल, तेजप्रताप की अब एक और गर्लफ्रेंड की चर्चा शुरू हो गई है जिनका नाम निशु सिन्हा बताया जा रहा है। इसको लेकर केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने एक ट्वीट कर कहा था कि कहीं ऐसा तो नहीं है कि किसी 'सिन्हा' के चक्कर में लालू परिवार अनुष्का यादव की जिंदगी भी बर्बाद करवा दे। इसके साथ ही तेज प्रताप मामले में लालू यादव के फैसले पर जीतन राम मांझी ने सवाल उठाते हुए पूछा है कि लालू प्रसाद आज संस्कार और मर्यादा की बात करते हुए तेज प्रताप पर कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन जब राबड़ी देवी ने ऐश्वर्या राय को पीटा था, तब क्या कार्रवाई हुई थी? मांझी ने कहा है कि जब दारोगा बाबू की पोती और चंद्रिका राय की बेटी को बेरहमी से घर से निकाला जा रहा था, उस वक्त आपके संस्कार क्यों नहीं जागे? ऐश्वर्या को मारकर घर से बाहर निकालने वालों को आप परिवार से अलग कर देते, पार्टी से निष्कासित करने का आदेश जारी कर देते, तब न आपकी मर्यादा और संस्कार की बात मानी जाती। उन्होंने कहा कि दारोगा बाबू की पोती ऐश्वर्या के साथ जो लालू परिवार ने किया है, उसका बदला आने वाले चुनाव में बिहार की हर महिला लेकर रहेगी। जीतन राम मांझी ने शनिवार को यह भी कहा था कि तेजप्रताप जब किसी के साथ रिलेशनशिप में थे तो फिर किसी लड़की की जिन्दगी बर्बाद करने का अधिकार लालू परिवार को किसने दिया। इसका जवाब लालू परिवार को देश के सामने देना होगा वहीं, तेजप्रताप यादव को पार्टी से निकाले जाने के लालू यादव के फैसले पर जदयू और भाजपा ने लालू के फैसले पर सवाल उठाए हैं। जदयू के मुख्य प्रवक्ता एवं विधान पार्षद नीरज कुमार ने इसे लालू परिवार की पुरानी आदत करार देते हुए कहा कि पोस्ट डिलीट करना और सफाई देना राजद की रणनीति है।

# पीपीयू में आठ जून तक किये जाएंगे स्नातक नामांकन के लिए आवेदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) स्नातक नियमित सत्र 2025-2029 में नामांकन आवेदन के लिए अब आठ जून तक ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। उच्च शिक्षा निदेशक के पत्र के आलोक में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय ने आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। कुलपति डा. इंद्रजीत सिंह के निर्देश के बाद डीएसडब्ल्यू प्रो. राजीव रंजन ने अधिसूचना जारी कर दी है। कुलसचिव प्रो. एनके झा ने बताया कि 23 मई को उच्च शिक्षा निदेशक ने स्नातक में नामांकन के लिए तिथि बढ़ाने का आग्रह किया था। इसके बाद आठ जून तक तिथि विस्तारित कर दी है। उन्होंने बताया कि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के नालंदा एवं पटना जिले में अवस्थित अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों में नामांकन के लिए अभ्यर्थी विवि के वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन आठ जून तक दे सकते हैं। इससे पूर्व 24 मई तक आवेदन की अंतिम तिथि निर्धारित थी। नामांकन की विस्तृत सूचना बाद में दी जाएगी।

**रविवार व छुट्टी के दिनों में भी होगी नामांकन प्रक्रिया**

डीएसडब्ल्यू प्रो. राजीव रंजन ने बताया कि रविवार एवं छुट्टी के दिनों में भी नामांकन प्रक्रिया होंगी। इसके लिए सभी कालेजों को निर्देशित किया गया है। नामांकन के समय एनआरआइ, वार्ड, डोनर, खेल, फाइन आर्ट, एनसीसी, एनएसएस, आर्मी, एक्स आर्मी के लिए भी कोटा निर्धारित किया गया है।

# लालू परिवार ने जिंदगी बर्बाद कर दी : ऐश्वर्या राय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** तेजप्रताप-अनुष्का प्रकरण के बाद लालू परिवार विवादों में घिर गया है। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव का प्रेम प्रसंग अब राजनीतिक मुद्दा बनता जा रहा है। एनडीए के नेताओं ने इसको लेकर लालू यादव के खिलाफ तो मोर्चा खोल ही दिया है। अब तेजप्रताप यादव की पत्नी ऐश्वर्या राय ने भी खुलकर अपनी बात रखी है। अब तक मीडिया से दूरी बनाए रखी ऐश्वर्या ने सोमवार को मीडिया से खुलकर बातें की। उन्होंने कहा कि वह इस मामले को कोर्ट में ले जाएंगी। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद और राबड़ी देवी ने उनकी जिंदगी बर्बाद कर दी जब उन्हें पता था कि उनका बेटा 12 साल से रिलेशन में है तो उसकी शादी क्यों कराई? क्या ये लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को पता नहीं था? ये लोग नाटक कर रहे हैं कि तेजप्रताप को निकाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुझे इस मामले की जानकारी मीडिया से मिली। मैं बहुत दुखी हूं। पूरा परिवार तेजप्राप यादव के साथ है। लालू यादव सामाजिक न्याय की बात कहकर ड्रामा कर रहे हैं। ऐश्वर्या ने कहा कि मुझे जब मारा-पीटा गया था तब लालू यादव का सामाजिक न्याय कहां था। उन्होंने लालू फैमिली को ड्रामेबाज बताते हुए कहा कि जब मुझे पीटा गया तो ये लोग कहां थे? तब सामाजिक न्याय कहां था? हर बार मुझे कसूरवार ठहराया गया, लालू परिवार बताए मेरा क्या होगा? आज ड्रामा कर रहे हैं, पर मेरी तकलीफ पर सब चुप थे। उन्होंने कहा कि यह परिवार खुद को इतना पावरफुल समझता है कि उन्हें लगता है कि कोई कुछ नहीं कर सकता है। ये लोग बार-बार मुझे बदनाम करने की कोशिश करते हैं। तेज प्रताप के परिवार से बेदखल किए जाने को ऐश्वर्या ने नाटक बताते हुए कहा कि राबड़ी देवी बेटे के पास गई होंगी और कहा होगा कुछ दिन चुप रहो। बाद में सब मिल जाएंगे। वह कह रहे हैं कि सामाजिक न्याय के लिए बेटे को परिवार से हटाया। वहीं, एलिमनी में बड़ी राशि की डिमांड को ऐश्वर्या ने गलत बताते हुए कहा कि वह लोग हर मामला मेरे ऊपर डाल देते हैं।

# प्रधानमंत्री की जनसभा को सफल बनाने हेतु डॉ. प्रेम कुमार का जनसंपर्क अभियान

## कैमूर के चारों विधानसभा क्षेत्रों में की लोगों से अपील -देश के दुश्मनों को दिखाएं एकजुटता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** बिहार के बिक्रमगंज में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली जनसभा को सफल बनाने के लिए बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कैमूर जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न गांवों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे 30 मई को बड़ी संख्या में बिक्रमगंज पहुंचकर मोदी जी की सभा को ऐतिहासिक बनाएं। जनसम्पर्क के दौरान डॉ. कुमार ने कहा कि देश आज एक ऐसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है, जो दिन-रात राष्ट्र सेवा में समर्पित हैं। उन्होंने कहा मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने 12वीं से 5वीं और अब विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का स्थान प्राप्त कर लिया है। हाल ही में संपन्न 'ऑपरेशन सिंदूर' ने भारत की सैन्य शक्ति को विश्व के सामने प्रदर्शित किया है और यह दिखा दिया है कि भारत अब केवल सहन नहीं करता, बल्कि जवाब देना भी जानता है। डॉ. कुमार ने कहा कि भारत अब मोबाइल निर्माण में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा केंद्र बन गया है। दूध उत्पादन के क्षेत्र में भी भारत ने वैश्विक बाजार में अपनी विशेष पहचान बना ली है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी केवल एक नेता नहीं, बल्कि देश के नायक हैं। उनका लक्ष्य भारत को फिर से विश्व गुरु बनाना है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा हम सब एकजुट होकर 30 मई को बिक्रमगंज पहुंचें और मोदी जी के साथ खड़े होकर देश के भीतर और बाहर के दुश्मनों को यह संदेश दें कि भारत एकजुट है, मजबूत है और अपने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरी तरह से विश्वास रखता है। डॉ. कुमार के इस जनसंपर्क अभियान में स्थानीय कार्यकर्ताओं व भाजपा समर्थकों की बड़ी भागीदारी रही। गांव-गांव जाकर लोगों को सभा में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया और प्रधानमंत्री के कार्यों की जानकारी भी साझा की गई। सभा की तैयारी जोरों पर है और जनभागीदारी को लेकर कार्यकर्ता पूरी तन्मयता से जुटे हुए हैं।

# भोजपुरी को संवैधानिक दर्जा और शाहाबाद को कमिश्नरी बनाया जाए : अखिलेश

- पीएम मोदी से शाहाबाद के लिए उठायी मांग
- ऐतिहासिक सांस्कृतिक विरासत की हुई है उपेक्षा
- पर्यटन हब बनाने के लिए नहीं हुआ सार्थक प्रयास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति ने प्रधानमंत्री के विक्रमगंज आगमन का स्वागत करते हुए भोजपुरी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कर इसे संवैधानिक दर्जा देने तथा शाहाबाद प्रक्षेत्र को बिहार का 10वां कमिश्नरी बनाने की मांग की है। सोमवार को बिक्रमगंज स्थित होटल राणा सागर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान समिति के संयोजक अखिलेश कुमार ने कहा कि पीएम का शाहाबाद की धरती पर बिक्रमगंज में आगामी 30 मई के आगमन को लेकर यहां के लोगों में उम्मीदें जगी है कि उनके द्वारा इस क्षेत्र के 'माई भाषा भोजपुरी' को आठवीं अनुसूची में शामिल कर उसे संवैधानिक दर्जा देने की घोषणा करेंगे। साथ ही साथ मंच पर उपस्थित बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के माध्यम से शाहाबाद को बिहार के 10वां कमिश्नरी बनाने की घोषणा भी कराएंगे। अखिलेश कुमार ने कहा कि आजादी के पहले से बिहार में कुल 11 जिला था इसमें 9 जिलों को कमिश्नरी बना दिया गया, लेकिन शाहाबाद को आज तक कमिश्नरी का दर्जा नहीं मिला। उन्होंने कहा कि शाहाबाद प्रक्षेत्र बिहार का सबसे साक्षर जिला के साथ वर्तमान मुंगेर, सारण दोनों कमिश्नरी से भी क्षेत्रफल और आबादी में अधिक है। साक्षरता दर तथा राजस्व देने में भी अव्वल है। इसके बावजूद इस क्षेत्र के साथ अभी तक नाइंसाफी हुई है।

अखिलेश कुमार ने कहा कि नरेंद्र मोदी जहां भी देश विदेश के भोजपुरी भाषी क्षेत्र में जाते हैं तो भाषण की शुरुआत तो भोजपुरी में जरूर करते हैं, लेकिन उसे अभी तक संवैधानिक दर्जा नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन गृह मंत्री व वर्तमान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 12 नवंबर 2016 को घोषणा किए थे कि भोजपुरी संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल होने वाला देश का 23वीं भाषा होगा, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी सैद्धांतिक सहमति दे चुके हैं और आदेश भी जल्द जारी हो जाएगा, लेकिन इस घोषणा के करीब 10 वर्ष बाद भी इसे संवैधानिक दर्जा नहीं मिल पाया है जिससे भोजपुरी भाषियों में निराशा है। शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक ने कहा कि शाहाबाद प्रक्षेत्र का ऐतिहासिक सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत बड़ा हीं गौरवशाली रहा है और यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, यहां तक कि भगवान राम को शस्त्र चलाने तथा और शास्त्र की शिक्षा इसी शाहाबाद की धरती पर महर्षि विश्वामित्र ने दिया था, इसके बावजूद इसे न तो रामायण सर्किट से जोड़ा गया और न हीं यहां पर्यटकीय सुविधाएं विकसित की गई जबकि देश के प्रमुख पर्यटन स्थल सारनाथ-वाराणसी तथा बोधगया-राजगीर के बीचो-बीच यह क्षेत्र अवस्थित है जहां पर्यटकीय सुविधाएं विकसित करने से एक तरफ 'लोकल को भोखल' बनाने का सपना साकार होगा और स्वरोजगार के दरवाजे खुलेंगे वहीं दूसरी तरफ हमारे गौरवशाली ऐतिहासिक सांस्कृतिक विरासत से देश दुनिया को अवगत होने का भी अवसर मिलेगा। शिक्षाविद् अमरेन्द्र राजेश ने कहा कि भारत हीं नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर भोजपुरी भाषी लोगों ने अपनी भाषा को स्थापित किया है,

# दस दिवसीय बालिका शिक्षा चौपाल कार्यक्रम संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** बेटियों को 12वीं कक्षा तक शिक्षा ग्रहण की आवश्यकता के लिए समृद्धि संस्था द्वारा मंत्रा फॉर चेंज के सहयोग से 16 मई 2025 से रोहतास जिला के विभिन्न प्रखंडों में 'बालिका शिक्षा जागरूकता चौपाल' कार्यक्रम का लगातार संचालन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रोहतास जिला के सासाराम, शिवसागर, चेनारी, करगहर तथा डिहरी प्रखण्ड के 150 गांवों में सफलता पूर्वक संचालित किया गया। इस दौरान कुल 300 बैठकें आयोजित की गयी। अभियान के समापन के अवसर पर समृद्धि संस्था की सचिव तारा सिंह द्वारा बताया गया कि रोहतास जिला में आज भी बाल विवाह हो रहा है यह बहुत ही दुखद है। बाल विवाह का मूल कारण शिक्षा का अभाव है। खासकर अति पिछड़ा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति और मुस्लिम वर्ग की बच्चियों में शिक्षा का अभाव पाया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में बच्चियों को 12 वीं कक्षा तक की शिक्षा अनिवार्य रूप से पूरा करने तथा बच्चियों की 18 वर्ष से कम उम्र में शादी नहीं करने हेतु माताओं और दीदियों द्वारा शपथ लिया गया। बच्चियों की शिक्षा के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय, पिछड़ावर्ग बालिका आवासीय विद्यालय इत्यादि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए सरकार द्वारा शिक्षा को प्रोत्साहित करने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गयी। जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत अपनी समस्याओं से सरकार को अवगत कराते रहने की जरूरत को भी आवश्यक बताया गया ताकि सरकार को वस्तु स्थिति की जानकारी होते रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लगातार सक्रिय रूप योगदान देने वाली कार्यकर्ताओं मालती देवी, उमरावती देवी, कुमारी मीना, सरिता देवी, चन्दा देवी, मीना देवी, उर्मिला देवी, गीता देवी, कृष्णावती देवी, इंदु देवी, किरण देवी, गुड़िया देवी, डिम्पल देवी, शबनम खातून इत्यादि समस्त कार्यकर्ताओं, स्वयं सेवकों और सहयोगियों को सचिव द्वारा आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# प्रधानमंत्री ने बिहार के विकास के लिए खोला खजाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** बिहार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल में बसता है, तभी तो उन्होंने बिहार के विकास के लिए देश का खजाना खोल दिया है। 29 और 30 मई को प्रधानमंत्री दो दिवसीय बिहार यात्रा पर बिहार आ रहे हैं। उनकी यह यात्रा बिहार के प्रगति की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। पहलगाम में हुई आतंकी घटना के पश्चात प्रधानमंत्री मोदी पहली बार बिहार के मधुबनी में आए थे और उन्होंने मिथिला की पावन धरती से आतंकवादियों और उनके सरपरस्तों को मिट्टी में मिला देने की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिस तरह से पाकिस्तान में बैठे आतंकियों पर करारा प्रहार कर उन्हें छठी का दूध याद दिला दिया, यह साबित करता है कि हमारे देश का नेतृत्व आज सुरक्षित हाथों में है। यह बदलता हुआ भारत है जो शांति का संदेश वाहक है, परंतु यदि गलती से भी हमें कोई आंखें दिखाएगा तो हम अपनी अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने के लिए उसे करारा जवाब देने में भी सक्षम है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पश्चात बिहार आ रहे प्रधानमंत्री के स्वागत में संपूर्ण बिहारवासी पलक पांवड़े बिछाकर उनके स्वागत और अभिनंदन के लिए तैयार हैं। 30 मई 2025 को प्रधानमंत्री का आगमन विक्रमगंज में हो रहा है। इस दौरान वह राज्य की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे उनकी एक सभा भी होगी इस सभा में आने वाली जनता के लिए 10 लाख वर्ग फीट का एक पंडाल तैयार कराया जा रहा है जो देश में सबसे बड़ा पंडाल होगा और हमें अनुमान है कि 6 से 7 लाख लोग प्रधानमंत्री की इस सभा में उपस्थित होंगे। प्रधानमंत्री इस दौरान पटना गया डोभी खंड के फोर लेन और एन एच 27 पर गोपालगंज नगर में एलिवेटेड हाईवे एवं ग्रेड सुधार 4 लेनिंग का उद्घाटन करेंगे जिसकी कुल परियोजना लागत लगभग 5768 करोड़ रुपए होगी। प्रधानमंत्री नबीनगर एस टी पी पी सी स्टेज 2 800 मेगावाट की तीन परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे जिसकी परियोजना लागत 29948 करोड़ रूपये होगी। प्रधानमंत्री इस दौरान तीन रेलवे परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे जिसकी कुल परियोजना लागत 853 करोड़ होगी। इस प्रकार कुल 36569 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं राष्ट्र को समर्पण होगा। साथ ही प्रधानमंत्री बिहार के विकास के लिए कुल 6 सड़क परियोजनायों का शिलान्यास करेंगे जिसकी कुल लागत 12304.82 करोड़ रुपए होगी। इसमें रामनगर कच्ची दरगाह सिक्स लाइन ग्रीन फील्ड रोड, बक्सर भरौली के बीच गंगा जी पर पुल, पटना आरा सासाराम खंड का फोरलेन, किशनगंज बहादुरगंज खंड का फोर लेनिंग ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट, वाराणसी रांची कोलकाता खंड का सिक्स लेनिंग (पैकेज 2,3,6 एवं 7) सहित रेलवे की दो परियोजनाएं भी शामिल हैं। इनमें हार्डिंग पार्क में पांच टर्मिनल प्लेटफॉर्म का निर्माण और पुसौली मुथानी कर्मनाशा के बीच फुट ओवर ब्रिज के भी निर्माण का शिलान्यास कार्यक्रम है। इन परियोजनाओं से बिहार की प्रगति की रफ्तार तेज होगी, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा और उद्योग धंधे भी बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री द्वारा इस प्रकार 30 मई 2025 को कुल 36569 करोड़ रुपए की सड़क, बिजली और रेल की परियोजनाओं का उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पण होगा। साथ ही एन एच और रेल की कुल 12410 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया जाएगा। मौके पर प्रदेश महामंत्री डॉ शरद चंद संतोष, जदयू जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष पटेल, कपिल कुशवाहा सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# चोरी की दो मोबाइल के साथ गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन के सहायक उप निरीक्षक हरेराम कुमार तथा सीडीएस टीम गया के उप निरीक्षक मुकेश कुमार, साथ प्रधान आरक्षी अमरेंद्र कुमार, आरक्षी सुनील कुमार एवं आरक्षी अमित कुमार रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन सोन पर गश्त व आपराधिक गतिविधि निगरानी कर रहे थे उसी दौरान प्लेटफार्म संख्या 04/05 के पूर्वी छोर पर एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था जाते हुए देखा गया जिसे रोककर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम प्रकाश कुमार, उम्र 19 वर्ष, पिता राजू चौधरी, ग्राम पाली सुभाष नगर वार्ड नंबर 14, थाना डिहरी नगर, जिला रोहतास (बिहार) बताया तथा उक्त व्यक्ति की तलाशी लेने पर चोरी के 02 अदद एंड्राइड मोबाइल बरामद हुआ इसके संबंध में पूछने पर उसने बताया कि दोनों मोबाइल को अलग-अलग ट्रेन में यात्री का चोरी किया हूं।

# पीएम श्री मध्य विद्यालय में भारतीय भाषा समर कैंप का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय शिवगंज पीएम श्री मध्य विद्यालय में भारतीय भाषा समर कैंप 2025 का समापन सोमवार को किया गया। समापन पर माता-पिता एवं अभिभावकों को उनके बच्चों के उपलब्धियों के बारे में बताया गया। उनके द्वारा किए गए कार्यों से अवगत कराने का कार्य विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लिए तथा छात्रों को सम्मानित करने का कार्य किया गया। छात्राओं के द्वारा लोक नृत्य झिझिया की प्रस्तुति भी की गई। प्रभारी शिक्षक सतीश कुमार के नेतृत्व में समापन समारोह संपन्न हुआ। श्री कुमार ने बताया कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में बौद्धिक विकास होती है। मौके पर शिक्षक चंचल द्विवेदी, प्रेमचंद प्रसाद, नरेश प्रसाद, सुजाता प्रसाद, मोनू गुप्ता, चिंतामणि कुमारी, नसरीन, विभा कुमारी ने बच्चों से प्रश्नोत्तरी पूछने का कार्य किया। बच्चों में काफी उत्साह था। छात्रों को प्रमाणपत्र दिया गया।

# पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने की वटवृक्ष की पूजा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सोन नदी तट स्थित झारखंडी मंदिर के परिसर में सौभाग्य की मंगलकामना के लिए सोमवार को सुहागिनों ने वट सावित्री व्रत कर पूजन अनुष्ठान किया। अनुमंडल क्षेत्रों में पारंपरिक श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ वट सावित्री पूजन मनाया गया। सुबह से ही सुहागिनों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। सुहागिनों ने अपने पति की दीर्घायु के लिए सौभाग्य सूचक वट वृक्ष का पूजन और परिक्रमा कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। पूजन के लिए शहर के कई मंदिरों सहित विभिन्न चौक-चौराहों पर स्थित वट वृक्षों के नीचे सुहागिनों की भीड़ उमड़ने लगी। सुहागिनें पूरे श्रृंगार और पूजन सामग्री, मौसमी फल, मिठाई लेकर पहुंचीं। शुभ मुहूर्त लगते ही सोलह श्रृंगार से सजी सुहागिनों ने वट वृक्ष के तने में रक्षा सूत्र बांधा और वट वृक्ष की परिक्रमा की। इस मौके पर सुहागिनों ने पति की दीर्घायु तथा वंश वृद्धि की कामना की। यह पूजा उन महिलाओं के लिए खास रही जिनकी शादी इसी वर्ष हुई थी। तमाम सुहागिनों ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर पूजा की। इस अवसर पर सुहागिनों ने सावित्री-सत्यवान की कथा को भी सुना। पूजन समापन के बाद सुहागिनों ने अपने निर्जला व्रत का पारण किया।

# महुआ शराब के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के दुर्गावती नदी के इमली घाट से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 25 लीटर महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त जगह पर शराब की बिक्री की जा रही है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 21.05.2025,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/I, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएँ ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन-31-25-26, कार्य का नाम:** स्पैन नं. 5, 6 एवं 7 के लिए ब्रिज नं. 13 सीसीआर की सैंड ब्लास्टिंग एवं मेटलाइजिंग के लिए प्रावधान। **निविदा मूल्य : रु.** 4,33,37,665.50, **बयाना राशि :** रु.3,66,700/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 13.06.2025 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि:** 18 (अठारह) माह। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 13.06.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। SDAH-63/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# मेगा शिविर में 70 मरीजों की हुई बीएमडी जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**भभुआ।** जिला मुख्यालय कचहरी सड़क में ब्लॉक के पास सोमवार को बीएमडी का मेगा शिविर का आयोजन हुआ जिसमें 70 मरीजों की जांच की गयी। शिविर में यूनिस्टार बायोटेक लिमिटेड ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कंपनी के एएसएम धन्नंजय कुमार व टीम के सदस्यों ने मरीजों को हरसंभव सहायता किया। कंपनी द्वारा मरीजों के हड्डी की जांच के बाद उन्हें हड्डी को मजबूत रखने के लिए कई सुझाव दिए गए। डा आशीष कुमार झा ने जोड़ों के दर्द, पीठ दर्द के अलावे महिलाओं को भी कमजोर हड्डी से होने वाले रोगों व उनके उपचार के लिए सरल तरीके बताए गए।

# बिजली चोरी मामले में 9 लोगों पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर बिजली विभाग की टीम ने नौ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई। रामेश्वर सिंह पर 19,067, सुदामा सिंह पर 33,534, हरिहर सिंह पर 64,649, नारायण पाल पर 36,957 का अर्थदंड लगाया गया। चारों उर्दा गांव के निवासी हैं। लोधी निवासी नंदलाल तिवारी पर 69,842, खदौली निवासी फिरोज खान पर 42,911, दतौली निवासी गोविंद पाल पर 17,970, हनुमान पाल, धनजी पाल पर 26,712 व धनजी पाल पर 48,025 की राशि का अर्थदंड लगाया गया है। बिजली विभाग का कहना है कि सभी लोग अवैध रूप से टोका फंसा कर बिजली का उपयोग कर रहे थे। इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि विभाग के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# 125 छात्राओं को दिया गया एचपीवी का टीका

## कैंसर से बच्चियों को बचाव के लिए चलायी जा रही योजना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कुदरा।** मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना के तहत आई एम ए जिला इकाई कैमूर व जिला प्रतिरक्षण इकाई कैमूर के संयुक्त तत्वावधान में जहानाबाद मिडिल स्कूल में शिविर का आयोजन हुआ जिसमें बच्चेदानी के मुख कैंसर से बचाव हेतु 9 वर्ष से 14 वर्ष की बच्चियों को टीका दिया गया। हेडमास्टर अरुण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि उनके आग्रह पर आई एम ए राज्य कई के सचिव डॉक्टर संतोष कुमार सिंह व आई एम ए कैमूर जिला इकाई के अध्यक्ष डॉ दिनेश्वर कुमार सिंह उर्फ मंटू जी के प्रयासों के फलस्वरुप इस शिविर का आयोजन संभव हो पाया। सोमवार को शिविर में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी तथा आई एम ए जिला इकाई के अध्यक्ष डॉ दिनेश्वर कुमार सिंह, डॉक्टर संजय सिंह, एएनएम पूनम कुमारी, एएनएम सिंधु कुमारी तथा डाटा ऑपरेटर मोहम्मद अफरोज अंसारी उपस्थित थे। विद्यालय में अध्यनरत 9 वर्ष से 14 वर्ष की आयु के कुल 125 छात्राओं को एचपीवी से बचाव हेतु टीका लगाया गया। आई एम ए के जिला अध्यक्ष डॉ दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि गर्भाशय कैंसर से बचाव व जागरूकता हेतु बिहार सरकार की यह एक अच्छी पहल है जिसके तहत सभी बच्चियों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आई एम ए जिला स्वास्थ्य इकाई के संयुक्त प्रयास से कई विद्यालयों में टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जा चुका है। आने वाले भविष्य में अन्य स्कूलों व संस्थाओं में भी इस तरह के शिविर आयोजित होते रहेंगे। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने बताया कि गर्भाशय कैंसर के खतरों से बचाव हेतु सभी बच्चियों को आवश्यक रूप से टीकाकरण में सम्मिलित होना चाहिए तथा अन्य लोगों को भी इसमें सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करना चाहिए। शिविर में बच्चियों के साथ दर्जनों अभिभावक भी उपस्थित थे।

**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त ई-निविदा सं. : डीसीपीएम-जीएस-ईएनजी-एसडीएएच-04-25-26 (एकल पैकेट प्रणाली में खुली निविदा), दिनांक: 22.05.2025,** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति इकाई/अभियांत्रिकी/सियालदह, पूर्व रेलवे, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** सियालदह मंडल-गति शक्ति इकाई-एसएसई/डब्ल्यू/बनगांव के अधीन ठाकुरनगर में तीसरी लाइन के निर्माण के लिए प्रावधान के संबंध में ठाकुरनगर स्टेशन पर 6 मी. चौड़े आरडीएसओ स्टैंडर्ड फुट ओवर-ब्रिज का प्रावधान एवं सहायक कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु.3,08,57,191.43, **बयाना राशि :** रु. 3,04,300/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 06 माह। **खुलने की तिथि :** दिनांक 06.06.2025 को 15.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए कोई मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। SDAH-62/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**कार्यालय:-असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू**

**Email Id – civilsurgeonpalamu@gmail.com**

**आवश्यक सूचना**

जिला स्वास्थ्य समिति पलामू अर्न्तगत विज्ञापन सं0 01/2025 के चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनका दस्तावेज सत्यापन दिनांक–29.05.2025 एवं 30.05.2025 को सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में पूर्वाहन 10:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक निम्नांकित तालिका के अनुसार किया जाना है:–

| क्र0सं0 | पद कोड | दस्तावेज सत्यापन की तिथि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 01 | पोस्ट कोड–01 से 09 तक | दिनांक–29.05.2025, दिन– गुरूवार | |
| 02 | पोस्ट कोड–10 से 24 तक | दिनांक–30.05.2025, दिन– शुक्रवार | |

नोट:– निर्धारित तिथि के बाद अभ्यर्थियो के दस्तावेज सत्यापन पर विचार नहीं किया जायेगा।

आदेशानुसार
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,पलामू

PR 353473 District(25-26).D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना।**

**(चोरी गयी मोटर साईकिल स्पलेण्डर प्लस )**

गढ़वा थाना कांड सं0–24/2025 दिनांक–17.01.2025 धारा–303(2) बी0एन0एस0 2023 के कांड में चोरी गयी मोटरसाईकिल स्पलेण्डर प्लस जिसका रजि0 न0– JH03AE-5488, इंजन नं0–HA11EYMHF77870 एवं चेचिस नं0– MBLHAW121MHA66214 को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी की गयी मोटरसाईकिल के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 353464 (Police) 25-26 (D)

# मंत्री ने एकंगरसराय नगर पंचायत को दी करोड़ों की सौगात

## 6 करोड़ 7 लाख 32 हजार की लागत से 22 योजनाओं का शिलान्यास उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री जीवेश कुमार ने आज नगर पंचायत एकंगरसराय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने छह करोड़ सात लाख रुपये की लागत से बनने वाली 22 विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इन योजनाओं के अंतर्गत नगर क्षेत्र में सड़क निर्माण, जल निकासी, स्वच्छता एवं अन्य आधारभूत शहरी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। इस मौके पर मंत्री जीवेश कुमार ने कहा कि राज्य सरकार जनता को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और यह पहल उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उनके आगमन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से तेज प्रताप यादव को छह साल



के लिए निष्कासित किए जाने के सवाल पर मंत्री जीवेश कुमार ने चुटकी लेते हुए कहा कि लालू प्रसाद यादव ने तेज प्रताप के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर लारा-लप्पा किया है। यादव समाज और स्व. दरोगा प्रसाद राय की पुत्री ऐश्वर्या राय के साथ अन्याय हो रहा था, उस समय अगर न्याय हुआ होता तो आज यह दिन देखने की नौबत नहीं आती। मंत्री ने कहा लालू यादव ने लाल-लाल कहकर तेज प्रताप को बिगाड़ा और अब उन पर ब्रेक लगाया जा रहा है। तेज प्रताप यादव को अब अपने हक की लड़ाई अपने ही घर में लड़नी होगी, जो घटनाएं पिछले दो दिनों से हो रही हैं, अगर वे प्रमाणित होती हैं तो उन्हें दो साल से अधिक की सजा भी हो सकती है और उनकी विधायकी भी खतरे में पड़ सकती है।

## डूबने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र के कमरपुर गांव में रविवार की रात तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान तनिक बिंद का 35 वर्षीय पुत्र नीतीश बिंद के रूप में की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि रात में शौच के लिए घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने जब खोजबीन शुरू की तो तालाब किनारे उनका गमछा पड़ा मिला। इसके बाद ग्रामीणों ने तालाब में तलाश शुरू की और कुछ देर की मशक्कत के बाद उनका शव बरामद किया गया। घटना की सूचना पाकर रहुई थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष कुणाल कुमार सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

## सुहागिनों ने अपने सुहाग की रक्षा के लिए की वट सावित्री पूजा

**नवबहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** पति परमेश्वर के सिवा मुझको ना परमेश्वर चाहिए की कामना को लेकर सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने अपने पति के लंबी उम्र की कामना को लेकर वट सावित्री व्रत की। सुबह से ही पारंपरिक परिधान में सजी-संवरी सुहागिन महिलाएं पूजा की थाली, फल-फूल, पूजन सामग्री और मिट्टी से निर्मित सावित्री-सत्यवान की मूर्तियां लेकर वटवृक्षों के नीचे एकत्रित होने लगीं। उन्होंने विधिवत पूजन किया, वटवृक्ष की परिक्रमा की और व्रत कथा का श्रवण करते हुए अपने पति की दीर्घायु एवं परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे जिले में मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर स्थित वटवृक्षों के नीचे पूजा-पाठ का आयोजन हुआ। महिलाओं ने 'सावित्री व्रत कथा' का पाठ किया और वटवृक्ष को कच्चे सूत से लपेटते हुए परिक्रमा की। वट सावित्री व्रत का धार्मिक महत्व अत्यंत गहरा है। यह व्रत स्त्रियों के अखंड सौभाग्य, पति की दीर्घायु और दाम्पत्य जीवन की सुख-शांति के लिए किया जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार, सावित्री नामक पतिव्रता स्त्री ने अपने पति सत्यवान के अल्पायु होने की जानकारी होने पर भी उनसे विवाह किया। नियत समय पर जब यमराज सत्यवान के प्राण लेने आए, तो सावित्री ने अपने तप, विवेक और दृढ़ संकल्प से यमराज को विवश कर दिया और अपने पति के प्राण पुनः प्राप्त कर लिए। उसी महान नारी शक्ति की स्मृति में यह व्रत किया जाता है। वटवृक्ष (बरगद) को भी विशेष महत्व प्राप्त है। इसे अचल और दीर्घायु जीवन का प्रतीक माना गया है। वटवृक्ष की जड़ें, शाखाएं और पत्तियां त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश का स्वरूप मानी जाती हैं। इसी कारण व्रती महिलाएं इसकी पूजा करती हैं और व्रत के नियमों का पालन करते हुए इसका पूजन करती हैं। पुरोहित महेंद्र पांडे ने बताया कि सोलह सिंगार करके सुहागिन महिलाएं इस व्रत को करती हैं।

## श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर महाभंडारे का आयोजन

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** रहुई प्रखंड स्थित खेल मैदान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को विधिवत समापन हो गया। कथा के समापन के उपरांत आज सोमवार को भव्य महाभंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस धार्मिक आयोजन का नेतृत्व पूज्य श्री श्याम शुभम जी महाराज द्वारा किया गया, जिनकी प्रेरणादायी वाणी ने श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से ओतप्रोत कर दिया। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अलबेला राय ने बताया कि यह आयोजन नगर पंचायत क्षेत्र में सुख, शांति और सौहार्द्र बनाए रखने की भावना के साथ किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारा बढ़ाते हैं और लोगों को आध्यात्मिक मार्ग की ओर अग्रसर करते हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु उपस्थित हुए। श्रद्धालुओं के स्वागत और भंडारे की व्यवस्था में आयोजन समिति ने भरपूर सहयोग किया। कार्यक्रम में सरवन पांडेय, अलबेला राय, भगवत प्रसाद, कुणाल कुमार, अजय प्रसाद, बंटी कुमार, गौरव पांडे, शशि रंजन मिश्रा, संजय, लैलूंन यादव, विनू यादव समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सीआरसी अंकरी में मशाल 2024 खेल प्रतियोगिता संपन्न: ग्रामीण प्रतिभाओं को मिला मंच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** बिहार सरकार की प्रतिभा खोज पहल 'मशाल 2024' के तहत सीआरसी अंकरी में 22 से 24 मई तक आयोजित खेल प्रतियोगिता धूमधाम से संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कबड्डी, साइक्लिंग आदि खेलों में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय अँकरी में आयोजित समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। साइक्लिंग में आरती कुमारी (छात्रा) और मनीष शर्मा (छात्र) ने प्रथम स्थान हासिल किया। कबड्डी में अंडर-16 छात्रा वर्ग में अनमिका कुमारी के नेतृत्व में राजनंदनी कुमारी, सोनाली कुमारी, महिका सिन्हा आदि ने जीत दर्ज की, जबकि अंडर-16 छात्र वर्ग में अभिजीत कुमार, सुमीत कुमार, अंकुल कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-14 में उत्क्रमित मध्य विद्यालय अंकरी की छात्राओं और कानूनगोबिगहा के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एथलेटिक्स में 100 मीटर दौड़ में संगम कुमारी और प्रतीक कुमार, 60 मीटर दौड़ में चंचला



कुमारी और गोलू कुमार, तथा 600 मीटर दौड़ में नेहा कुमारी और धर्मेंद्र कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीआरसी संचालक डॉ. गोपाल प्रसाद ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें प्रादेशिक और राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाना है। नोडल शिक्षक अजाद कुमार, कंप्यूटर शिक्षक दयानंद सागर, खेल शिक्षक सद्दाम हुसैन, मनोज कुमार, उदय कांत निराला, नीतीश कुमार सहित अन्य शिक्षकों और प्रभारी प्रधानाध्यापकों अरुण कुमार, राजवल्लभ पासवान और मनोज कुमार ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ. प्रसाद ने कहा, मशाल 2024 ग्रामीण प्रतिभाओं को उभारने में अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहा है। ये खिलाड़ी आज विद्यालय और संकुल स्तर पर अपनी छाप छोड़ रहे हैं और भविष्य में देश-दुनिया में अपनी प्रतिभा का परचम लहराएंगे। समापन समारोह में सैकड़ों अभिभावकों और ग्रामीणों ने तालियों के साथ इस आयोजन की सराहना की।

## हिसुआ में वट सावित्री पूजाः सुहागिनों ने की पति की दीर्घायु की कामना





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ।** हिसुआ प्रखंड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री व्रत के अवसर पर बरगद वृक्ष के तने में कच्चा धागा लपेटकर परिक्रमा की और अपने पति की लंबी उम्र की प्रार्थना की। भीषण गर्मी के बावजूद सुबह से ही सोलह श्रृंगारों से सजी महिलाएं पूजन सामग्री लेकर वट वृक्षों के पास पहुंचीं। उन्होंने विधि-विधान के साथ सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी और यमराज से पति की दीर्घायु का वरदान मांगा। नरहट रोड स्थित बड़ी शिवाला परिसर में वट वृक्ष के निकट महिलाएं परिक्रमा करती नजर आईं। कई ने स्मार्टफोन से तस्वीरें लेकर इन पलों को यादगार बनाया। नवविवाहिताएं वैवाहिक चुनरी में दुल्हन के रूप में दिखीं। महिलाओं ने बताया कि सावित्री की भक्ति और विश्वास के कारण ही उन्होंने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा की थी, जिससे इस व्रत की परंपरा शुरू हुई। इस दिन सुहागिन महिलाएं पूरे निष्ठा और श्रद्धा के साथ बरगद वृक्ष के नीचे सावित्री, सत्यवान और यमराज की पूजा करती हैं।

**नारदीगंज में वट सावित्री पूजाः सुहागिनों ने की पति की दीर्घायु की कामना**

नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री व्रत के अवसर पर बरगद वृक्ष की पूजा-अर्चना कर अपने पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य की कामना की। नारदीगंज बाजार, ओड़ो, कहुआरा, रामे, हंडिया सहित अन्य गांवों में सोलह श्रृंगारों से सजी महिलाएं सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में वट वृक्षों के पास पहुंचीं। विशेष रूप से नवविवाहिताओं में इस पूजा को लेकर खासा उत्साह देखा गया। महिलाओं ने विधि-विधान के साथ वट वृक्ष की परिक्रमा की, पूजन सामग्री अर्पित की और सावित्री-सत्यवान की कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर भक्ति और श्रद्धा का माहौल रहा, जिसमें महिलाओं ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए भी प्रार्थना की।

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर 76 हजार रुपये का जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** जिला परिवहन पदाधिकारी, नवादा के निर्देश पर सोमवार को चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर ईएसआई संदीप कुमार ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर 76,000 रुपये का जुर्माना लगाया। बिहार में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और यातायात नियमों के कड़ाई से पालन के लिए परिवहन विभाग ने सख्त कदम उठाए हैं। 1 अप्रैल 2025 से लागू नियम के तहत सभी वाहन मालिकों के लिए हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) अनिवार्य कर दी गई है। यह विशेष एल्यूमीनियम नंबर प्लेट होलोग्राम और यूनिक कोड के साथ आती है, जो वाहन चोरी और



नंबर प्लेट जालसाजी को रोकने में सहायक है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 2,500 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा रहा है।

ईएसआई संदीप कुमार ने बताया कि फर्जी नंबर प्लेटों के कारण ई-चालान प्रक्रिया में बाधा आ रही है, जिससे वाहन पंजीकरण में अनियमितताएं सामने आ रही हैं। इसे रोकने के लिए परिवहन विभाग और पुलिस संयुक्त रूप से अवैध नंबर प्लेट बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। साथ ही, क्षमता से अधिक भार ढोने वाले वाहनों पर भी सख्ती बरती जा रही है।

परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द एचएसआरपी लगवाएं ताकि जुर्माने से बच सकें और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन हो। इस कार्रवाई से वाहन चालकों और मालिकों में हड़कंप मचा है, जिसके चलते लोग यातायात नियमों का पालन करने में जुट गए हैं।

## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हिलसा थाना क्षेत्र के गुलनी मिल्की पर गांव में एक विवाहिता की सन्दिग्ध स्थिति में मौत हो गई। मृतका की पहचान रहीश कुमार की (20) वर्षीया पत्नी सलोनी कुमारी के रूप में की गई है। मायके वाले दहेज हत्या का आरोप लगा रहे हैं। घटना के संबंध में मृतका के भाई ने बताया कि बहन के ससुराल के गांव वालों से फोन पर सूचना प्राप्त हुई कि बहन की हत्या कर दी गई है। जब बहन के ससुराल पहुंचा तो देखा कि आस पड़ोस के लोग शव के दाह संस्कार के लिए ले जा रहे थे। जैसे ही मैं इस प्रकरण का वीडियो बनाना शुरू किया। शव रास्ते में छोड़ सभी लोग फरार हो गए। इसके बाद स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी और बहन के शव को कंधे पर लादकर उसके ससुराल ले गया। जहां देखा कि ससुराल के लोग घर में नहीं है। इसके अलावा सामान भी घर में मौजूद नहीं था। कपड़े से लेकर बर्तन तक ससुराली परिवार लेकर फरार हो चुका था। मायके के परिवार वालों ने बताया कि 12 मई को सलोनी को विदा कर रहीश ले गया था। बीती रात रहीश ने फोन कर सोने की चेन की डिमांड की थी, नहीं देने पर गला घोंट उसकी हत्या कर दी गई और उसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया।

## कौआकोल और पकरीबरावां में आयुष्मान कार्ड के लिए विशेष शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र व्यक्तियों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु कौआकोल प्रखंड के सभी पंचायतों में सोमवार से तीन दिवसीय विशेष शिविर शुरू हुआ। बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर जनवितरण दुकानों और वसुधा केंद्रों पर यह शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि पात्र लोग निःशुल्क इलाज की सुविधा से जुड़ सकें। उन्होंने लोगों से आधार कार्ड, राशन कार्ड और मोबाइल नंबर के साथ शिविर में पहुंचकर कार्ड बनवाने की अपील की। दरावां पंचायत के बरौन गांव में जनवितरण दुकानदार उमेश प्रसाद के परिसर में स्वच्छता पर्यवेक्षक उपेंद्र कुमार की देखरेख में शिविर आयोजित हुआ, जिसमें आशा फैसिलेटर वीणा कुमारी, पुष्पा कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

**पकरीबरावां:** पकरीबरावां प्रखंड में भी 26 से 28 मई तक विभिन्न सार्वजनिक और सरकारी स्थलों पर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविरों में स्कूलों के प्रधानाध्यापकों और बीएलओ के रूप में कार्यरत शिक्षकों को जिम्मेदारी दी गई है। शिविरों के पर्यवेक्षण और अनुश्रवण के लिए कर्मियों और अधिकारियों को तैनात किया गया है।

## नवादा में 24 घंटे में 72 फरार अपराधी गिरफ्तार: एसपी

**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 25 मई 2025 को नवादा जिले में पुलिस ने विभिन्न आपराधिक मामलों में 72 फरार अपराधियों को गिरफ्तार किया। इनमें अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम के तहत 3, रंगदारी में 1, साइबर अपराध में 2, एनडीपीएस एक्ट में 3, आर्म्स एक्ट में 1, मद्य निषेध में 13 और अन्य मामलों में 49 गिरफ्तारियां शामिल हैं। इस दौरान 463.75 लीटर महुआ शराब और 5.25 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। वाहन जांच के क्रम में 231 वाहनों की जांच की गई, जिसमें 89,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

## रजौली में कोचिंग संस्थानों के संचालन से स्कूलों में 50 प्रतिशत बच्चे भी नहीं पहुंच रहे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** मुख्यालय में बिना निबंधन के धड़ल्ले से चल रहे दर्जनों कोचिंग संस्थानों पर नियंत्रण के लिए जिम्मेदार पदाधिकारी मौन हैं। कोचिंग संचालक मनमाने ढंग से संस्थान चला रहे हैं और बच्चों को स्कूल के प्रति गुमराह कर रहे हैं। दूसरी ओर, शिक्षा विभाग के एसीएस सिद्धार्थ द्वारा सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, ताकि अधिक बच्चे विद्यालय पहुंचें।

फिर भी, रजौली के इंटर विद्यालय,



प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल सहित अन्य स्कूलों में नामांकित बच्चों में से 50 प्रतिशत भी उपस्थित नहीं हो रहे। इंटर विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार तरुण ने बताया कि उनके स्कूल में कक्षा 9 में 216, कक्षा 10 में 198, इंटर के विज्ञान संकाय में 327, कला संकाय में 256 और वाणिज्य संकाय में 24 बच्चे नामांकित हैं। स्कूल में 12 शिक्षक (8 माध्यमिक, 4 उच्च माध्यमिक), एक क्लर्क, दो आदेशपाल और एक लाइब्रेरियन हैं। प्राचार्य ने बताया कि सुबह 6:30 से 12:30 बजे तक स्कूल संचालन के बावजूद, कोचिंग संस्थानों के उसी समय संचालित होने के कारण आधे बच्चे स्कूल नहीं पहुंच रहे। उन्होंने अनियमित कोचिंग संचालकों के खिलाफ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र लिखा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

प्राचार्य ने कहा कि अनुभवी और बीपीएससी से नियुक्त शिक्षक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में जुटे हैं, फिर भी अभिभावक और बच्चे कोचिंग को प्राथमिकता दे रहे हैं। यह समस्या केवल इंटर विद्यालय तक सीमित नहीं, बल्कि सभी सरकारी स्कूलों में है। पदाधिकारियों की उदासीनता के कारण स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति प्रभावित हो रही है।

## पानी भरे नाद में गिरा बच्चा, मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सोमवार को एक मासूम की मौत पानी भरे नाद में डूबने से हो गई। मामला नूरसराय थाना क्षेत्र के वंश गोपालपुर टोला डग्गर पर का है। मृतक की पहचान कन्हैया पासवान के ढाई साल के पुत्र अंजय कुमार के रूप में की गई है। मृतक के परिजन ने बताया कि अंजय कुमार घर के पास ही खेल रहा था। गांव में नली-गली का काम हो रहा है। जिसके लिए ठेकेदार के द्वारा पानी का एक नाद बनाया गया है। खेलने के दौरान बच्चा उसी नाद में जा गिरा।इसके बाद परिवार वालों को बच्चें की मौत की जानकारी दी गई।

## वट सावित्री पूजा: सुहागिन महिलाओं ने की पति की दीर्घायु की कामना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** सोमवार को वट सावित्री व्रत के अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु और अखंड सुहाग के लिए श्रद्धापूर्वक बरगद वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना की। सूर्योदय से ही बरगद पेड़ों के आसपास महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सोलह श्रृंगारों से सजी महिलाएं पूजन सामग्री, मौसमी फल और मिष्ठान के साथ बरगद वृक्ष के नीचे पहुंचीं, जहां उन्होंने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा की और अखंड सुहाग की कामना की। कई स्थानों पर पंडितों ने वट



सावित्री की कथा का वाचन किया, जबकि कुछ महिलाओं ने स्वयं पूजा-अर्चना कर कथा सुनी। इस दिन सोमवती अमावस्या होने के कारण बरगद के साथ-साथ पीपल वृक्ष की भी पूजा की गई। महिलाओं ने दोनों वृक्षों की परिक्रमा कर पति की दीर्घायु के साथ-साथ परिवार, समाज, गांव और देश की समृद्धि के लिए प्रार्थना की। पूजा स्थल सुगंधित वातावरण और भक्ति भाव से गूंज उठे। यह पर्व न केवल पति के प्रति समर्पण का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक एकता को भी दर्शाता है।

## सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा की तैयारियां पूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ स्थित नाला रोड के पास बी टू मॉल के समीप सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजन में समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा मुख्य सहयोगी की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि आयोजन में क्षेत्र के समस्त सनातन धर्मावलंबियों की सक्रिय और अहम भूमिका देखने को मिल रही है। इस सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत 27 मई को भव्य कलश यात्रा से होगी, जो बिहारशरीफ के ऐतिहासिक धनेश्वरघाट मंदिर से निकाली जाएगी। कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। यह यात्रा धार्मिक उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ निकाली जाएगी, जो आयोजन की आध्यात्मिक ऊर्ज़ा को नई ऊंचाई देगी। कथा वाचन का कार्य वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक श्याम शुभम जी महाराज द्वारा किया जाएगा। 27 मई से 2 जून तक प्रतिदिन शाम 5 बजे से हरि इच्छा तक कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा स्थल पर भक्ति रस की धारा बहेगी और श्रद्धालु श्रीकृष्ण लीला एवं धर्म संदेशों से ओतप्रोत श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करेंगे। इस आयोजन में संजय महतो, बबलू महतो, अविनाश मुखिया, उदय प्रसाद, पप्पू जी, विशेष चौधरी, श्रवण जी, साकेत रंजन, धनंजय उर्फ धारों, उमेश सिंह समेत कई स्थानीय सनातनी समाजसेवी व श्रद्धालु सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक जागरण का माध्यम बनेगा, बल्कि समाज में सांस्कृतिक एकता, धार्मिक आस्था और सामूहिक सहभागिता का संदेश भी देगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## नवादा में संदिग्ध राशन कार्डधारियों की पात्रता जांच के लिए अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिले में संदिग्ध राशन कार्डधारियों की पात्रता की जांच शुरू की जाएगी। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार ने देशभर में 36 लाख से अधिक संदिग्ध लाभुकों की पहचान की है, जिसमें नवादा जिले के 50,476 राशन कार्डधारक शामिल हैं। जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार सिंहा ने बताया कि नवादा सदर अनुमंडल में 25,030 और रजौली अनुमंडल में 25,446 संदिग्ध लाभुक चिन्हित किए गए हैं। इनकी पात्रता जांच के लिए अनुमंडल पदाधिकारियों ने संबंधित प्रखंडों के आपूर्ति पदाधिकारियों को अधिकृत किया है। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार निर्णय लिया जाएगा। जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे अफवाहों और बिचौलियों से बचें तथा सत्यापन में सहयोग करें, ताकि केवल पात्र लाभुकों को ही राशन कार्ड का लाभ मिले। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी और किसी भी लाभुक को अनावश्यक परेशानी नहीं होगी।

## डॉ. अनुज सिंह ने ओडो गांव के सड़क हादसे के पीड़ित परिवारों को दी आर्थिक सहायता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नारदीगंज प्रखंड के ओडो गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में मृत दो युवकों के परिजनों से मिलकर समाजसेवी और मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ. अनुज सिंह ने संवेदना व्यक्त की और आर्थिक सहायता प्रदान की। बीते सप्ताह दो बाइकों की टक्कर में ओडो निवासी दिनेश रविदास के 18 वर्षीय पुत्र कमलेश कुमार और दुलो देवी के 17 वर्षीय पुत्र भोला कुमार की मृत्यु हो गई थी, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हुआ था। डॉ. अनुज सिंह ने



पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और कहा, यह दुखद घटना पूरे समाज को झकझोरने वाली है। मैं इस कठिन समय में इन परिवारों के साथ हूं और उनका दर्द समझता हूं। उन्होंने मॉडर्न शैक्षणिक समूह की ओर से मृतकों के परिजनों दिनेश रविदास, दुलो देवी और घायल उदय साव को 20-20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की, साथ ही भविष्य में भी हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायल के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

मौके पर ओडो पंचायत मुखिया प्रतिनिधि गौरव कुमार छोटी, ओडो लक्ष्मी पूजा समिति अध्यक्ष संजय सिंह, डॉ. जेपी चौधरी, सुधीर कुमार सिन्हा, प्रवीण कुमार, सुनील राजवंशी, रामाधीन सिंह, सीताराम सिंह, नारदीगंज क्षेत्रीय प्रभारी डॉ. संजय कुमार, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# विष्णुपद मंदिर के सौंदर्यीकरण व विकास को लेकर डीएम ने किया निरीक्षण

## पर्यटन विभाग के माध्यम से प्रस्तावित कॉरिडोर निर्माण पर मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के पुरोहितों के साथ किया विचार-विमर्श

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** पूरी दुनिया में हिंदुओं के बीच गया अपने 18वीं सदी के विष्णुपद मंदिर के लिए जाना जाता है जो एक अष्टकोणीय मंदिर वाला नदी किनारे का मंदिर है। पास ही प्राचीन मंगला गौरी मंदिर भस्म कू पहाड़ी की चोटी पर स्थित है। यह हिंदू धर्म की गहरी आध्यात्मिक परंपराओं व मानवीय मामलों में दैवीय हस्तक्षेप के लिए सांप्रदायिक श्रद्धा का एक जीवंत प्रमाण है। अनुष्ठानों, त्योहारों के माध्यम से, गया में विष्णुपद मंदिर आध्यात्मिक मोक्ष और सांप्रदायिक सद्भाव के सार को मूर्त रूप देने वाला एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल बना हुआ है। दूसरी तरफ गया पूरी दुनिया में मोक्ष स्थल के रूप में भी जानी जाती है। लोग अपने पितरों के आत्मा की शांति व मोक्ष प्राप्ति की कामना को लेकर यहां सालों भर आते जाते रहते हैं। यहां आकर पितरों को पिंडदान कर उनके मोक्ष प्राप्ति की कामना करते हैं। महाकुंभ की तरह प्रत्येक वर्ष यहां आश्विन मास में 17 दिवसीय पितृपक्ष मेला का आयोजन राजकीय स्तर पर किया जाता है। इस मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का आना-जाना होता है। दैत्य राज गया सुर के नाम पर नामित गया में श्रद्धालुओं के साथ-साथ सालों भर पर्यटकों का भी आवाजाही होता रहता है। यही कारण है कि केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार भी गया को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए लगातार प्रयत्नशील है। विष्णुपद मंदिर को बुनियादी ढांचे में सुधार, पर्यटन को बढ़ावा देने व मंदिर की विरासत को संरक्षित करने के लिए विकास की आवश्यकता पर पर्यटन विभाग द्वारा जोर दिया गया है। इस उद्देश्य के तहत केंद्र सरकार ने जहां विष्णुपद कॉरिडोर बनाने की घोषणा की है। वहीं बिहार सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा विष्णुपद मंदिर के जीर्णोद्धार व सौंदरीकरण को लेकर 6196.78 लाख रुपये खर्च किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिला पदाधिकारी गया डॉ0 त्यागराजन एसएम ने विष्णुपद पहुंचकर विष्णुपद मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के पुरोहितों एवं विभागीय अभियंताओं के साथ समन्वय बैठक करते हुए कॉरिडोर से संबंधित बनाए गए नक्शे पर विस्तार पूर्वक पुरोहितों को अवगत कराते हुए उनसे विचार विमर्श ली गई पुरोहितों ने भी जिला प्रशासन को अनेक सुझाव दिए हैं जिस पर जिला प्रशासन उसे यथासंभव नोट करते हुए प्रोजेक्ट में शामिल करने की बात कही है। पर्यटन विभाग द्वारा विकास योजनाओं से जुड़े बने नशे व प्रारूप को डीएम एवं पुरोहितों ने देखा साथ ही पर्यटन विकास निगम पटना के कार्यपालक अभियंता, आर्किटेक्चर ने कॉरिडॉर डिजाइन के संबंध में क्या-क्या काम किया जाना है, क्या-क्या सहयोग की अपेक्षा है इत्यादि के संबंध में विस्तार से बताया गया। इस परियोजना से विष्णुपद मंदिर सहित दो क्षेत्रों का विकास कराया जायेगा। विकास कार्यों में विष्णुपद मंदिर के साथ-साथ मंदिर के सामने एक आगंतुक सुविधा केंद्र का निर्माण, फल्गु नदी के पास मंदिर के लिए एक भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण, घाट से आगंतुक सुविधा केंद्र तक 140 फुट चौड़े मार्ग का निर्माण, शौचालय और चेंज रूम के तीन सेट, पर्यटक सुविधा केंद्र परिसर, पर्यटक सुविधा केंद्र परिसर के तहत एक पर्यटक सुविधा केंद्र, बस स्टैंड का निर्माण, लगभग 1.28 एकड़ भूमि का विकास, बस स्टैंड से फल्गु घाट पार्किंग क्षेत्र की ओर जाने वाली आन्य संरचनाओं का निर्माण मुख्य रूप से शामिल है। विष्णुपद मंदिर हर साल लाखों पर्यटकों व भक्तों को आकर्षित करता है। विकास से इस क्षेत्र को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल बनाने में मदद मिल सकती है। इस परियोजना से पर्यटन, रोजगार व सांस्कृतिक संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। बेहतर सड़क व बुनियादी ढांचे से पहुंच-पथ में सुधार हो सकता है और आगंतुकों को लाभ मिल सकता है। इस परियोजना के तहत एक साथ जुड़े तीन प्रवेश द्वार बनाये जायेंगे। मध्य द्वार की कुल उंचाई लगभग 14 मीटर है और दोनों ओर की ऊंचाई लगभग एक मीटर कम होगी। सभी द्वार सैंडस्टोन व जीआरसी से ढका रहेगा जिस पर डिजाइन व नक्काशी होगी। इसके अलावा भी इस परियोजना के तहत विकास व सौंदर्यीकरण से जुड़े कई अन्य काम कराये जायेंगे।

## यात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे स्टेशनों पर लिफ्ट व स्वचालित सीढ़ियों के सुरक्षित उपयोग की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** मालदा मंडल अंतर्गत भागलपुर, जमालपुर तथा अन्य प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए लिफ्ट एवं स्वचालित सीढ़ियां (एस्केलेटर) लगाए गए हैं। रेलवे द्वारा इन आधुनिक सुविधाओं का नियमित रखरखाव किया जा रहा है ताकि यात्रियों को यात्रा के दौरान सहूलियत मिल सके। इन सुविधाओं से विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, छोटे बच्चों तथा भारी सामान लेकर चलने वाले यात्रियों को लाभ मिल रहा है, लेकिन हाल के दिनों में इनका गलत उपयोग सामने आने के बाद रेलवे ने एक व्यापक जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि लिफ्ट और स्वचालित सीढ़ियों का प्रयोग सावधानीपूर्वक तथा जिम्मेदारी के साथ करें। साथ ही दिशा-निर्देशों का पालन करें। लिफ्ट या स्वचालित सीढ़ी पर चढ़ते-उतरते समय दौड़ें नहीं, हैंडरेल पकड़ कर रखें। लिफ्ट में जबरदस्ती दरवाजा खोलने का प्रयास न करें। बच्चों को स्वचालित सीढ़ियों पर खेलने से रोकें। आपातकालीन बटन का प्रयोग केवल संकट की स्थिति में करें। यदि लिफ्ट मंजिलों के बीच रुक जाए, तो घबराएं नहीं, अंदर प्रदर्शित आपातकालीन नंबर पर संपर्क करें। आग या अन्य आपदा के समय लिफ्ट का उपयोग न करें। लिफ्ट व स्वचालित सीढ़ियों की सीढ़ियों पर बैठना, किनारे टिकना या थूकना मना है। रेलवे प्रशासन का कहना है कि इन सुविधाओं की निगरानी बंद सुरक्षा कैमरों से की जा रही है और किसी भी तरह की गड़बड़ी या अनुशासनहीनता पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मालदा मंडल ने यात्रियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि इन सार्वजनिक संसाधनों का सही उपयोग करें ताकि स्टेशन परिसर को सभी यात्रियों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक बनाया जा सके।

## मवेशी टकराव की घटनाओं पर लगाम लगाने हेतु पूर्व रेलवे का जन-जागरूकता अभियान

### रेल पटरी के पास मवेशी न चराने की अपील, ग्रामीणों से सहयोग की उम्मीद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोलकाता।** पूर्व रेलवे ने रेल परिचालन की सुरक्षा और समयबद्धता सुनिश्चित करने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत मवेशी टकराव (पशु कटिंग) की घटनाओं को रोकने के लिए जन-जागरूकता अभियान को और अधिक सघन कर दिया है। यह घटनाएं खासतौर पर ग्रामीण इलाकों में अधिक देखने को मिल रही हैं जहां रेल पटरियां खुले मैदानों और खेतों से होकर गुजरती हैं। रेलवे के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 65 मवेशी टकराव की घटनाएं दर्ज की गई हैं जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह संख्या 61 थी। यानी इस वर्ष इसमें 6.6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। ये घटनाएं न केवल मवेशियों के जीवन के लिए जानलेवा हैं, बल्कि इससे ट्रेनें भी देर से चलती हैं, यात्रियों की सुरक्षा को खतरा होता है और रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचता है। पूर्व रेलवे के मालदा मंडल सहित विभिन्न मंडलों द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों में ग्रामीणों को समझाया जा रहा है कि वे अपने मवेशियों को रेल पटरी के समीप न चराएं। हाल ही में अकबरनगर, सुल्तानगंज, बड़हरवा-बाकुडी, तीनपहाड़-राजमहल, कहलगांव-लैलख, बाराहाट-हंसडीहा, सुजनीपाड़ा-निमतिता, गनकर-मणिग्राम और मंदार हिल-हंसडीहा जैसे क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए। इन अभियानों में ग्रामीणों को बताया गया कि यदि वे मवेशियों को सुरक्षित और घेराबंदी वाले स्थानों पर रखें तो न केवल पशु सुरक्षित रहेंगे बल्कि ट्रेनें भी समय पर चलेंगी और यात्रियों को परेशानी नहीं होगी। इसके अलावा रेलवे अधिनियम की धाराओं के अनुसार रेल लाइन के पास मवेशियों को खुला छोड़ना दंडनीय अपराध है। पूर्व रेलवे के अधिकारियों ने प्रत्यक्ष संवाद, दृश्य प्रस्तुतीकरण और सहभागिता के माध्यम से यह संदेश दिया कि मवेशी टकराव की घटनाओं को रोकने में समुदाय की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। स्थानीय लोगों से अनुरोध किया गया कि वे न केवल अपने पशुओं की सुरक्षा करें बल्कि यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत रेलवे को सूचना दें। पूर्व रेलवे ने स्पष्ट किया है कि वह रेल यात्रियों, रेलवे संपत्ति और आसपास के समुदायों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यदि स्थानीय लोग सहयोग करें तो मवेशी टकराव की घटनाएं रोकी जा सकती हैं और रेल परिचालन अधिक सुरक्षित और समयबद्ध बनाया जा सकता है।

## संस्कृत कॉलेज के सभागार में आयुष्मान कार्ड के तहत बनाया जा रहा स्मार्ट कार्ड


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया जी।** जिले के डेल्हा बस स्टैंड के समीप संस्कृत कॉलेज के सभागार में भी आयुष्मान कार्ड के तहत स्मार्ट कार्ड बनाया जा रहा है जिसमें काफी संख्या में महिलाएं पुरुष स्मार्ट कार्ड बनाने के लिए सुबह से आ रही हैं। हालांकि आज पहले दिन भीड़ नहीं देखी जा रही है कहीं न कहीं आज बट सावित्री पूजा को लेकर भी महिलाएं सुबह से पूजा करने में लगी हुई है। यही वजह है कि आज आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए भीड़ नहीं देखी गई है। आयुष्मान कार्ड बनने से प्रति परिवार प्रतिवर्ष 5 लाख तक का कैशलेस हेल्थ केयर सेवाओं का लाभ इस योजना से मिलता है उन परिवारों जिन्हें सामाजिक आर्थिक /एसईसीसी/2011 डेटा के आधार पर वंचित और असुरक्षित माना जाता है।

## कॉमन सेवा केंद्रों ने ग्रामीणों की जिंदगी को आसान बना दिया : डॉ. प्रेम कुमार

### सहकारिता से सशक्त हो रहे गांव : पैक्सों के सीएससी से 4.5 करोड़ से अधिक का व्यवसाय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राज्य के 4,316 प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) में स्थापित कॉमन सेवा केंद्र (सीएससी) के माध्यम से अब तक 4.5 करोड़ रुपये से अधिक का व्यवसाय हो चुका है। इन केंद्रों के माध्यम से ग्रामीणों को रेल, बस टिकट, आयुष्मान कार्ड, पैन कार्ड, आधार पंजीकरण समेत 300 से अधिक सेवाएं सुलभ हो रही हैं। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने इसे राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि पैक्सों के माध्यम से गांव-गांव में डिजिटल सेवाओं की पहुंच बढ़ रही है। उन्होंने कहा, ह्लकॉमन सेवा केंद्रों ने ग्रामीणों की जिंदगी को आसान बना दिया है। अब किसानों, विद्यार्थियों, महिलाओं और अन्य नागरिकों को अपने ही गांव में बैंकिंग, बीमा, स्वास्थ्य, कृषि और कानूनी सेवाएं मिल रही हैं। यह आत्मनिर्भर ग्रामीण बिहार की दिशा में एक मजबूत कदम है। सहकारिता विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, राज्य में प्रथम चरण में 4,477 पैक्सों का कम्प्यूटरीकरण कार्य पूरा हो चुका है। अभी तक 5,987 पैक्सों की सीएससी पहचान संख्या बनाई जा चुकी है, जिनमें से 4,316 पैक्सों में ये केंद्र पूरी तरह क्रियाशील हैं। इधर सोमवार को वीडियो बैठक के माध्यम से सहयोग समितियों के निबंधक इनायत खान ने सभी जिलों के सहकारिता पदाधिकारियों एवं सीएससी के जिला प्रबंधकों के साथ समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि शेखपुरा, कैमूर, मधेपुरा और सुपौल जैसे जिलों में 90 प्रतिशत से अधिक पैक्सों में सीएससी सेवा शुरू हो चुकी है। वहीं मुंगेर, बक्सर, गोपालगंज, औरंगाबाद और लखीसराय की प्रगति धीमी पाई गई। निबंधक ने निर्देश दिया कि सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी अपने-अपने जिलों में सीएससी प्रबंधकों के साथ समन्वय बनाकर शेष पैक्सों को जल्द से जल्द क्रियाशील करें। उन्होंने यह भी कहा कि यह पहल न केवल सेवाओं की सुगमता बढ़ा रही है, बल्कि पैक्सों को आर्थिक रूप से भी मजबूत कर रही है। गौरतलब है कि सीएससी केंद्रों से ग्रामीण नागरिकों को अब आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र जैसी आरटीपीएस सेवाएं भी मिल रही हैं। इसके अलावा किसानों को खाद, बीज और अन्य कृषि उपकरणों की जानकारी और सुविधा भी पैक्सों के माध्यम से मिल रही है। सहकारिता विभाग का यह नवाचार राज्य में डिजिटल ग्राम्य जीवन की ओर एक बड़ी छलांग माना जा रहा है।

## पीएम के आगमन को ले भाजपा ने बांटा निमंत्रण, कोर कमेटी की हुई बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** भारतीय जनता पार्टी के डिहरी विधानसभा की कोर कमेटी की बैठक सोमवार को स्थानीय एक होटल में आयोजित किया गया। बैठक में 30 मई को बिक्रमगंज में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा को सफल बनाने हेतु तैयारियों की समीक्षा की गई। राजस्व मंत्री संजय सरावगी ने जनसभा के सफल आयोजन हेतु रणनीति पर चर्चा की। प्रत्येक घर तक निमंत्रण पत्र पहुंचाने व बिक्रमगंज सभा स्थल पर जाने वाले कार्यकर्ताओं की सूची तैयार करने एवं प्रभारी नियुक्त करने पर चर्चा की। मंत्री ने कहा कि पीएम के ऐतिहासिक सभा में बिहार के विकास को नए पंख लगेंगे। कई विकास योजनाओं का शुभारंभ व उद्घाटन किया जाएगा। मंत्री के नेतृत्व में डिहरी बाजार में पीएम के आगमन का निमंत्रण पत्र वितरित किया गया। मौके पर प्रदेश महामंत्री शिवेश राम, विधानसभा प्रभारी दुर्गेश सिंह, मंडल प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष आरती गुप्ता, पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, राजू गुप्ता, विधायक विशाल आनंद, प्यारेलाल ओझा, अशोक सोनी समेत भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आहर बनाने के क्रम में पेड़ काटने का आया मामला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बांकेबाजार के लूटुआ एवं इमामगंज के झिकटिया में आहर बनाने के क्रम में पेड़ काटने का मामला प्रकाश में आया है। उप विकास आयुक्त गया द्वारा जांच करवाकर पुष्टि होते ही आज ही प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु निर्देश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया है। साथ ही विस्तृत जांच हेतु उप विकास आयुक्त, जिला वन पदाधिकारी एवं अनुमण्डल पदाधिकारी शेरघाटी को निर्देश दिए हैं कि योजना के क्रियान्वयन पर जांच पूर्ण होने तक रोक एवं भुगतान पर भी रोक लगाने का निर्देश डीएम द्वारा दिया गया है।

### कई इलाके में बिजली विभाग आपूर्ति रहेगी बाधित

**गया।** गया दक्षिण बिहार विद्युत आपूर्ति द्वारी मंगलवार को कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। ग्यारह केवी फीडर गोदाम सुबह 6.30 से आठ बजे तक। वही स्वराजपुरी रोड सुबह साढ़े छः बजे से आठ बजे तक। ट्रांसफरमर चेंज होने के कारण जिससे चर्च रोड, दुर्गाबाड़ी, कुछ इलाके गोदाम एवं जी बी रोड, कठोतर तालाब, चुना गली, जी बी रोड इलाके में।

## सुहागिनों ने पति की लंबी आयु के लिए रखा निर्जला व्रत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** सुहागिन महिलाओं ने दुल्हन की तरह सज-धज कर अपने अपने पति के दीर्घायु की कामना के निमित जिले भर में बट सावित्री पूजा का पर्व पारंपरिक रूप से श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए वट वृक्ष की पूजा की, वट वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधी और सावित्री व सत्यवान की कथा सुनी। वट सावित्री पूजा को लेकर सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक परिधान और सोलह श्रृंगार में सजकर वट वृक्ष की पूजा की। उन्होंने वट वृक्ष की परिक्रमा कर रक्षा सूत्र बांधी और सावित्री-सत्यवान की कथा का श्रवण किया। इस संबंध में केंदुई गांव स्थित मंदिर के पुजारी ने बताया कि यह व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या को मनाया जाता है। सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्यवती के लिए यह व्रत करती है। इस व्रत में सावित्री द्वारा अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस लाने की कथा का विशेष महत्व होता है।

## प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में वट सावित्री पूजा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** प्रखंड के विभिन्न गांवों में वट सावित्री पूजा का आयोजन सोमवार को किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की और अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। वट सावित्री पूजा के दौरान पिंकी कुमारी, पुष्पा देवी, मिक्की देवी आदि महिलाओं ने व्रत रखा और विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा की। प्रखंड के कोंच, काबर, ददरेजी, आंती, खटनही आदि कई गांव में वट सावित्री पूजा में पत्नी अपने पति को पंखे डुलाई और क्योंकि यह एक पारंपरिक विधि है जिसमें पत्नी अपने पति की सेवा और सम्मान का प्रदर्शन करती है। इस विधि के माध्यम से पत्नी अपने पति की लंबी उम्र, स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना करती है। पंखे डुलाने की यह विधि पत्नी की अपने पति के प्रति प्रेम, समर्पण और सेवा भाव को दर्शाती है। यह एक प्रतीकात्मक विधि है जिसमें पत्नी अपने पति की देखभाल और सेवा करने का वचन देती है। पूजा के लिए आवश्यक सामग्री जैसे कि फल, फूल, धूप, दीप आदि इकट्ठा की जाती है। महिलाएं सावित्री और सत्यवान की कथा सुनती हैं। महिलाएं वट वृक्ष की परिक्रमा करती हैं। वट सावित्री पूजा ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है।

## मारपीट मामले में किशोर को किया निरुद्ध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के शीतलगढ़ गांव से पुलिस ने मारपीट के एक मामले में सोमवार दोपहर 12 बजे एक किशोर को निरुद्ध किया। आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि शीतलगढ़ गांव के वीर जोधन कुमार उम्र 16 वर्ष पिता विनोद यादव के खिलाफ बीते वर्ष मारपीट का मामला दर्ज किया गया था जिसके बाद उसे निरुद्ध करने की कार्रवाई की गई। पुलिस ने किशोर को किशोर न्यायालय में पेश किया जहां उसके खिलाफ आगे की कार्रवाई की गई।

## शारदीय खरीफ महोत्सव महाअभियान सह प्रखंड प्रशिक्षण उपादान वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** नगर प्रखंड के ई किसान भवन में शारदीय खरीफ महोत्सव महा अभियान सह प्रखंड प्रशिक्षण उपादान वितरण कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर संयुक्त रूप से उद्घाटन करते हुए सतीश पटेल उर्फ रमाकांत युवा जदयू जिला अध्यक्ष गया उप प्रमुख नगर प्रखंड गया, प्रखंड विकास पदाधिकारी नगर राकेश कुमार, कृषि वैज्ञानिक मानपुर अशोक कुमार, रंजीत कुशवाहा युवा जेडीयू जिला उपाध्यक्ष गया सह 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्य नगर प्रखंड गया, रसायन कृषि निदेशक राजीव रंजन के साथ किया और बिहार सरकार की कृषि विभाग की जितनी भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लाभकारी योजनाएं हैं उसको निचले तबके पर रहने वाले गरीब वर्ग के लोगों को दिया जाएगा और सभी कृषि समन्वयक कृषि सलाहकार एटीएम, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सभी लोग मिलकर बिहार सरकार के योजनाओं को प्रचार प्रसार के माध्यम से हर किसानों तक किसान चौपाल तक पंचायत के गांव तक पहुंचाने का काम करेंगे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 352921 (Building)25-26*D है को क्रमांक 5 पर अंकित निविदा को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 353543 Building(25-26).D


## सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र की कामना के साथ की वट सावित्री पूजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज।** परम्पराओं व आस्था का निर्वहन करते हुए प्रखंड क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में सोमवार को सुहागिनों ने वट वृक्ष के तने में कच्चा धागा लपेटते हुए परिक्रमा कर अपने पति के लिये लम्बी उम्र की कामना की। भीषण गर्मी को देखते हुए महिलाएं सुबह पौ फटते हीं सोलह श्रृंगार कर पूजन सामग्री ले स्थानीय वट वृक्ष के पास पहुंच गई और पूरे विधि से सावित्री - सत्यवान का कथा वाचन कर यमराज से अपने पतियों की लम्बी उम्र का वरदान मांगा। इसी क्रम में प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित वट वृक्ष के निकट परिक्रमा के दरम्यान महिलाएं अपने स्मार्ट फोन में तस्वीर लेकर इन लम्हों को सहेजती भी दिखीं। कई नव विवाहिता वैवाहिक चुनरी के साथ एक बार फिर से दुल्हन के रूप में नजर आ रही थी। क्षेत्र की महिलाएं जिला पार्षद डॉ. पिंकी कुमारी, शिक्षिका पूजा कुमारी, माया यादव, ज्योत्सना शाही, ममता कुमारी गृहणी पूजा कुमारी, निलम देवी, रीना शर्मा, रानी अनुराधा, आंचल कुमारी सहित अन्य ने बताया कि भक्ति पर अपनी अटूट विश्वास के कारण हीं सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा कर सकी थी, तभी से यह व्रत की शुरूआत हुई है। इस दिन सभी सुहागिन महिलायें पूरी निष्ठा और श्रद्धा के साथ बरगद पेड़ के नीचे सावित्री-सत्यवान तथा यमराज की पूजा करती है।

## वजीरगंज में शिक्षा सेवक संघ के सदस्यों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज।** शिक्षा सेवक संघ वजीरगंज के सक्रिय सदस्यों को सम्मानित किया गया। प्रखंड अध्यक्ष कमलेश राजवंशी ने बताया कि बीते माह में एक सप्ताह के अंदर क्षेत्र के दो शिक्षा सेवक की आकस्मिक मौत हो गई जिसके बाद कुछ संघ सदस्य पीड़ित परिजनों को संघ के माध्यम से सहायता राशि एकत्रित कर ससमय सुपुर्द करने का कार्य किया है जिसके कारण अन्य सदस्यों को प्रेरित करने व उनके श्रम को उचित सम्मान देने के उद्देश्य से मध्य विद्यालय मीरगंज परिसर में समारोह आयोजित कर संघ सदस्य संजीत कुमार, रोहित कुमार, सिकन्दर चौधरी, संजय कुमार ऋषि, भूषण मंडल, सुनिल कुमार, प्रेम रजक एवं चमन कुमार को सम्मानित किया गया। इस दरम्यान इन आकस्मिक घटनाओं से निपटने के लिये संघ को और भी मजबूत करने का निर्णय लिया गया। मौके पर दिलीप राम, गिरधारी चौधरी, महेश रजक सहीत अन्य दर्जनों शिक्षा सेवक समूह उपस्थित थे।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल–11–25, दिनांक 23.05.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान: (क)** आसनसोल मंडल–आसनसोल मंडल (फेज–I) के तहत विभिन्न स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए अन्य विद्युत कार्यों के साथ वाटर कूलर/वाटर प्यूरिफायर का प्रावधान (विद्युत कार्यों के लिए)। **(ख)** अनुसूची बी–आसनसोल मंडल–आसनसोल मंडल (फेज–I) के तहत विभिन्न स्टेशनों पर वाटर कूलर/वाटर प्यूरिफायर का प्रावधान (सिविल कार्यों के लिए)। **निविदा मूल्य :** रु. 81,44,387.97, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि :** रु. 1,62,900/–, **कार्य के लिए समापन अवधि :** 09 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 16.06.2025 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-58/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**e-Procurement Cell**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,**

**e-Procurement Notice**
**RATE PURPOSE ONLY**
**Quotation Reference No -09/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26**

Sealed Quotations are invited for the work given below :-

| SI No. | Name of Work |
|---|---|
| 01 | Construction of Modular OT One (01) at Medinirai Medical College & Hospital (Sadar), Palamu for the year 2024-25. |
| 02 | Construction of Modular OT Two (02) at Medinirai Medical College & Hospital (Sadar), Palamu for the year 2024-25. |
| 03 | Construction of Modular OT Three (03) at Medinirai Medical College & Hospital (Sadar), Palamu for the year 2024-25. |

For all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**

1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason there of.

नोट :–
(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 30.05.2025 के अपराह्न 3:00 बजे।
(2) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 09.06.2025 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
(3) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 11.06.2025 अपराह्न 3:30 बजे।
(4) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल डालटनगंज, पलामू।
(5) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 9430783582
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj.

PR 353482 District(25-26)D

संपादकीय

## न्यायपालिका की विश्वसनीयता के लिए पारदर्शिता जरूरी

नई दिल्ली में उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश को आबंटित आवास के एक कमरे से आधे जले हुए नोटों से भरे बोरे बरामद हुए दो महीने से अधिक समय हो गया है। देश अभी भी इस बात से अनजान है कि यह धन कहां से आया तथा इसका मालिक कौन था। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा द्वारा करंसी नोटों के स्वामित्व से इंकार करने के बाद रहस्य और गहरा गया है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि उनके परिसर से जो करंसी नोट मिले हैं, वे कहां से आए। उन्होंने कहा कि जिस कमरे से नोट बरामद हुए, वहां उनके स्टाफ के सदस्य पहुंच सकते थे और आरोप लगाया कि उन्हें बदनाम करने की साजिश की जा रही है। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने घटना की गहन जांच करने के लिए न्यायमूर्ति शील नागू, न्यायमूर्ति जी.एस. संधवालिया और न्यायमूर्ति अनु शिवरामन की एक जांच समिति गठित की थी। रिपोर्टों के अनुसार, समिति को न्यायाधीश को हटाने के लिए पर्याप्त सामग्री मिल गई थी, जिन्हें घटना के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया गया था। न्यायमूर्ति खन्ना ने आंतरिक समिति की रिपोर्ट राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेज दी थी। मुख्य न्यायाधीश ने न्यायमूर्ति वर्मा से प्राप्त जवाब भी संलग्न किया था। विशेषज्ञों ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश की कार्रवाई ने संसद में न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ निष्कासन कार्रवाई शुरू करने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। यह स्पष्ट है कि उन्होंने इस्तीफा देने या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने से इंकार कर दिया था। यह मुद्दा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उठाया और आश्चर्य जताया है कि दो महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद मामले में एफ.आई.आर. क्यों नहीं दर्ज की गई। एफ.आई.आर. की जरूरत पर जोर देते हुए धनखड़ ने कहा, ''लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं... पैसे का स्रोत, उसका उद्देश्य, क्या इससे न्यायिक प्रणाली प्रदूषित हुई? बड़े शार्क कौन हैं? हमें पता लगाने की जरूरत है।'' इस घटना को 'अरबों लोगों के मन को झकझोरने वाला' बताते हुए धनखड़ ने कहा कि इसकी वैज्ञानिक, फोरैंसिक, विशेषज्ञ, गहन जांच की जरूरत है, जिससे सब कुछ सामने आ जाए और कुछ भी छिपा न रह जाए। सच्चाई सामने आनी चाहिए।' उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समिति के गठन का 'कोई संवैधानिक आधार या कानूनी औचित्य नहीं है, बल्कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह अप्रासंगिक होगा।' यद्यपि 1991 में दिए गए निर्णय के परिणामस्वरूप किसी भी उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के विरुद्ध अभियोजन शुरू करने के लिए पूर्व अनुमति की आवश्यकता होती है, लेकिन यह पुलिस को एफ.आई.आर. दर्ज करने से नहीं रोकता। यदि देश का कोई भी आम नागरिक इसमें शामिल होता तो पुलिस एफ.आई.आर. दर्ज करने में संकोच नहीं करती। वास्तव में, यदि पुलिस ऐसी परिस्थितियों में एफ.आई.आर. दर्ज करने से बचती, तो अदालतों द्वारा उसे फटकार लगाई जाती। यह भी रहस्य बना हुआ है कि तीन सदस्यीय समिति द्वारा न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से कुछ गलत कार्य करने के प्रथम दृष्टया साक्ष्य पाए जाने के बाद भी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अभियोजन की अनुमति कैसे नहीं दी गई। संसद द्वारा न्यायाधीशों पर महाभियोग चलाना एक बहुत ही कष्टसाध्य एवं कठिन प्रक्रिया है। इसमें उपस्थित सांसदों में से दो-तिहाई द्वारा महाभियोग के पक्ष में मतदान किया जाना शामिल है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि आजादी के बाद से किसी भी न्यायाधीश पर महाभियोग नहीं लगाया गया। लेकिन महाभियोग से भी इन सवालों का जवाब नहीं मिलेगा कि करंसी नोटों की बोरियां कहां से आईं और ये उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के परिसर में कैसे पहुंचीं। न्यायपालिका की विश्वसनीयता दांव पर है। न्यायपालिका न्याय के लिए नागरिकों की अंतिम आशा है और इस आशा और विश्वास की रक्षा की जानी चाहिए। धूप सबसे अच्छी कीटाणुनाशक है और इसलिए न्यायपालिका को न्यायमूर्ति वर्मा मामले में पारदर्शिता दिखानी चाहिए और मामले की जांच के निष्कर्षों को सार्वजनिक करना चाहिए।

# भारत ने शिकंजा कसा तो बचाने आया चीन

**पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत की प्रतिक्रिया के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव जारी है. इस बीच चीन ने एक साहसिक घोषणा के साथ कदम बढ़ाया है. खबर है कि, वह पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक प्रमुख बांध, मोहमंद जलविद्युत परियोजना के निर्माण में तेजी लाएगा. यह घोषणा भारत के दशकों पुरानी सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को स्थगित करने के निर्णय के बाद की गई है, जो दो परमाणु पड़ोसी देशों और तेजी से मुखर होते बीजिंग के बीच क्षेत्रीय जल राजनीति और त्रिपक्षीय संबंधों में एक नया और अनिश्चित अध्याय शुरू करती है. चीन के सरकारी ब्रॉडकास्टर सीसीटीवी का हवाला देते हुए, साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने सोमवार को बताया कि बांध पर कंक्रीट भरने का काम शुरू हो गया है. यह पाकिस्तान की इस राष्ट्रीय प्रमुख परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण निर्माण मील का पत्थर और तेजी से विकास का चरण है. पाकिस्तान में मोहमंद बांध परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाने का चीन का फैसला दक्षिण एशिया की जटिल जल कूटनीति में एक नया आयाम जोड़ता है. बीजिंग की घोषणा का समय पाकिस्तान के लिए समन्वित समर्थन और इस क्षेत्र में रणनीतिक एलाइनमेंट टूल के तौर पर बुनियादी ढांचे का उपयोग करने के तरीके में संभावित बदलाव का संकेत देता है.**

**अरुणिम भुयान**

1960 में हस्ताक्षरित और विश्व बैंक द्वारा मध्यस्थता की गई ढ्ढुञ्ज, भारत-पाकिस्तान जल-बंटवारे के समझौतों की आधारशिला रही है. संधि के तहत, भारत पूर्वी नदियों (रावी, ब्यास और सतलुज) को नियंत्रित करता है, जबकि पाकिस्तान को पश्चिमी नदियों (सिंधु, झेलम और चिनाब) पर अधिकार है. भारत का मानना है कि, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीछ पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों का हाथ है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते. पीएम ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर एक दृढ़ रुख और संधि को तब तक निलंबित करने का संकेत दिया जब तक कि पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देना बंद नहीं कर देता.

इस निलंबन से भारत को सिंधु नदी सिस्टम के प्रबंधन में अधिक लचीलापन मिलेगा, जिसमें पश्चिमी नदियों पर पनबिजली परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाना और किशनगंगा और रतले जैसी चल रही परियोजनाओं पर पाकिस्तानी निरीक्षण को रोकना शामिल है. जबकि भारत की मौजूदा बुनियादी ढांचे की बाधाओं के कारण पाकिस्तान की जल आपूर्ति पर तत्काल प्रभाव सीमित है. इस कदम ने पाकिस्तान में दीर्घकालिक जल सुरक्षा के बारे में चिंताएँ बढ़ा दी हैं, जो कृषि और जलविद्युत के लिए इन नदियों पर बहुत अधिक निर्भर है. अब, चीन के फैसले को भारत के लिए एक भू-राजनीतिक संकेत के रूप में देखा जा सकता है, जो इस क्षेत्र में बीजिंग के प्रभाव और भारत के कार्यों को संतुलित करने की उसकी इच्छा को उजागर करता है. इस कदम को भारत द्वारा ढ्ढुञ्ज को निलंबित करने और क्षेत्रीय जल राजनीति में चीन की भूमिका के दावे के जवाब के रूप में व्याख्या किया जा सकता है.

मोहमंद बांध एक निर्माणाधीन बहुउद्देश्यीय कंक्रीट-फेस रॉक-फिल्ड बांध है जो स्वात नदी पर पेशावर से लगभग 37 किमी उत्तर में और मोहमंद जिले, खैबर पख्तूनख्वा,



पाकिस्तान में मुंडा हेडवर्क्स से पांच किमी ऊपर की ओर स्थित है. पूरा होने पर, बांध 800 मेगावाट जलविद्युत पैदा करेगा, 16,100 एकड़ भूमि की सिंचाई करेगा और बाढ़ को नियंत्रित करेगा. इससे कई अनुमानित वार्षिक लाभ मिलने की उम्मीद है, जिसमें वार्षिक जल भंडारण लाभ में पाकिस्तानी रुपये 4.98 बिलियन, सालाना 2.4 बिलियन यूनिट बिजली पैदा करके बिजली उत्पादन लाभ में पाकिस्तानी रुपये 19.6 बिलियन और वार्षिक बाढ़ शमन लाभ में 79 मिलियन पाकिस्तानी रुपये शामिल हैं.मोहमंद बांध से नौशेरा और चरसद्दा जिलों को मौसमी बाढ़ से बचाने की भी उम्मीद है. वह इसलिए क्योंकि यह अपने जलाशय में चरम बाढ़ के पानी को स्टोर करता है और सूखे मौसम में इसे छोड़ता है. दिसंबर 2010 में, पाकिस्तान में जुलाई 2010 की बाढ़ के बाद, पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई में देश में आई बाढ़ से हुए नुकसान की जांच करने के लिए बाढ़ जांच आयोग का गठन किया था. इस बाढ़ ने देश को अपनी चपेट में ले लिया था और जान-माल को भारी नुकसान पहुंचाया था. अपनी रिपोर्ट में, आयोग ने उल्लेख किया कि अगर मोहमंद बांध का निर्माण किया गया होता, तो चरसद्दा, पेशावर और नौशेरा जिलों और मुंडा हेडवर्क्स में कम से कम नुकसान होता.

मोहम्मद बांध का निर्माण मई 2019 में शुरू हुआ था, इस परियोजना को पाकिस्तान के जल और विद्युत विकास प्राधिकरण द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है. निर्माण का ठेका चीन गेझौबा ग्रुप कंपनी और पाकिस्तान के डेस्कॉन इंजीनियरिंग के बीच एक संयुक्त उद्यम को दिया गया था. टरबाइन जनरेटर इकाइयों और ऑनलाइन निगरानी प्रणालियों की आपूर्ति के लिए वोइथ हाइड्रो शंघाई लिमिटेड को अनुबंधित किया गया था.

इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 309.558 बिलियन पाकिस्तानी रुपये है, जिसमें इस्लामिक डेवलपमेंट बैंक सहित विभिन्न संस्थाओं से धन प्राप्त किया गया है, जिसने परियोजना के लिए 180 मिलियन डॉलर स्वीकृत किए हैं. निर्माण के चरम पर, परियोजना ने लगभग 6,000 व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए हैं, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान दे रहे हैं. शुरुआत में दिसंबर 2025 में पूरा होने के लिए निर्धारित इस परियोजना में देरी हुई है, अब पहली इकाई दिसंबर 2026 में चालू होने की उम्मीद है और अप्रैल 2027 तक पूरी तरह से पूरा होने की उम्मीद है.मनोहर परिकर रक्षा अध्ययन और विश्लेषण संस्थान के वरिष्ठ फेलो और सीमा पार जल मुद्दों पर अग्रणी टिप्पणीकार उत्तम कुमार सिन्हा के मुताबिक, चीन पाकिस्तान में विभिन्न जल परियोजनाओं में अच्छी तरह से शामिल है. सिन्हा ने ईटीवी भारत से कहा कि, चीन और पाकिस्तान दुनिया के सबसे बड़े बांध निर्माताओं में से हैं. उन्होंने बताया कि, पाकिस्तान अपनी नदियों पर बहुत निर्भर है और उसे इन परियोजनाओं के माध्यम से पानी की आवश्यकता है. मोहमंद बांध परियोजना में तेजी लाने के चीन के निर्णय के बारे में उन्होंने कहा कि चीन और पाकिस्तान हर मौसम में दोस्त हैं. सिन्हा ने कहा कि, भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए तनाव के दौरान, बीजिंग ने इस्लामाबाद का समर्थन किया. भारत द्वारा आईडब्ल्यूटी को स्थगित रखने के निर्णय के बाद चीन ने मोहमंद परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाने की घोषणा की. यह विशिष्ट मुद्रा और रणनीतिक संदेश है. किंग्स कॉलेज लंदन में किंग्स इंडिया इंस्टीट्यूट के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर और ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन थिंक टैंक में उपाध्यक्ष (अध्ययन और विदेश नीति) हर्ष वी पंत ने कहा कि भारत और चीन के बीच यह आगे-पीछे जारी रहेगा. पंत ने कहा कि, दोनों पक्ष कूटनीति में पानी का इस्तेमाल एक लाभ के रूप में कर रहे हैं. इससे भू-राजनीतिक आयाम प्रभावित होंगे और इसमें तेज़ी आएगी. उन्होंने कहा कि, पाकिस्तान चीन के लिए सिर्फ एक मोहरा है. साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि, चीन और पाकिस्तान दोनों ही भारत के साथ इन गतिशीलता को महत्व दे रहे हैं.

यूसनस फाउंडेशन थिंक टैंक के संस्थापक, निदेशक और सीईओ अभिनव पंड्या का मानना है कि चीन का यह फैसला पाकिस्तान और दक्षिण एशिया की क्षेत्रीय भू-राजनीति के लिए बहुत महत्वपूर्ण घटनाक्रम है. पंड्या ने कहा कि, भारत द्वारा सिंधु जल संधि को स्थगित करने के बाद, पाकिस्तान की जल सुरक्षा को लेकर चिंताएँ कई गुना बढ़ गई हैं. उन्होंने कहा, यह हमेशा से ही पाकिस्तान के लिए चिंता का एक बड़ा कारण रहा है क्योंकि भारत एक ऊपरी तटवर्ती राज्य है और पाकिस्तान लगातार पानी की कमी का सामना कर रहा है. इसलिए, शायद, पाकिस्तान का सगा भाई, पाकिस्तान का सदाबहार दोस्त चीन, मोहमंद परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाकर पाकिस्तान की जल-संबंधी असुरक्षा को दूर करने की कोशिश कर रहा है. उन्होंने कहा कि यह मूल रूप से जल असुरक्षा के खतरों से पाकिस्तान को सुरक्षित करने का एक उपाय है. पांड्या ने कहा कि, यह पाकिस्तान के रणनीतिक हितों के साथ चीन के मजबूत तालमेल को भी दर्शाता है.अभिनव पंड्या ने कहा कि, चीन पाकिस्तान को भारत के एक बड़े प्रतिपक्ष के रूप में भी देखता है और बीजिंग के बड़े रणनीतिक हितों के साथ तालमेल रखता है. इसलिए, वह पाकिस्तान को मजबूत करना जारी रखेगा.

अध्यात्म

## निर्दोष को कैसी सजा

बहुत समय पहले एक राजा था। उसके तीन पुत्र थे और अपने उन तीनों पुत्रों में से वह किसी एक पुत्र को राजगद्दी सौंपना चाहता था। पर किसे? राजा ने एक तरकीब निकाली और उसने तीनो पुत्रों को बुलाकर कहा - अगर तुम्हारे सामने कोई अपराधी खड़ा हो तो तुम उसे क्या सजा दोगे? पहले राजकुमार ने कहा कि अपराधी को मौत की सजा दी जाए तो दूसरे ने कहा कि अपराधी को काल कोठरी में बंद कर दिया जाये। अब तीसरे राजकुमार की बारी थी। उसने कहा कि पिताजी सबसे पहले यह देख लिया जाये कि उसने गलती की भी है या नहीं। इसके बाद उस राजकुमार ने एक कहानी सुनाई- किसी राज्य में राजा हुआ करता था, उसके पास एक सुन्दर सा तोता था। वह तोता बड़ा बुद्धिमान था, उसकी मीठी वाणी और बुद्धिमत्ता की वजह से राजा उससे बहुत खुश रहता था। एक दिन की बात है कि तोते ने राजा से कहा कि मैं अपने माता-पिता के पास जाना चाहता हूँ। वह जाने के लिए राजा से विनती करने लगा। तब राजा ने उससे कहा कि ठीक है पर तुम्हें पांच दिनों में वापस आना होगा। वह तोता जंगल की ओर उड़ चला, अपने माता-पिता से जंगल में मिला और खूब खुश हुआ। ठीक पांच दिनों बाद जब वह वापस राजा के पास जा रहा था तब उसने एक सुन्दर सा उपहार राजा के लिए ले जाने का सोचा। वह राजा के लिए अमृत फल ले जाना चाहता था। जब वह अमृत फल के लिए पर्वत पर पहुंचा तब तक रात हो चुकी थी। उसने फल को तोड़ा और रात वहीं गुजारने का सोचा। वह सो रहा था कि तभी एक सांप आया और उस फल को खाना शुरू कर दिया। सांप के जहर से वह फल भी विषाक्त हो चुका था। जब सुबह हुई तब तोता उड़कर राजा के पास पहुँच गया और कहा- राजन मैं आपके लिए अमृत फल लेकर आया हूँ। इस फल को खाने के बाद आप हमेशा के लिए जवान और अमर हो जायेंगे। तभी मंत्री ने कहा कि महाराज पहले देख लीजिए कि फल सही भी है कि नहीं ? राजा ने बात मान ली और फल में से एक टुकड़ा कुत्ते को खिलाया। कुत्ता तड़प-तड़प कर मर गया। राजा बहुत क्रोधित हुआ और अपनी तलवार से तोते का सिर धड़ से अलग कर दिया। राजा ने वह फल बाहर फेंक दिया। कुछ समय बाद उसी जगह पर एक पेड़ उगा। राजा ने सख्त हिदायत दी कि कोई भी इस पेड़ का फल ना खाएं क्यूंकि राजा को लगता था कि यह अमृत फल विषाक्त होते हैं और तोते ने यही फल खिलाकर उसे मारने की कोशिश की थी। एक दिन एक बूढ़ा आदमी उस पेड़ के नीचे विश्राम कर रहा था। उसने एक फल खाया और वह जवान हो गया क्यूंकि उस वृक्ष पर उगे हुए फल विषाक्त नहीं थे। जब इस बात का पता राजा को चला तो उसे बहुत ही पछतावा हुआ उसे अपनी करनी पर लज्ज़ा हुई। तीसरे राजकुमार के मुख से यह कहानी सुनकर राजा बहुत ही खुश हुआ और तीसरे राजकुमार को सही उत्तराधिकारी समझते हुए उसे ही अपने राज्य का राजा चुना। किसी भी अपराधी को सजा देने से पहले यह देख लेना चाहिए कि उसकी गलती है भी या नहीं, कहीं भूलवश आप किसी निर्दोष को तो सजा देने नहीं जा रहे हैं। निरपराध को कतई सजा नहीं मिलनी चाहिए।

# अफसरों को जेल की सजा से रुक सकेंगे जहरीली शराब जैसे हादसे

**भारत में आम लोगों के जीवन की कोई कीमत नहीं है। सरकारों का काम सिर्फ टैक्स वसूलना रह गया है, जब जिम्मेदारी लेने के वक्त आता है तो सब एक-दूसरे को दोषी ठहरा कर पीछा छुड़ाने की कोशिश करते हैं। इससे भी ज्यादा आश्चर्य यह है कि सरकारें पिछली गलतियों से भी कोई सबक नहीं सीखती हैं। साथ ही गलतियों के लिए जिम्मेदार अफसरों पर ऐसी कोई कार्रवाई नहीं होती, जिससे दूसरे लोग इससे सबक सीख सकें। महज कागजी खानापूर्ति करने के लिए कार्रवाई करने के बाद अफसर वापस मलाईदार पोस्टिंग पाने में कामयाब हो जाते हैं। पंजाब के अमृतसर के कई गांव में जहरीली शराब पीने से करीब दो दर्जन लोगों की मौत भी ऐसी ही गैरजिम्मेदाराना प्रवृत्ति का परिणाम है। इस मामले में मुख्य आरोपी प्रभजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया। आबकारी विभाग के दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है।**

**योगेंद्र योगी**

सबसे बड़ा सवाल यही है कि इतने लोगों की मौत के बाद अधिकारियों को सिर्फ निलंबित किया गया है। दरअसल कानून में ऐसा कोई प्रावधान ही नहीं है कि अफसरों की लापरवाही से होने वाली मौतों के लिए उन्हें भी अपराधियों की तरह सजा होगी। केंद्र सरकार ने आपराधिक कानून का नाम बदल दिया। इसमें कई तरह के संशोधन किए गए। किन्तु नौकरशाहों को जिम्मेदार बनाने के लिए सजा का प्रावधान नहीं किया गया। यही वजह है कि जहरीली शराब पीने से होने वाले हादसे हो या इसी तरह के दूसरे हादसों में जिम्मेदार अधिकारियों को आपराधिक मामलों की तरह जेल की सजा नहीं होती। पांच साल पहले पंजाब में तरनतारन, अमृतसर और गुरदासपुर जिलों में एक बड़ी शराब त्रासदी हुई थी।

जुलाई और अगस्त 2020 में माझा क्षेत्र के तीन जिलों तरनतारन, गुरदासपुर और अमृतसर में नकली शराब पीने से लगभग 130 लोगों की मौत हो गई थी। लगभग एक दर्जन लोगों की आंखों की रोशनी चली गई थी। अकेले तरनतारन जिले में लगभग 80 मौतें हुई थीं। 19 मार्च 2024 को पंजाब के ही संगरूर जिले में नकली शराब पीने से 21 हो गई थी, जबकि 40 से अधिक लोग गंभीर रूप से बीमार हुए। ये पहला मौका नहीं है जब देश के किसी राज्य में जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत हुई हो। वर्ष 2014 में अवैध शराब के सेवन से 1,699 मौतें हुईं। वर्ष 2015 में 1,624 घटनाओं में 1,522 लोगों की जान गई। महाराष्ट्र (278), पुडुचेरी (149) और मध्य प्रदेश (246) में सबसे ज़्यादा मौतें हुईं। वर्ष 2016 में 1,073 घटनाओं में 1,054 मौतें दर्ज की गईं। इस वर्ष मध्य प्रदेश (184) और हरियाणा (169) में सबसे ज़्यादा लोगों ने अपनी जान गंवाई। इसी तरह वर्ष 2017 में 1,497 घटनाओं में 1,510 मौतें हुईं। इनमें कर्नाटक (256), मध्य प्रदेश (216) और आंध्र प्रदेश (183) में हालात गंभीर रहे। वर्ष 2018 में 1,346 घटनाओं में 1,365 लोगों की जान गई।

मध्य प्रदेश (410) और कर्नाटक (218) में सबसे ज़्यादा मौत के मामले सामने आए। वर्ष 2019 में 1,141 घटनाओं में 1,296 मौतें हुईं। इनमें मध्य प्रदेश (410) और कर्नाटक (268) लोगों की मौत हुई। वर्ष 2020 में 931 घटनाओं में 947 लोगों की जान गई। मध्य प्रदेश (214) और झारखंड (139) में सबसे ज़्यादा मौतें हुईं। वर्ष 2021 में 708 घटनाओं में 782 मौतें हुईं और वर्ष 2022 में 507 घटनाओं में 617 मौतें हुईं। इनमें बिहार (134) और कर्नाटक (98) में अवैध शराब का कहर जारी रहा। वर्ष 1992 ओडिशा के कटक में जहरीली शराब पीने से 200 से अधिक लोगों की मौत हुई जबकि 600 अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जो दशकों में भारत में इस तरह की सबसे बड़ी घटना थी। वर्ष 1981 में कर्नाटक के बेंगलुरु में सबसे भयानक हादसा हुआ। बेंगलुरु में मिथाइल अल्कोहल विषाक्तता के कारण 308 लोगों की मौत हो गई।



यह सस्ती शराब में मिलावट के कारण हुआ था। अवैध या जहरीली शराब सिर्फ बिहार या पंजाब की समस्या नहीं है। देश के लगभग सभी राज्यों में अवैध शराब का कारोबार धड़ल्ले से चलता है। हर साल लाखों लीटर अवैध शराब जब्त भी होती है। लेकिन इस पर पूरी तरह से रोक नहीं लग पा रही। बिहार ही नहीं, बल्कि गुजरात, मिजोरम, नागालैंड और लक्षद्वीप में भी पूरी तरह से शराबबंदी है। इसके बावजूद यहां जहरीली शराब से मौतें होती रहती हैं।

गुजरात पहला राज्य था, जिसने शराब पर प्रतिबंध लगाया था। फिर भी राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि 6 साल में जहरीली या अवैध शराब पीने से राज्य में 54 लोगों की मौत हो चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि भारत में हर साल शराब की जितनी खपत होती है, उसमें से 50 फीसदी अवैध तरीके से बनती और बिकती है। एक अनुमान के मुताबिक भारत में हर साल पांच अरब लीटर शराब पी जाती है। इसमें 40 फीसदी से ज्यादा अवैध तरीके से बनाई जाती है और ये सस्ती होती है। ग्रामीण इलाकों में देसी शराब ज्यादा पी जाती है। बिहार सरकार के आंकड़े बताते हैं कि शराबबंदी कानून तोडने के मामले में 6.71 लाख से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। देश के कुछ राज्यों में शराबबंदी लागू है और कुछ ऐसे भी हैं जहां पहले शराबबंदी थी लेकिन बाद में इसे हटा लिया गया। हरियाणा में 1996 में शराबबंदी लागू की गई थी, लेकिन दो साल बाद ही 1998 में इसे हटा लिया गया। आंध्र प्रदेश में 1995 में शराब पर प्रतिबंध लगा लेकिन 1997 में सरकार ने इसे वापस ले लिया। मणिपुर में भी 1991 से शराबबंदी लागू है और सरकार ने इसमें थोड़ी छूट देने का फैसला लिया। ऐसा इसलिए ताकि सरकारी खजाना भर सके। मणिपुर सरकार को शराबबंदी के कानून में थोड़ी छूट देने से 600 करोड़ रुपये का रेवेन्यू मिलने का अनुमान है।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक देश के ज्यादातर राज्यों के टैक्स रेवेन्यू में 10 से 15 फीसदी हिस्सेदारी शराब से मिलने वाले टैक्स की है। उत्तर प्रदेश और कर्नाटक जैसे राज्यों के टैक्स रेवेन्यू में तो 20 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी शराब की है। अवैध और जहरीली शराब से होने वाली मौतों के आंकड़ों से जाहिर है कि देश में ऐसा एक भी साल नहीं गया, जब ऐसे हादसों में लोगों की जानें नहीं गई हों। मतलब जहरीली शराब से होने वाली मौतें देश में स्थाई लाइलाज समस्या बन गई हैं।

केंद्र हो या राज्यों की सरकारें की जांच एजेंसिंया ऐसा हादसा होने के बाद सक्रिय होती हैं। सरकारें मृतक आश्रितों को चंद रूपयों का मुआवजा और कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी कर असली जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेती हैं। ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति के बावजूद राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में ऐसी समस्याएं स्थान नहीं पाती हैं। दरअसल राजनीतिक दलों की एजेंडे में ऐसी मौतों के लिए कोई स्थान नहीं है। ऐसा इसलिए भी है कि ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति नहीं होने देने की गारंटी से वोट बैंक मजबूत नहीं होता। यही वजह है कि हर साल किसी न किसी राज्य से जहरीली शराब से होने वाली मौतों की पुनरावृत्ति जारी है। आगे भी इस सिलसिले के थमने के आसार नजर नहीं आते। राज्यों में सिर्फ विपक्षी दल शोर-शराबा करता है, किन्तु सत्ता में आने पर ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए किसी के पास कोई नीति नहीं होती। ऐसी मौतों का सिलसिला तब तक जारी रहेगा, जब तक मौतों के लिए जिम्मेदार अफसरों के लिए कानून में जेल भेजे जाने का प्रावधान नहीं होगा।

### आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपकी राय लोगों के लिये काफी उपयोगी सिद्ध हो सकती है। लेकिन फिर भी अधीनस्थ कर्मचारी आपके विरुद्ध हो सकते हैं।

**वृषभ**
दाम्पत्य सम्बन्धों में ताजगी रहेगी। नये कार्यों को लेकर उमंग-उत्साह की भावना में वृद्धि होगी। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के लिये दिन काफी अच्छा रहेगा।

**मिथुन**
कारोबार की स्थिति में सुधार आने की सम्भावना है। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। पुराने झगड़ों में दोबारा उलझने से बचें।

**कर्क**
परिवार के सदस्य आपके ऊपर गर्व करेंगे। व्यवसाय में सावधानी रखने की आवश्यकता है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है।

**सिंह**
कुछ महत्वपूर्ण काम अटक सकते हैं। आलस्य करने से बचें। दिन संघर्षों से युक्त हो सकता है। जीवनसाथी के साथ विश्वास में कमी आयेगी।

**कन्या**
आज अल्प प्रयासों से आपके काम सफल हो जायेंगे। आपकी दैनिक आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्च पद मिल सकता है।

**तुला**
जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में कुछ परिवर्तन ला सकते हैं। जीवनसाथी के साथ तालमेल बहुत ही अच्छा रहेगा। माता-पिता के प्रति व्यवहार अच्छा रखें।

**वृश्चिक**
प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। परिवार के लोग आपके निर्णयों से काफी प्रसन्न रहेंगे। कार्यक्षेत्र का काम समय पर पूर्ण हो जायेगा।

**धनु**
आपकी कार्यशैली में सुधार हो सकता है। आपको अकारण यात्रा करनी पड़ सकती है। घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। पति-पत्नी के बीच नोंकझोंक होने की आशंका है।

**मकर**
घर के किसी अविवाहित सदस्य के विवाह की चर्चा हो सकती है। प्रभावशाली लोगों के बीच आपका उठना-बैठना रहेगा। शान्तिपूर्ण तरीके से समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें।

**कुंभ**
नयी सम्पत्ति खरीदने का विचार बना सकते हैं। वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार अपनी रणनीति में बदलाव करेंगे। अपने काम की गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास करें।

**मीन**
कोई मनोकामना आज पूर्ण हो सकती है। यदि आप किसी समस्या से परेशान हैं तो आपको उसका समाधान मिल सकता है। धैर्यवान होकर काम पूर्ण करें।

# एनटीपीसी कांटी में बालिका सशक्तिकरण अभियान की शुरुआत

## कांटी ब्लॉक के विभिन्न गांवों की 40 बालिकाएं हैं शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कांटी।** एनटीपीसी काँटी ने सोमवार को बालिका सशक्तीकरण अभियान 2025 की शुरुआत की। इस अभियान का उद्घाटन तापस साहा, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवम प्रचालन) एनटीपीसी काँटी ने किया। बालिका सशक्तीकरण अभियान में कांटी ब्लॉक के विभिन्न गांव से 40 बालिका शामिल हैं, जो 8 स्कूलों का प्रतिनिधित्व कर रही है. सशक्त बालिका सशक्त काँटी के थीम पर 26 मई से 22 मई तक चलने वाली इस कार्यशाला में छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी जिसमे गणित, अंग्रेजी, हिंदी आदि जैसे विषय पढ़ाये जाएंगे । इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों को पौष्टिक भोजन भी मिलेगा। लड़कियों के समग्र विकास के लिए योग, नृत्य, संगीत, पेंटिंग आदि जैसी एक्स्ट्रा करीकुलर एक्टिविटीज भी प्रदान होंगी। साथ ही कंप्यूटर की ट्रेनिंग भी दी जाएंगी। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए ने श्री तापस साहा, महाप्रबंधक ने कहा की 'एनटीपीसी कंटी आज से अगले चार सप्ताह तक आस पास के गाँव से 40 बालिकाओं के लिए बालिका सशक्तिकरण अभियान की शुरुआत करने जा रही है। इस अभियान मे ना उन्हे सिर्फ किताबें पढ़ाई जाएंगी बल्कि हर वो चीजें बताई और पढाई जाएंगी जो उन्हे सशक्त बनने में मदद करेगी। एनटीपीसी जैसे कंटी के विकास के लिए हमेसा तत्पर रहती है ठीक उसी तरह से बालिकाओं की पूरी सुरक्षा और जिम्मेदारी के लिए तत्पर रहेगी। इस अभियान में हमारा सहयोग देने के लिए मैं बच्चो के अभिभावक, शिक्षक, और प्रधानाध्यापक को धन्यवाद देता हूँ।'

## न्यायालय ने अभियुक्त को सुनायी सजा

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एन डीपीएस कोर्ट-2 ने एन डीपीएस एक्ट के एक अभियुक्त को 14 बर्षो की सश्रम कारावास व एक लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनायी है। सजा पानेवाला अभियुक्त पलनवा थाना क्षेत्र के सरैया जागरी गांव निवासी बिरजू साह का पुत्र पन्नालाल साह बताया गया है। बता दें कि उक्त अभियुक्त के खिलाफ पलनवा थाना में कांड सं0- 19/08 धारा 20 बी/11 सी एन डीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। उक्त कांड में मोतिहारी पुलिस द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्य व समर्पित चार्जशीट के आधार पर न्यायालय ने उक्त सजा सुनाई है।

# शिक्षक को मारी गोली, घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** थाना क्षेत्र के ताजपुर बहियार इलाके में रविवार रात भोज खाने गए शिक्षक को अपराधियों ने गोली मार दी। घायल शिक्षक की पहचान तेघड़ा थाना क्षेत्र के गौड़ा-1 निवासी सुमन सौरभ के रूप में हुई है। शिक्षक को गोली पंजरा में लगने से घायल हो गए। जिसका इलाज जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। जहां से हायर सेंटर पटना रेफर कर दिया गया है। घायल शिक्षक सुमन सौरभ के भाई पिंटू पाठक ने बताया कि गांव का ही दोस्त हरिओम शाम में घर से बुला कर ले गया था। जिसके बाद रास्ते में दो अन्य युवक समस्तीपुर जिला के मऊ निवासी गौरव झा और सातनपुर निवासी सोनू झा साथ हो गए। यह लोग सुमन को लेकर भगवानपुर थाना क्षेत्र के ताजपुर जगदीशपुर चिमनी के समीप बगीचा में ले गए। जहां तीनों ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद सुमन गोली लगने के बाद एक आम के पेड़ के नीचे छिप गया। नहीं मिलने पर बदमाशों से टार्च जलाकर गाछी में मार देने के लिए खोज रहे थे। सुमन ने फोन पर गोली मारने की सूचना दी उसके बाद हमने भगवानपुर थाना को सूचना दी। उन्होंने बताया कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय ओझा टोल बरौनी में पोस्टेड सुमन सौरव का गांव के ही दोस्त हरिओम के साथ झगड़ा हुआ था। बाद में दोनों में दोस्ती भी हो गई थी। हरिओम ही बीते शाम घर से बुलाकर ले गया था। फिलहाल सूचना मिलते ही पहुंची भगवानपुर थाना की पुलिस ने खून से लथपथ हालत में उठाकर अस्पताल भेजा, जहां से उसे पटना रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। कारणों का अभी तक कोई भी पता नहीं चल पाया है।

## भाकपा का शाखा सम्मेलन आयोजित

**नावकोठी।** प्रखंड के रजाकपुर में भाकपा का शाखा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता चंदन महतो ने की। विधायक सूर्यकांत पासवान ने कहा कि देश के सत्ता पर काबिज संघ परिवार के इशारे पर काम करने वाली भाजपा की सरकार आम आवाम को ठग रही है। प्रति वर्ष दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वायदा कर सत्ता पर काबिज होते ही इसे सद्फा करार दिया। किसानों को मंहगे दर पर खाद, बीज खरीदने तथा मंहगी सिचाई करने के लिए बाध्य कर रही है। किसानों के आय दोगुनी करने की घोषणा करने के बाद इसे पूरा करने का कोई कदम नहीं उठाया गया। उलटे इसके लिए मिलने वाला अनुदान समाप्त कर दिया।

# भूमि विवाद में पीड़ित ने लगाया पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेरिया (बरियारपुर)।** थाना क्षेत्र के चेरिया बरियारपुर पंचायत में जमीनी विवाद में पुलिस पर एक तरफा कार्रवाई करने का आरोप पीड़ित ने लगाया है। इस संबंध में एसपी से शिकायत की गई है जिससे पीड़ित परिवार सहित आम जन मानस में पुलिस प्रशासन के प्रति जबरदस्त आक्रोश देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार उक्त मामले में पीड़ित मो अमजद अली के लगभग 40 वर्षीय पुत्र फिरोज आलम ने पुलिस कप्तान को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस कप्तान को सौंपे आवेदन में पीड़ित फिरोज ने बताया है कि 20 मई की रात्रि लगभग साढ़े दस बजे चेरिया बरियापुर थाना पुलिस मेरे घर पहुंची तथा न्यायालय में लंबित जमीनी विवाद मामले को लेकर संबंधित जमीन खाली कराने का दबाव बनाने लगी। इस संबंध में मेरे द्वारा बताया गया कि उक्त विवादित जमीन से संबंधी मामला न्यायालय में लंबित है। न्यायालय से जो भी फैसला आएगा हम लोग उसे मानने के लिए तैयार हैं। इसी बात पर आक्रोशित होकर पुलिस प्रशासन आग बबूला हो गई। इसके उपरांत पुलिस के द्वारा मेरे साथ मार-पीट शुरू कर दिया गया। इस संबंध में एसपी ने जांच का आश्वासन दिया है।

# नक्सल इलाके के युवा होंगे शिक्षित : डीआइजी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिला पुलिस उपमहानिरीक्षक आशीष भारती ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने हेतु लगातार प्रेरित किया जाता रहा है। साथ ही आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग भी प्रदान किया जाता रहा है। इसी क्रम में 18 मई को पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री भारती द्वारा नक्सल प्रभावित धरहरा थाना में स्थापित पुस्तकालय में 20 नई पुस्तकें उपलब्ध कराइ है। जो प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित हैं। ऐसी पुस्तके उपलब्ध कराइ गई है। ज्ञात हो कि पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री भारती ने 30.जनवरी को 200 से अधिक पुस्तकें धरहरा थाना में स्थापित पुस्तकालय को उपलब्ध कराया गया था। उसी क्रम में धरहरा थाना क्षेत्र के युवाओं ने कुछ अन्य किताबें उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। जिसे पुलिस श्री भारती ने 18 मई को उपलब्ध कराया गया। साथ ही इनके द्वारा विभिन्न जिलों में अपने पदस्थापन के दौरान कई पुस्तकालयों को प्रारंभ किया गया है। जिसे अभी भी सहयोग प्रदान किया जा रहा है। तथा वहां के युवाओं को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस संबंध में डीआईजी श्री भारती ने कहा की समाज से भटके युवाओ को मुख्य धारा में लाने के लिए शिक्षा अनिवार्य है। शिक्षित युवा ही देश के होनहार बनेगे। इस तरह के रचनात्मक कार्य से मुझे आत्मसंतुष्टि मिलती है।



# बिहार के लाल पंकज केसरी ने अपनी शानदार सफर से नाम किया रोशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार की सांस्कृतिक धरती से जन्मे पंकज केसरी ने भारतीय सिनेमा में अपनी कड़ी मेहनत, बहुमुखी प्रतिभा और अपार समर्पण के बल पर वो मुकाम हासिल किया है, जिसकी ख्वाहिश हर युवा कलाकार करता है। पटना के रंगमंच से शुरुआत कर मुंबई की व्यावसायिक दुनिया में जगह बनाना, और फिर भोजपुरी, तेलुगु, तमिल से लेकर हिंदी सिनेमा व डिजिटल प्लेटफॉर्म तक अपनी छाप छोड़ना – पंकज केसरी की यात्रा हर कलाकार के लिए प्रेरणास्रोत है। पंकज केसरी ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत पटना के नाट्य मंच से की, जहाँ उन्होंने अभिनय की बुनियादी समझ और मंचीय अनुशासन को आत्मसात किया। इसके बाद उन्होंने मुंबई के थिएटर में खुद को तराशा और एक प्रसिद्ध म्यूजिक टीवी चैनल में दो वर्षों तक एंकरिंग करते हुए संवाद कौशल और स्क्रीन प्रजेंस में महारत हासिल की। पंकज केसरी अब तक 45 से अधिक भोजपुरी फिल्मों में लीड रोल निभा चुके हैं। अब पंकज केसरी हिंदी सिनेमा और डिजिटल दुनिया में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। उनकी एक हिंदी फीचर फिल्म और एक वेब सीरीज फिलहाल निर्माणाधीन है, जो उनके अभिनय के नए दौर की शुरुआत मानी जा रही है।

# लंबे समय तक सीपीआई व महागठबंधन में शामिल पार्टियों ने बखरी को विकास से रखा है वंचित : आर्य

## भाजपा बखरी मंडल कार्यकारिणी की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** भाजपा नगर व ग्रामीण मंडलों की नवगठित कार्यकारिणी की बैठक क्रमशः मक्खाचक स्थित कौशल विकास केन्द्र तथा डरहा में सम्पन्न हुई। नगर अध्यक्ष कामिनी कंचन तथा प्रखंड बीस सूत्री सह ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनोज महतो की अध्यक्षता में सम्पन्न कार्यसमिति को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला प्रवक्ता पूर्व पार्षद सिधेश आर्य ने कहा कि देश के अंदर भाजपा विकास परक राजनीति का पर्याय बन चुकी है। स्थानीय सांसद व केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के नेतृत्व में बखरी विकास के नये आयामों को छू रहा है। रेल व सड़क की कनेक्टविटी बढने तथा बिजली की व्यवस्था बेहतर होने से क्षेत्र की आर्थिक प्रगति की संभावनाएं बढ़ी है। लंबे समय तक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली सीपीआई व महागठबंधन में शामिल पार्टियों ने बखरी को विकास से वंचित रखा। उन्होंने आने वाले विधानसभा चुनाव में सम्पूर्ण विश्व से समाप्त हो चुकी कम्युनिज्म को बखरी से उखाड़ फेंकने का आह्वान कार्यकर्ताओं से किया। आपरेशन सिंदूर की सफलता तथा सेना के शौर्य ने सम्पूर्ण देशवासियों का मस्तक गर्व से उंचा कर दिया है। पार्षद समीर श्रवण व संजीत महतो के संचालन में सम्पन्न कार्यसमिति बैठकों को जिला परिषद् सदस्य घनश्याम राय, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री नीरज नवीन, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता विनोद राम, सुनील राम, उमेश पासवान, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोजिनी भारती, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष कुन्दन कानू, अमरनाथ पाठक, संतोष साह, कृष्ण मोहन चौधरी, प्रियांशु रघुवंशी, जयदेव सान्याल, केशव मिश्रा, नागेश्वर महतो, राहुल राम, कपिलदेव राम आदि ने संबोधित किया। इससे पूर्व नगर कार्यसमिति की बैठक का शुभारंभ नगर अध्यक्ष कामिनी कंचन के साथ मीनू राम, बबिता चौरसिया, राजकुमारी सिन्हा, शिल्पी गांधी, राजकुमारी पोद्दार, रूचि अग्रवाल, अंकी देवी, माधवी आदि महिला नेत्रियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

# सावित्री व्रत पर वट वृक्ष के नीचे सुहागिनों ने की पूजा-अर्चना, पतियों की दीर्घायु की कामना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा।** ओबरा प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को वट सावित्री व्रत के अवसर पर सुहागिनों ने वट वृक्ष के नीचे पारंपरिक ढंग से पूजा-अर्चना कर अपने पतियों की दीर्घायु और सुखमय दांपत्य जीवन की कामना की। सुबह से ही महिलाओं ने पारंपरिक परिधान और सुहाग चिन्हों से सज-धजकर व्रत रखा और वट वृक्ष की पूजा की। व्रत का विशेष महत्व बताते हुए पंडित कमल किशोर पांडेय ने कहा कि सावित्री ने अपने दृढ़ संकल्प और पतिव्रता धर्म के बल पर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस ले लिए थे। उसी की स्मृति में यह व्रत प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ मास की अमावस्या को रखा जाता है। महिलाएं वट वृक्ष की पूजा कर उसे कच्चे धागे से लपेटती हैं और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं।पूजा स्थलों पर व्रती महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। जगह-जगह वट वृक्ष के नीचे धार्मिक अनुष्ठान और कथा-श्रवण का आयोजन किया गया। महिलाएं व्रत कथा सुनने के बाद वृक्ष की परिक्रमा कर उसे रक्षा सूत्र अर्पित करती रहीं। इस मौके पर पूजा सामग्री की दुकानों, पंखा विक्रेताओं और श्रृंगार सामग्री के दुकानों पर विशेष चहल-पहल देखी गई। बाजारों में दिनभर भीड़ बनी रही। वट सावित्री व्रत को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया, वहीं पूजा सामग्री की अच्छी बिक्री भी हुई।



**क्या है व्रत की मान्यता**

मान्यता है कि वट सावित्री व्रत रखने और वट वृक्ष की पूजा करने से न केवल पति की उम्र लंबी होती है, बल्कि दांपत्य जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। सावित्री ने जैसे अपने तप, श्रद्धा और साहस से मृत्यु के देवता यमराज से अपने पति को पुनः जीवित करवा लिया था, उसी श्रद्धा से आज की नारियां भी यह व्रत रखती हैं। वट सावित्री व्रत भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति और पतिव्रता धर्म का प्रतीक है, जो पीढ़ियों से एक परंपरा के रूप में जीवित है।

# खरीफ फसल बुआई के दौरान उर्वरक की उपलब्धता पर की गई चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड उर्वरक निगरानी समिति की बैठक ई किसान भवन नावकोठी में सोमवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता बीएओ ओमप्रकाश यादव ने की। उन्होंने कहा कि खरीफ फसल बुआई का कार्य प्रगति पर है। इस मौसम में किसानों को उर्वरक की कमी नहीं हो, इसके लिए क्या प्रबंध किया जा सकता है। इस पर विचार किया गया। भाकपा अंचल मंत्री चंद्र भूषण चौधरी ने कहा कि बेमौसम बारिश तथा आंधी से रबी फसल की व्यापक क्षति हुई है। इससे किसानों को हुई आर्थिक क्षति का आकलन नहीं किया गया है और न ही इसके भरपाई हेतु कोई ठोस कदम उठाया गया है। बोरिंग योजना के तहत व्यापक रूप में अनियमितता बरती गई है। किसानों तथा विभागीय पदाधिकारी के घालमेल से किसी अन्य किसानों में गाड़े गए बोरिंग को दिखाकर इसकी राशि का बंदरबांट किया गया है। इसकी जांच की मांग की। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार, प्रशिक्षु बीएओ शोभित कुमार, बीटीएम विवेकानंद, कृषि समन्वयक मनोज कुमार, किसान सलाहकार सुनील कुमार द्वय, राजीव कुमार, उर्वरक बिक्रेता कुणाल कुमार, नंदकिशोर साह, राजेश कुमार, राजीव कुमार आदि मौजूद थे।

# ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों ने झटके कई अवॉर्ड, गांव में खुशी का माहौल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)।** जिला के राजेपुर अवस्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय के समीप रोड पर प्रथम केएचसी एथलेटिक्स चैंपियनशिप- 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। राजेपुर की धरती पर पहली बार इस तरह का आयोजन ख्वाब फाउंडेशन ने किया जिसमे ग्रामीण प्रतिभा को शानदार अवसर मिला और प्रतिभा का लोहा मनाया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव अरविंद कुमार, जिला साइक्लिंग एसोसिएशन के सचिव सह स्टेट ज्वाइंट सेक्रेट्री सिद्धार्थ वर्मा के साथ सन शाइन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नागेंद्र कुमार वर्मा, उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक जटाशंकर प्रसाद, वरीय शिक्षक महेश कुमार ने सामूहिक रूप से पौधा में जल देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए किया। अतिथियों को मोमेंटो, अंगवस्त्र, पौधा देखकर सम्मानित किया गया। संस्थापक मुन्ना कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए बोले कि जिनको पढ़ाई में मन नहीं लगता है वो खेलाई में लगाए और मेडल लाकर सरकारी नौकरी लाए। वहीं अरविंद कुमार ने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को जिला में मौका देने की बात कही। लगभग 300 से ज्यादा खिलाड़ियों ने विभिन्न उम्र वर्ग अंदर 14, अंदर 16, अंदर 20 और 20 से उपर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। संत जेवियर वर्ल्ड स्कूल पिपरा, रेजिडेंशियल सन साइन पब्लिक स्कूल, एकेजी हैप्पी क्लब, एकलव्य प्रेप पब्लिक स्कूल और कोचिंग के साथ कई सरकारी स्कूल के खिलाड़ियों ने भाग लेकर दौड़ में प्रतिभा का परचम लहराया। पूरे खेल में सर्वाधिक 16 गोल्ड मेडल लाने वाले कलाम हैप्पी क्लब को विजेता का ट्रॉफी प्रदान किया गया तो मिथुन साइंस इंस्ट्रक्शन के 4 गोल्ड मेडल जीतने पर उपविजेता का ट्रॉफी निदेशक मिथुन कुमार को प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक एवं साइकिल गर्ल अर्पणा सिन्हा, ऑफिशल के रूप में टोनू सौम्या, विकेश कुमार, संदीप कुमार, राकेश कुमार, आनंद कुमार, गुड़िया कुमारी, अनुज कुमार, अंजली कुमारी तो वॉलेंटियर के रूप में अंजलि कुमारी, अनामिका कुमारी, चंदा कुमारी, असुप्रिया, प्रीति, गोलू, संस्कार राज, अभिनंदन, कृतिका, सयम, सोनी, अभिजित, नभिषेक, बादल कुमार ब्याहुत, रमेश शर्मा, सयेंद्र कुमार, राजेश कुमार आदि ने अपना अहम योगदान दिया।

# सुहागिनों ने की पति के लंबी उम्र की कामना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तेघड़ा।** जिले के सभी प्रखंडों में सोमवार को वट सावित्री पूजा पर सुहागिनों ने अपनी पति की लम्बी उम्र की दुआ मांगी। इस अवसर पर सुहागिन महिलाये सजसंवरकर बरगद पेड के नीचे पहुंची। बटवृक्ष के निचे पूजा अर्चना की। और अपने पति की लम्बी उम्र की कामना की। गांव से लेकर शहर तक सभी जगहों पर महिलाओ ने यह व्रत की।इस संबंध में विद्वत जनो का कहना है की हिंदू धर्म में वट सावित्री पूजा एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है। जो ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस दिन, विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुखी जीवन के लिए वट वृक्ष (बरगद के पेड़) की पूजा करती हैं।इस पूजा का मुख्य उद्देश्य अपने पति की लंबी उम्र और सुखी जीवन के लिए प्रार्थना करना है।वट वृक्ष को पवित्र माना जाता है और इसकी पूजा करने से महिलाओं को अपने जीवन में सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है।इस पूजा का संबंध सावित्री और सत्यवान की कहानी से है। जो पति-पत्नी के प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। इस पूजा के माध्यम से महिलाएं अपने विवाहित जीवन में सुख-शांति और समृद्धि की कामना करती हैं।वट सावित्री पूजा का आयोजन करके, महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुखी जीवन के लिए प्रार्थना करती हैं और अपने विवाहित जीवन में सुख-शांति और समृद्धि की कामना करती हैं।



## सोमवारी अमावस्या पर महिलाओं ने की पूजा-अर्चना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवती अमावस्या पर महिलाओं ने पीपल वृक्ष की पूजा अर्चना श्रद्धा भक्ति से की। पंडित सुरेश मिश्र ने बताया कि यह आस्था तथा विज्ञान की कसौटी पर खड़ा उतरता है। पीपल सबसे ज्यादा ऑक्सीजन उत्सर्जित कर पर्यावरण को शुद्ध करता है तो इसके फेरे लगाने वाले भक्तों को शुद्ध ऑक्सीजन प्राप्त होता है। इस पेड़ के चारों ओर जितने फेरे लगाए जाते हैं भक्त उतने ही स्वस्थ एवं दीर्घायु होते हैं। इस मौके पर महिलाओं ने अपने परिवार के सदस्यों के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन के लिए वैदिक रीति रिवाज से पूजन हवन की। महेशवाड़ा, पहसारा, बभनगामा, टेकनपुरा, वृंदावन, डफरपुर, छतौना, नावकोठी, हसनपुर बागर, नावकोठी, रजाकपुर, गम्हरिया, विष्णुपुर, सैदपुर, देवपुरा, समसा, जीतपुर, करैटाड़ आदि में पीपल पेड़ को कच्चे धागे से फेरा लेकर दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की मंगलकामना की। इससे उत्सवी माहौल बन गया। आज के दिन हर जगह यही उत्सव माहौल हर पीपल के वृक्ष पास देखने को मिल रहा है।

## चकिया में 14 पियक्कड़ समेत 16 गिरफ्तार

**चकिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग स्थानों से पुलिस ने विशेष समकालीन अभियान के दौरान शराब के नशे में 14 पियक्कड़ समेत दो वारंटियों को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया। पुलिस ने नशे में धुत सभी लोगों को हिरासत में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल लाई। जहां पर चिकित्सकों ने अल्कोहल जांच में अल्कोहल की पुष्टि की। इसके उपरांत पुलिस ने सभी पियक्कड़ों को मध निषेध अधिनयम के तहत गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी दल में थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार, एसआई राजकुमार राजू, पप्पू कुमार, पीएसआई मौसम कुमार सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# सीएचओ के घर चोरी

## घर में सोए थे गृहस्वामी, चोरों ने रात में घटना को दिया अंजाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** नगर परिषद् बरौनी क्षेत्र के वार्ड संख्या 21 (निपनिया) में अज्ञात चोरों ने अपने दुस्साहस का परिचय देते हुए घर में प्रवेश कर नकदी, जेवरात, दो बैग सहित एक मोबाइल ले उड़ा। इसकी जानकारी परिजनों को तब लगी जब वे लोग सोमवार की सुबह सोकर उठे और सामान गायब देख दंग रह गए। पीड़िता सीएचओ रिचा कुमारी ने फुलवड़िया थाना पुलिस से उक्त घटना के बारे में लिखित शिकायत की है। रिचा ने बताया कि मैं और मेरे पिता जी दोनों अलग - अलग कमरे में सोए हुए थे। जबकि मां दालान पर गर्मी के कारण सोई हुई थी। किंतु अज्ञात चोर छत के ऊपर की मार्ग से चढ़ मेरे घर में प्रवेश कर मेरे कमरा की आलमीराह पर पड़े एक बैग, बेड पर रखे एक बैग, सोने की कान का बाली और दालान पर सो रही मां के पास से एक रियलमि का एंड्रयड मोबाइल लेकर नौ दो ग्यारह हो गया। चोरों ने दोनों थैलों से नगदी लगभग ग्यारह हजार रूपये निकाल लिए और थैलों को छत पर यत्र-तत्र फेंक दिया जबकि मोबाइल ले लिया और उसके कवर को मोबाइल से निकाल छत पर ही फेंक दिया। जबकि थैलों में रखे डीएल सहित अन्य दस्तावेजों को थैले में छोड़ चोरी की घटना को अंजाम देते हुए चंपत हो गया। मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। इस थाना क्षेत्र से जुड़े कई ऐसे चोरी की मामले हैं जिसका वर्षों बीत जाने के बावजूद भी चोरी की घटना का उद्भेदन कर पाना पुलिस प्रशासन के लिए सिर का दर्द बना हुआ है।

## राजस्व तंत्र को सुचारु रखने के लिए प्रशासन ने उठाया बड़ा कदम

# राजस्व कार्यों को गति देने हेतु पंचायत सचिवों और अंचल अमीनों को दिया विशेष प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** राजस्व विभाग की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण प्रदेश भर में उत्पन्न हुई प्रशासनिक असहजता के बीच जहानाबाद जिला प्रशासन ने राजस्व कार्यों को पुनः गति देने के उद्देश्य से एक बड़ी पहल की है। सोमवार को समाहरणालय सभागार में पंचायत सचिवों एवं अंचल अमीनों को विशेष प्रशिक्षण देकर उन्हें राजस्व कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस प्रशिक्षण सत्र का आयोजन जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडेय एवं राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार के अपर मुख्य सचिव के निर्देश पर किया गया। प्रशिक्षण का नेतृत्व अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार ने किया।






**हड़ताल से ठप हो चुके थे दाखिल-खारिज व प्रमाण पत्र निर्गत**

अपर समाहर्ता ने बताया कि 7 मई 2025 से राज्यभर के राजस्व कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं, जिससे दाखिल-खारिज, भू-लगान व परिमार्जन सहित जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत जैसे जनहित कार्य पूर्णतः ठप हो गए हैं। छात्र-छात्राओं एवं आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पंचायत सचिवों को दी गई जिम्मेदारी**

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने वैकल्पिक उपाय के रूप में पंचायत सचिवों व अंचल अमीनों को राजस्व कार्य संचालन का अधिकार देने का निर्णय लिया है। प्रशिक्षण के उपरांत 27 मई से इन कर्मियों को अपने-अपने हल्का क्षेत्र में दाखिल-खारिज, भू-लगान व भू-मापन, प्रमाण-पत्र निर्गत सहित सभी ज़रूरी कार्यों का निष्पादन सौंपा जाएगा। **जिले में सात अंचलों में ठप पड़ा था राजस्व तंत्र**

जहानाबाद जिले के सातों अंचलों में अधिकांश नव-नियुक्त कर्मचारी हड़ताल में शामिल हैं, जिससे सरकारी कार्यों पर विराम लग गया था। ऐसे में पंचायत सचिवों और अमीनों की भूमिका अब तंत्र को पुनः सक्रिय करने में केंद्रीय हो गई है।

**सरकारी लैपटॉप भी वापस लेने का आदेश**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के विशेष सचिव के निर्देश पर हड़ताल में शामिल कर्मियों से सरकारी लैपटॉप वापस लेने का आदेश भी जारी किया गया है। अपर समाहर्ता विनोद कुमार सिंह ने अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित समय सीमा में उपकरणों की वापसी सुनिश्चित कराएं।

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कराया गया गहन तकनीकी प्रशिक्षण**

पंचायत सचिवों एवं अमीनों को राजस्व प्रक्रिया, दस्तावेज सत्यापन, फील्ड निरीक्षण और रिपोर्टिंग से संबंधित विषयों पर ऑनलाइन माध्यम से गहन प्रशिक्षण दिया गया, जिससे वे कार्य के तकनीकी पहलुओं से भलीभांति परिचित हो सकें।

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, पति गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पहाड़पुर (पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र के कोटवा पंचायत के लखनीपुर दलित बस्ती में एक विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत का मामला सामने आया है मृतका की पहचान रमोद राम की लगभग 26 वर्षीय पत्नी चिंता देवी के रूप में की गई है। मृतका के परिजनों ने पति सहित ससुराल वालों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया। उसके बाद घटना की जांच शुरू कर दी है।मृतका के पिता गुलजार राम नौतन थाना क्षेत्र के धुम नगर कचहरी टोला ने पुलिस को आवेदन देकर बताया है कि करीब 7 वर्ष पहले चिंता की शादी लखनी पुर निवासी खेदु राम के लड़के रमोद राम से हुई थी। शादी के कुछ ही समय बाद से पति द्वारा उसके साथ लगातार मारपीट की जाती थी और लगातार पति द्वारा मोटरसाइकिल का मांग भी किया जा रहा था। वहीं दहेज में मोटरसाइकिल नहीं देने पर मेरे लड़की को गला दबाकर मार दिया गया। मृतका के पिता गुलजार राम ने पति सहित सास ससुर को गला दबाकर मारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मौके से ही मृतका के पति रमोद राम को हिरासत में ले लिया है। मामले में थानाध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम में भेजा गया है। पीड़ित परिवारों द्वारा आवेदन प्राप्त है पुलिस अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है। आगे की कार्रवाई जारी है

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरदिया उर्दू का एमडीएम पदाधिकारी ने की जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**तुरकौलिया(पूर्वी चम्पारण)।** जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरदिया उर्दू का जिला मध्यान पदाधिकारी पहलाद गुप्ता व बीइओ जितेंद्र कुमार ने जांच किया। जांच के दौरान विद्यालय में घोर अनियमितता पाई गई। छात्र-छात्राओं ने बताया कि शुक्रवार को अंडा की जगह बच्चों को बिस्किट खिलाया जा रहा है। भोजन भी ठीक से नहीं कराया जाता जाता है। विद्यालय का शौचालय भी गंदा रहता है। जिला एमडीएम पदाधिकारी पहलाद गुप्ता ने बताया कि जांच में 90 पर्सेंट गड़बड़ी पाई गई है। विद्यालय के सभी शिक्षक, रसोईया व बच्चों ने भी स्वीकार किया है कि एमडीएम में गड़बड़ी किया जाता है। वही चखना पंजी, एमडीएम पंजी, आदेश पंजी का भी जांच किया गया है। जहां चखना पंजी पर केवल एचएम का ही हस्ताक्षर है जबकि अलग-अलग शिक्षकों का हस्ताक्षर रहना चाहिए। एमडीएम पदाधिकारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी को दे दिया गया है ताकि आगे की कार्रवाई हो सके।

# भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** मद्यनिषेध चलिष्णु दल मोतिहारी को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर छतौनी थाना के कमिटी चौक के पास छापेमारी कर पिकअप पर लदे भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। उक्त जानकारी सहायक आयुक्त मद्यनिषेध नीरज कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि एक कारोबारी कुंडली चैनपुर थाना क्षेत्र के गुडगांवा से एक पिक अप भारी मात्रा में विदेशी शराब लोड कर छतौनी थाना क्षेत्र के किसी कारोबारी को आपूर्ति करने आने वाला है। सूचना मिलते ही सत्यापन व छापेमारी के लिए चलिष्णु दल को निर्देशित किया गया। निर्देश पर चलिष्णु दल ने उक्त स्थान पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के क्रम में उक्त पिक अप में पुआल से ढका इम्पीरियल ब्लू के 750 एम एल का सात कार्टून व 375 एमएल का आठ कार्टून पंजाब निर्मित विदेशी शराब बयान किया गया। वहीं कारोबारी कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र के गुढगावां वार्ड नंबर-01 निवासी कमलेश ठाकुर के पुत्र आलोक कुमार ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार कारोबारी से पूछताछ की गयी। इस दौरान उसने छतौनी के कारोबारी को आपूर्ति करने की बात बतायी। टीम छतौनी कारोबारी के कारोबारी का नाम गुप्त रख पडताल शुरू कर दिया है। फिलहाल गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया है। छापेमारी टीम में सब इंस्पेक्टर चलिष्णु दल मद्यनिषेध मुकेश कुमार, उदय कुमार, सहायक अवर निरीक्षक चंदन कुमार पासवान व सशस्त्र बल शामिल थे।



## अलग अलग मामलों में तीन गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने अलग अलग मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि पुलिस ने अलग- अलग मामलों में छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफतार किया है, जिसमे थाना क्षेत्र के बेलदारी टोला से शराब के मामले में फरार चल रहे रंजीत चौधरी को भी गिरफ्तार किया गया है। साथ ही नज़रूबिगहा गांव से वारंटी लालबाबू राम एवं सरेन गांव से संतोष कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# विद्यालय निरीक्षण में बीड़ओ ने दी कड़ी हिदायतें, शिक्षकों को नियमित होमवर्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) सरोज कुमार सिंह ने सोमवार को चिरैया प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय खड़तरी एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय खड़तरी मध्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीईओ ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, शौचालय की स्थिति, बच्चों के बैठने की व्यवस्था, पंखा, रौशनी आदि बिंदुओं पर गहराई से जांच की। बीईओ श्री सिंह ने कक्षा कक्ष में पहुँचकर श्यामपट्ट पर लिखे गए विषयों को पढ़ते शिक्षकों की शैली को परखा और बच्चों से संवाद भी किया। उन्होंने शिक्षकों की कार्यशैली पर संतोष जताया। साथ ही, बच्चों की कॉपियाँ और होमवर्क गहनता से जांचते हुए यह निर्देश दिया कि शिक्षक बच्चों को प्रतिदिन होमवर्क दें, लाल पेन से उसकी जांच करें और उस पर स्वहस्ताक्षर अंकित करें।

**पोशाक और मध्यान्ह भोजन की भी जांच**

निरीक्षण के दौरान बीईओ ने बच्चों के पोशाक की स्थिति देखी। करीब 90 प्रतिशत छात्र-छात्राएं पोशाक में उपस्थित पाए गए। जिन विद्यार्थियों ने पोशाक नहीं पहनी थी, उन्हें प्रेरित किया गया कि वे नियमित पोशाक में विद्यालय आए।

मध्यान्ह भोजन योजना की जांच के क्रम में बीईओ ने रसोई घर में जाकर भोजन की गुणवत्ता देखी और बच्चों से भोजन मिलने की स्थिति की जानकारी ली। बच्चों ने बताया कि उन्हें प्रतिदिन भोजन उपलब्ध हो रहा है।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनी वट सावित्री पूजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले में वट सावित्री पूजा का पर्व सोमवार को श्रद्धा और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए वट वृक्ष की पूजा की और निर्जला व्रत रखा।सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक परिधानों और सोलह श्रृंगार में सज-धजकर वट वृक्ष के पास एकत्रित हुईं। विधिवत पूजन के बाद उन्होंने वट वृक्ष की परिक्रमा की और सावित्री-सत्यवान की पौराणिक कथा का श्रवण किया। पूजा में उपस्थित पंडित भोलानाथ पांडेय ने व्रत के महत्व और इसकी कथा पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान पंडित पांडेय ने बताया कि यह व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या को मनाया जाता है। सावित्री के दृढ़ निश्चय और भक्ति से प्रभावित होकर यमराज ने उनके मृत पति सत्यवान को जीवनदान दिया था।

# सिकरीया फार्मेसी कॉलेज में फार्मा मॉडल प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** सिकरीया फार्मेसी कॉलेज में फार्मा मॉडल कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसका उद्घघाटन उप महापौर नगर निगम लालबाबू प्रसाद, सचिव यमुना सिकरीया, प्रचार्य प्रीति दुबे के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

सचिव यमुना सिकरीया ने लालबाबू का स्वागत अंग वस्त्र से किया। इस कार्यक्रम में फार्मेसी के छात्रों के द्वारा तरह - तरह के मॉडल बनाए गए थे। मुख्य अतिथि लालबाबू ने छात्रों द्वारा बनाए गए सभी मॉडल का निरीक्षण किया और छात्रों की प्रतिभा की प्रशंसा की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और प्रतिभागी छात्रों को सर्टिफिकेट मेडल एवं डायरी देकर सम्मानित किया एवं कॉलेज के उज्जवल भविष्य की कामना की। सचिव यमुना सीकरीया ने सभी छात्र एवं शिक्षकों को बधाई दी और कहा मोदी जी के द्वारा लगातार छात्रहित में उनके उज्जवल भविष्य के लिए योजना लाई जा रही है। छात्र ऐसे ही कार्य से अपने स्किल को बढ़ाएं। हमारी सरकार छात्रों के भविष्य को सुगम बनाने के लिए कृत संकल्पित हैं, और कहा उप महापौर ने यहां आकर छात्रों के मनोबल बढ़ाया हैं इसके लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अनिल प्रसाद एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# प्रेम प्रसंग में दोहरी हत्या का खुलासा: आपत्तिजनक हालत में पकड़े जाने पर युवती के माता-पिता ने ली दोनों की जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)।** थाना क्षेत्र के भटीनिया गांव (बगही भेलवा पंचायत) में बीते 29 अप्रैल को प्रेमी-प्रेमिका की निर्मम हत्या के मामले का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए मृतका के माता-पिता को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष अनुज कुमार पांडे ने जानकारी दी कि हत्या में संलिप्त मृतका की मां रीना देवी और पिता महेश शाह उर्फ गुड्डू शाह, दोनों भटीनिया गांव के निवासी हैं। इनकी गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर सीमावर्ती आदापुर इलाके से की गई, जहां वे घटना के बाद से छिपे हुए थे।

**आपत्तिजनक हालत में पकड़े जाने के बाद लिया गया जानलेवा फैसला**

पुलिस जांच में सामने आया कि संदीप और युवती को युवती के परिजनों ने उनके ही घर में आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। इसके बाद आक्रोशित परिजनों ने योजनाबद्ध ढंग से दोनों की हत्या कर दी। संदीप को गांव के एक चापाकल के पास नाले में डुबोकर मार डाला गया, जबकि युवती की गला घोंटकर हत्या की गई।



**शव छिपाने के लिए रची गई अलग-अलग साजिश**

हत्या के बाद संदीप के शव को एक मक्के के खेत में फेंक दिया गया। वहीं, युवती के शव को परिजनों ने दूसरे दिन आंधी-पानी के बीच गांव के एक सुनसान जगह पर गुपचुप तरीके से जला दिया।

पुलिस ने संदीप का शव मिलने के बाद जांच तेज कर दी थी। कुछ ही दिन बाद खुदाई के दौरान जले हुए शव का अवशेष मिला, जिसे एफएसएल जांच के लिए भेजा गया।

**पुलिस को मिला था परिजनों पर शक**

शुरुआत से ही पुलिस को मृतका के परिजनों पर संदेह था, जो सटीक निकला। पूछताछ में दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस अब आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर रही है और जल्द ही दोनों को जेल भेज दिया जाएगा।

**ग्रामीणों की सूचना से हुआ था मामला उजागर**

गौरतलब है कि 29 अप्रैल की शाम ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने मक्के के खेत से एक 18 वर्षीय युवक (संदीप) का शव बरामद किया था। तब से यह मामला प्रेम-प्रसंग से जोड़कर देखा जा रहा था, जिसे पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर अब पूरी तरह सुलझा लिया है।

## कुर्की, शराब सेवन और वारंट मामलों में आठ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**संग्रामपुर (पूर्वी चंपारण)।** थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस दौरान कुर्की, शराब सेवन और विभिन्न वारंट मामलों में कुल आठ आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष धीरज कुमार सिंह ने बताया कि कुर्की के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे मुरली पोखरा टोला गांव के सुबोध गिरी और अमर गिरी को दबोच लिया गया वहीं, शराब सेवन के आरोप में भवानीपुर के लखन साह और ददन कुमार को हिरासत में लिया गया।

इसी क्रम में वारंट से संबंधित मामलों में भादा मुरली गांव के सुदामा महतो, सतन सहनी, रामवचन सहनी और फ़ेकू सहनी को गिरफ्तार किया गया है। सभी अभियुक्तों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि आगे भी ऐसे तत्वों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# मोतिहारी चैंबर ऑफ कॉमर्स की 26वीं कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

## उद्योग मंत्री होंगे आगामी अर्द्धवार्षिक सभा के मुख्य अतिथि, तैयारियों पर बनी विशेष कमेटी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** चैंबर ऑफ कॉमर्स, मोतिहारी की 26वीं कार्यकारिणी की पाँचवीं बैठक सोमवार को छतौनी स्थित एक होटल के सभागार में चैंबर अध्यक्ष अंगद सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का आरंभ विशेष आमंत्रित सदस्यों मिथिलेश कुमार, संजीव कुमार एवं मनीष राज के परिचय एवं तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत के साथ हुआ। बैठक में महासचिव आलोक कुमार ने पूर्व बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट एवं चैंबर की विभिन्न गतिविधियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, जबकि कोषाध्यक्ष अभिषेक लोहिया ने आय-व्यय का विस्तृत विवरण सभा को सौंपा।

**ट्रेड लाइसेंस कैंप और अर्धवार्षिक सभा की घोषणा**

बैठक में ट्रेड लाइसेंस कैम्प के आयोजन पर गंभीर चर्चा हुई और इसके लिए नगर आयुक्त को पत्र लिखकर कैम्प आयोजित कराने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष अंगद सिंह ने बताया कि 22 जून को चैंबर की अर्धवार्षिक सभा आयोजित की जाएगी, जिसमें बिहार सरकार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा मुख्य अतिथि होंगे। इस मौके पर नॉर्थ बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्याम भीमसरिया उद्घाटनकर्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। आयोजन की सफल तैयारी के लिए एक विशेष समिति का गठन भी किया गया।



**सदस्यता वृद्धि एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म के उन्नयन पर जोर**

सभा में सदस्यता अभियान को गति देने तथा जिले के विभिन्न व्यावसायिक संगठनों को अधिक सक्रिय बनाने पर गहन विचार-विमर्श किया गया। साथ ही, चैंबर की आधिकारिक वेबसाइट को अधिक उपयोगी एवं आकर्षक बनाने हेतु सुझाव प्रस्तुत किए गए ताकि अधिकाधिक व्यवसायी इससे लाभ उठा सकें।

**सत्र 2025 की कार्यप्रगति की समीक्षा**

सत्र 2025 के अंतर्गत सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई, जिसपर उपस्थित सदस्यों ने संतोष व्यक्त किया। सभा में पूर्व अध्यक्ष बीरेंद्र जालान, अनुपम जायसवाल, रविकृष्ण लोहिया, सुधीर अग्रवाल, राजीव विजडम, उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, सुनील कुमार श्रीवास्तव, संयोजक मनीष कुमार, कार्यकारिणी सदस्य रवि शेखर, राजीव, राहुल शर्मा जायसवाल, और अरविंद सर्राफ सहित कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का धन्यवाद ज्ञापन चंदू मिश्रा ने किया, जबकि सभा की समाप्ति राष्ट्रगान के साथ की गई।

## आयुष्मान व वय वंदना कार्ड निर्माण हेतु विशेष शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना के निर्देशानुसार 26 मई से 28 मई, 2025 तक निःशुल्क आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदना कार्ड निर्माण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस जनकल्याणकारी अभियान के तहत जहानाबाद जिले में व्यापक स्तर पर शिविरों का आयोजन कर पात्र लाभार्थियों का कार्ड बनाया जा रहा है।इस क्रम में जहानाबाद नगर क्षेत्र अंतर्गत गौरक्षणी में संचालित विशेष शिविर का निरीक्षण सिविल सर्जन डॉ. देवेंद्र प्रसाद एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्मद खालिद हुसैन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। निरीक्षण के दौरान नीरज कुमार एवं नगर परिषद कर्मी पंकज कुमार उपस्थित रहे। शिविर में कुल 22 लाभार्थी उपस्थित हुए, जिनमें से 20 लाभार्थियों के पहले से आयुष्मान कार्ड उपलब्ध थे, जबकि दो नए लाभार्थियों के कार्ड मौके पर बनाए गए। यह दर्शाता है कि जागरूकता के साथ-साथ कार्ड निर्माण कार्य में प्रशासनिक तत्परता भी बढ़ी है।

# गांधी की धरती से गांधी को मिला नया सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मोतिहारी। चंपारण की पावन भूमि पर बनी फिल्म 'चंपारण सत्याग्रह' ने अफ्रीकी धरती पर इतिहास रच दिया है। अफ्रीकन फिल्म फ़ेस्टिवल में विश्वभर की 6156 फिल्मों को पीछे छोड़ते हुए इस फिल्म ने आठ प्रमुख श्रेणियों में अवॉर्ड जीतकर बिहार ही नहीं, बल्कि देश का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन किया है। महात्मा गांधी द्वारा दक्षिण अफ्रीका में चलाए गए सत्याग्रह आंदोलन की भूमि पर अब गांधी के ही विचारों पर आधारित एक भारतीय फिल्म को मिला यह सम्मान, भारतीय सिनेमा और बिहार के लिए गौरव का क्षण बन गया है।

**आठ श्रेणियों में अवॉर्ड की बेमिसाल सफलता**

युवराज मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म को निम्नलिखित कैटेगरी में अवॉर्ड से नवाजा गया:



बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट स्टोरी, बेस्ट फिल्म, बेस्ट स्क्रीनप्ले, बेस्ट एक्टर (महात्मा गांधी एवं पं. राजकुमार शुक्ल के किरदार के लिए दो अलग-अलग अवॉर्ड), बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर, बेस्ट एडिटर।

डॉ. राजेश अस्थाना द्वारा लिखित, अभिनीत और निर्देशित इस फिल्म ने अब तक सोलह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए एक के बाद एक अवॉर्ड जीतकर कीर्तिमान रच दिया है।

**हर अवॉर्ड समर्पित है चंपारण के बलिदानियों को: डॉ. अस्थाना**

निर्देशक डॉ. राजेश अस्थाना ने अवॉर्ड की घोषणा के बाद कहा यह सम्मान केवल मेरी टीम का नहीं, बल्कि उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों का है, जिनके संघर्ष की वजह से आज हम आज़ाद भारत की सांस ले रहे हैं। यह फिल्म चंपारण की आत्मा है, और इसे पूरी दुनिया तक पहुंचाना मेरा ध्येय रहा है।

उन्होंने आगे बताया कि वर्तमान युवा पीढ़ी को इतिहास से जोड़ने और चंपारण के अतीत के अनछुए पहलुओं से रूबरू कराने हेतु यह भव्य फीचर फिल्म निर्मित की गई है। फिल्म फ़ेस्टिवल जंक्शन इंडिया के कोऑर्डिनेटर द्वारा ईमेल के माध्यम से फिल्म की अंतरराष्ट्रीय सफलता की सूचना और बधाई भेजी गई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फिल्म महोत्सवों में भाग लेने के लिए सेंसर बोर्ड का प्रमाणपत्र आवश्यक नहीं होता।

# प्रो. पंकज कुमार बने उत्तर बिहार प्रांत के प्रांत सह संयोजक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली की वार्षिक राष्ट्रीय प्रांत संयोजक बैठक मध्यप्रदेश के जबलपुर में सम्पन्न हुई। इस बैठक में देशभर के 40 प्रांतों से 170 से अधिक संयोजक, सह-संयोजक और राष्ट्रीय पदाधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक में विचार-मंथन के साथ-साथ नवीन दायित्वों की भी घोषणा की गई। इस क्रम में मोतिहारी स्थित श्री कृष्ण सिंह महिला महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज कुमार को उत्तर बिहार प्रांत के प्रांत सह-संयोजक का दायित्व सौंपा गया है।इस अवसर पर प्रो. पंकज कुमार ने कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, वह न केवल उत्तर बिहार, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र की वैचारिक चेतना को सशक्त बनाने का माध्यम बनेगा। वे शिक्षा और संस्कृति के समन्वय को समाज में व्यापक स्तर पर लागू करने हेतु संकल्पबद्ध हैं। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कारयुक्त शिक्षा, और भारतीय भाषाओं के संरक्षण पर गहन विचार विमर्श किया गया।



# सौभाग्य की कामना लिए सुहागिनों ने बांधा वट वृक्ष पर रक्षा सूत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** श्रद्धा, आस्था और सौभाग्य की मंगल भावना के साथ सोमवार को प्रखंड क्षेत्र की सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री व्रत रखा। इस अवसर पर महिलाओं ने वट (बरगद) वृक्ष पर रक्षा सूत्र बांधकर पति की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और पारिवारिक सुख-शांति के लिए प्रार्थना की।

सुबह से ही चिरैया देवी मंदिर, दुर्गा स्थान चौक, प्रखंड कार्यालय परिसर, तथा विभिन्न गांवों के तालाबों और मंदिरों के निकट स्थित वट वृक्षों के पास महिलाओं की श्रद्धालु भीड़ उमड़ पड़ी। सुहागिनों ने विधिवत रूप से पूजा सामग्री के साथ बरगद वृक्ष की परिक्रमा की और कच्चे सूत से रक्षा सूत्र बांधकर वट सावित्री व्रत का पालन किया। व्रतियों ने सत्यवान-सावित्री की पौराणिक कथा का श्रद्धा से पाठ किया और यम देवता से अपने पति की दीर्घायु की प्रार्थना की। पूजा-अर्चना के बाद दान-पुण्य कर इस पर्व को पूर्ण किया। किशोरी कुमारी और धनवंती देवी ने बताया कि वट सावित्री व्रत पति-पत्नी के प्रेम, निष्ठा और संकल्प का प्रतीक है। यह व्रत महिलाओं को न केवल आध्यात्मिक बल प्रदान करता है, बल्कि वैवाहिक जीवन में स्थायित्व और सामंजस्य का संदेश भी देता है। शिक्षिका भारती कुमारी ने बताया कि उन्होंने यह व्रत पति के उत्तम स्वास्थ्य और परिवार की समृद्धि के लिए रखा है। कुछ महिलाओं ने, जिनके पास वट वृक्ष तक पहुँच संभव नहीं थी, उन्होंने वट की टहनी को गमले में रोपकर उसे वट वृक्ष का प्रतिरूप मानते हुए घर पर ही पूजा की। उन्होंने यम देव से अपने परिवार के सुख और सौभाग्य के लिए आशीर्वाद मांगा।



# लोगों के विकास एवं गरीब जनता के कल्याण के लिये सभी मिल-जुलकर करें कार्य : सुशील सिंह

## रफीगंज प्रखंड में 20 सूत्री कार्यालय का हुआ शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड परिसर में 20 सूत्री प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह, जिप पार्षद प्रदीप चौरसिया, प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, भाजपा नेता बिनय कुमार सिंह, लोजपा नेता राजेश पासवान, हम के प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, शिवनारायण साव, सुधीर गुप्ता, दीनानाथ विश्वकर्मा एवं कौशल चंन्द्रवंशी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर एक बैठक का भी आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा एवं संचालन सुबोध कुमार सिंह ने किया। मौके पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि 20 सूत्री एक सरकारी एजेंसी है। समिति को बड़ी जिम्मेवारी मिला है। लोगों के विकास एवं गरीब जनता के कल्याण के लिये सभी सदस्य मिलजुल काम करे। उन्होंने कहा कि जनता की भलाई समिति के माध्यम से होगी। सदस्य गंभीरतापूर्वक लोगों की समस्या को उठाये और समाधान कराने का प्रयास करें। पूर्व सांसद ने कहा कि जब भी 20 सूत्री की बैठक हो, सभी संबंधित पदाधिकारियों का बैठक मे रहना अनिवार्य है। उन्होने कहा कि एकजूट रहेंगे तब ही सफल होगे। मौके पर पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि समिति के दायित्व को सभी सदस्य अच्छे ढंग से निभाये। भ्रष्टाचारी पर अंकुश लगाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने सभी एनडीए कार्यकर्ताओं से मिल-जुलकर काम करने को कहा। सुनील वर्मा, संतोष साव एवं दीनानाथ विश्वकर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार के सभी योजना को धरातल पर लाये और भ्रष्टाचार में जो भी लोग लिप्त हैं उन पर अंकुश लगे। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राम कुमार सिंह, प्रमोद यादव, बब्बू सिंह, अवधेश कुमार सिंह, उदय सिंह, मुखिया विजय सिंह, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नेयाज असरफी, संजय कुमार, शुभम सिंह, संजय योगी, ख्वाजा अतिक, रविन्द्र सिंह, मो इम्तेयाज, भाजपा ग्रामीण महामंत्री विमलेश पासवान, जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव विजय विश्वकर्मा, बालगोविंद प्रसाद, मुखिया विजय कुमार सिंह, संजय कुमार, राजेश गुप्ता, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश पासवान, ओम प्रकाश भारती उर्फ गुड्डू यादव, सुधीर गुप्ता, शुभम सिंह, लूटन कुमार सिंह, महेन्द्र प्रसाद, संजय सिंह, किशु गुप्ता, राहुल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में मजदूर घायल


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार एक मजदूर घायल हो गया। इस घटना में मजदूर का एक पैर टूट गया। घटना रिसियप थाना क्षेत्र के बिजहर मोड़ के समीप की हैं। घायल मजदूर की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भेड़िया गांव निवासी योगेंद्र रिकियासन के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर पहुंचे जिला पार्षद अनिल यादव ने अपने निजी खर्चे से हड्डी एवं नस के विशेषज्ञ चिकित्सक उदय प्रकाश से मजदूर का इलाज करवाया। घायल मजदूर ने बताया कि वह अपने घर से बाइक पर सवार होकर मजदूरी करने जा रहा था। इसी दौरान पिकअप की चपेट में आने से वह घायल हो गया। घटना के बाद मजदूर का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया, लेकिन चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। लेकिन आर्थिक तंगी से वह कहीं बेहतर जगह इलाज नहीं करवा सकता था। इसके बाद उसने मामले की सूचना जिला पार्षद अनिल यादव को दिया और मदद की गुहार लगाई।

# लापता तीन नाबालिगों का नहीं मिला कोई सुराग

## प्रशासन ने जानकारी देने वालों को इनाम देने की घोषणा की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



- बीते 16 मई से गायब है तीनों बच्चियां
- सुरक्षित बरामदगी को लेकर परिजनों ने प्रशासन से लगायी गुहार

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के चरकावां पंचायत अंतर्गत सुल्तानपुर टोले जहीरगंज से 10 दिन पूर्व अचानक घर से निकली तीन नाबालिग लड़कियों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। 16 मई को अपने घर से ही दिन के लगभग 12 बजे दिनेश राम की 14 वर्षीया पुत्री पुष्पा कुमारी, जितेंद्र दास की 13 वर्षीया पुत्री रानी कुमारी एवं कमलेश दास की 15 वर्षीया पुत्री रुपा कुमारी एक साथ निकली जो आज तक वापस नही आयी। दिनेश दास ने बताया कि हमारी पुत्री, पडोस की रुपा कुमारी एवं रानी कुमारी घर पर कहकर निकली कि बैंक जा रहे है। खाता खुलवाना है। शाम तक नहीं आयी तो काफी खोजबीन किये कोई पता नही चला तो उसी दिन रात में रफीगंज थाना जाकर जानकारी दिया। परिजनों तथा संभावित जगहों पर काफी खोजबीन किया गया। लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। बता दें कि तीनों बच्चियों के पिता मजदूरी का काम करते हैं। पुष्पा कुमारी एवं रानी कुमारी 8वीं तथा रूपा कुमारी नौवीं की छात्रा है। दिनेश दास ने मामले में जानकारी देते हुए रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें पुलिस प्रशासन से तीनों बच्चीयों को खोजने की गुहार लगाई है। प्राथमिकी दर्ज होते ही रफीगंज पुलिस हरकत में आयी है और संभावित जगहों पर खोजबीन कर रही है लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिला है। इधर थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि संबंधित रास्तों के सीसीटीवी फूटेज खंगाला जा रहा है। यही नहीं बस, ऑटो वालों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही तीनों बच्चियों को हम खोज लेंगे। एक साथ तीन बच्चियों के लापता होने की खबर से गांव ही नहीं गांव के आप-पास एवं शहर में कई तरह के कयास लगाये जा रहे हैं। लोग काफी आशंकित हैं। तीनो बच्चीयों के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है, बस प्रशासन से गुहार लगा रही है कि बच्चियों को जल्द ढूंढा जाए। इधर प्रशासन ने सोशल मीडिया पर एक इश्तेहार जारी करते हुए नाबालिगों के सुराग देने पर पांच हजार रू. के इनाम की घोषणा की है।

## केंद्रीय मंत्री ललन सिंह का हुआ भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोईलवर (भोजपुर)।** पूर्व एमएलसी रणविजय सिंह के कोईलवर अवस्थित प्रधान कार्यालय के समीप नेशनल हाइवे पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह का सोमवार को स्वागत किया गया। केन्द्रीय मंत्री सड़क मार्ग से एक बैठक में शामिल होने आरा जा रहे थे। पूर्व एमएलसी रणविजय सिंह को जैसे ही सड़क रास्ते जाने की सूचना मिली, समर्थक जुटने लगे। फूल माला व जयकारा लगाते हुए समर्थकों में उत्साह और जोश की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं, अधिकारियों और आमजन ने उनके आगमन पर गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इस दौरान ललन सिंह की सहजता और सादगी ने हर किसी को प्रभावित किया। स्वागत समारोह में क्षेत्रीय विकास, जनकल्याण और संगठन की मजबूती से जुड़े विषयों पर सार्थक संवाद हुआ।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम से लाभान्वित हुए किसान

- खरीफ मौसम में संचालित योजनाओं के बारे में दी गयी विस्तारपूर्वक जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** आरा सदर प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत प्रखंड कृषि कार्यालय कृषि भवन आरा में एवं प्रखंड मुख्यालय कोईलवर में प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला-सह- प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आरा सदर में उद्घाटन संयुक्त रूप से जिप धनंजय, गंगहर, बंसतपुर, अगरसंडा मुखिया, पंसस सुरेन्द्र सिंह व जिला कृषि पदाधिकारी भोजपुर के द्वारा किया। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाएं व किसानों को योजनाओं के लाभ लेने हेतु ऑनलाईन आवेदन कराने के लिए कहा। उन्होंने विद्युत फीडर हेतु भी ऑनलाईन करने के लिए बल दिया। बीएओ मनोज कुमार चौधरी ने खरीफ मौसम में संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिप धनंजय ने कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु आगे आने के लिए प्रेरित किया। सहायक निदेशक रसायन अंशु राधे ने मिट्टी जांच के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। उप परियोजना निदेशक, आत्मा राणा राजीव रंजन कुमार ने बीजोपचार एवं बिहार कृषि ऐप के बारे में विस्तार से बताया। वरीय कृषि वैज्ञानिक सह हेड डा पीके द्विवेदी ने खरीफ फसलों में कीट व्याधि प्रबंधन एवं उर्वरक प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक एवं प्रधान शोभा रानी ने भी तकनीकी जानकारी उपस्थित किसानों को उपलब्ध कराये। कृषि वैज्ञानिक डा सच्चिदानंद सिंह ने उपस्थित किसानों को मक्के की खेती की तकनीकी जानकारी दी। अन्य वक्ताओं में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक मीरा कुमारी, कृषि समन्वयक प्रशांत पांडेय थे। मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कृषि समन्वयक अशोक कुमार यादव ने किया। मौके पर कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, किसान समेत अन्य थे।

# समाहरणालय पर दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ गोप गुट भोजपुर के बैनर तले आरा समाहरणालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन सोमवार को किया गया जिसकी अध्यक्षता रंजीत कुमार सिंह एवं संचालन राहुल राय ने किया। जिला सचिव संजय कुमार सिंह ने विस्तार से 17 सूत्री मांगों को रखा, धरनास्थल पर कर्मचारी महासंघ गोप गुट भोजपुर के मुख्य संरक्षक जानकी प्रसाद, जिला अध्यक्ष रामानंद सिंह, जिला सचिव उमेश कुमार सुमन, सेवानिवृत्त राजस्व कर्मचारी दीनबंधु सिंह सहित 14 अंचल के राजस्व कर्मचारियों ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी राजस्व कर्मचारी सामुहिक अवकाश पर रहते हुए कार्य का बहिष्कार किये हैं, जब तक हमारी मांग पूरा नहीं होगा ये सामुहिक कार्य बहिष्कार चलते रहेगा। मुख्य मांग 2800 ग्रेड पे, गृह जिला में स्थानांतरण, सेवा संपुष्टि, निलंबित कर्मियों को विभागीय कार्रवाई समाप्त निलंबन मुक्त किया जाए, एसीपी, एमएसीपी दिया जाए।

# 1363 बोतल विदेशी शराब बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

- जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर उत्पाद विभाग शराब कारोबारियों के विरूद्ध चला रहा छापेमारी अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** उत्पाद विभाग की टीम ने एक स्कार्पियो से 1363 बोतल विदेशी शराब बरामद किया है। वहीं तस्करी में शामिल एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम रंजीत कुमार है। वह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कौशिक दुलारपुर गांव निवासी ददन यादव का पुत्र है। आरोपित को विभाग ने कानूनी प्रक्रिया पूरी कर जेल भेजने की कार्रवाई में जुट गई है। पकड़े गये विदेशी करीब की अनुमानित कीमत करीब 6 लाख रुपये बताई जा रही है। उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश को गुप्त सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश की ओर से एक स्कार्पियो में भारी मात्रा में शराब आरा की ओर लाया रहा है। सहायक आयुक्त ने उत्पाद निरीक्षक राहुल दूबे के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम तत्काल बक्सर-पटना फोरलेन के कौशिक दुलारपुर ओवरब्रिज के पास वाहन चेकिंग लगाया। इस दौरान एक महेंद्रा कंपनी का स्कार्पियों आया। पुलिस ने उसे रोक कर तलाशी ली, जिस दौरान 180 एमएल के 8 पीएम स्कॉच 1003 पीस टेट्रापैक एवं 750 एमएल के रॉयल स्टेज ह्विस्की 360 बोतल वाहन के भीतर से बरामद हुआ। छापेमारी में उत्पाद इंस्पेक्टर राहुल कुमार दुबे, एसआई रवि कुमार व रविंद्र कुमार यादव, उत्पाद सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के आदेश पर उत्पाद विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

## विभिन्न मामलों में पांच गिरफ्तार, जेल

**हसपुरा (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** थानाक्षेत्र के पुलिस ने एक शराबी सहित विभिन्न मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया की जमहोर थानाक्षेत्र के फेसरा गांव के अजीत कुमार शराब पीकर हंगामा कर रहा था, जिसे गिरफ्तार कर स्थानीय सीएचसी अस्पताल में मेडिकल जांच कराया गया। जहां चिकित्सकों ने शराब पीने की पुष्टि की। वहीं डिण्डीर गांव के विष्णु दयाल, भुतेश कुमार एवं रविरंजन कुमार को एक मामले में तथा डुमरा गांव निवासी दीपा यादव जिसके खिलाफ कोर्ट से एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था, पर भी कारवाई करते हुए न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# मशाल 2024 के तहत चयनित प्रतिभागी किए गए पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोईलवर (भोजपुर)।** कोईलवर प्रखंड के कंप्लेक्स रिसोर्स सेंटर उच्च माध्यमिक विद्यालय चंदा काजीचक में संकुल स्तरीय मशाल 2024 के तहत विभिन्न निर्धारित खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन शारीरिक शिक्षिका, आंचल गोस्वामी, उच्च माध्यमिक विद्यालय चंदा काजीचक के कुशल निर्देशन में किया गया। अंडर- 14 के इस प्रतियोगिता में संकुल के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पचैना बाजार, पुराना हरिपुर, नया हरिपुर एवं मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय चंदा काजीचक के विद्यार्थियों ने अपना जौहर दिखाया। विभिन्न तरह की प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को संकुल के संचालक व एचएम, डॉ. दयाशंकर प्रसाद, संकुल समन्वयक, नीतेश्वर कुमार एवं सेवानिवृत्त शिक्षक व साहित्यकार, राजाराम सिंह 'प्रियदर्शी' के हाथों मोमेंटो एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। लंबी कूद में खुशी कुमारी, आदित्य राज, पचैना बाजार, क्रिकेट बॉल थ्रो में कंचन कुमारी, जीतू कुमार, पचैना बाजार, साठ मीटर दौड़ में आरुषि कुमारी पचैना बाजार, सादिक अंसारी काजीचक, छह सौ मीटर दौड़ में पूजा कुमारी, पचैना बाजार, क्षितिज कुमार नया हरिपुर, साइकिलिंग में आरती कुमारी, मो.कादिर, पचैना बाजार एवं कबड्डी में अस्मिता कुमारी एंड टीम तथा नमन कुमार एंड टीम उत्क्रमित मध्य विद्यालय काजीचक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागी प्रखंड स्तरीय मशाल 2024 के तहत आयोजित प्रतियोगिता में अपना जौहर दिखायेंगे। प्रतियोगिता के आयोजन में शिक्षक/ शिक्षिका सुजीत कुमार, अरुण कुमार शर्मा, राकेश नंदन कुमार, गोपाल जी, प्रदीप कुमार, अर्चना कुमारी, कुमारी सुधा तिवारी, सुषमा गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा। पुरस्कार वितरण समारोह के मौके पर शिक्षक सुमन कुमार, संजय कुमार, कमाल अशरफ रिजवी, इमरान अहमद, चंदन कुमार, कामरान खान, शहबाज हुसैन, इंद्रजीत कुमार, वैभव कुमार शर्मा, शिक्षिका उषा कुमारी, सीमा कुमारी, रंजू नारायण सिंह, रजिया खातून, शालिनी, विनीता कुमारी सहित विद्यालय एवं संकुल के सैकड़ों विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या के दिन वट सावित्री व्रत पूजा महिलाएं करती है। इसे सुखद दांपत्य का प्रतीक माना गया है। सुबह होते शहर से लेकर गांव तक महिलाएं वट वृक्ष जिसे बरगद भी कहा जाता है पूजा करने में जुट गई। वटवृक्ष की परिक्रमा कर महिलाओं ने पूजा किया और पति के दीर्घायु के लिए भगवान से प्रार्थना की। पंडितों का कहना है कि सनातन व संस्कृति में वट सावित्री व्रत का आध्यात्मिक व पारंपरिक महत्व रहा है। सौभाग्यवती महिलाएं संतान और परिवार में सुख- समृद्धि की कामना से इस व्रत को करती है। आचार्य पंडित लाल मोहन शास्त्री ने कहा पूजा के उपरांत व्रत रखने वाली सुहागिनों को कथा अवश्य सुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि वट सावित्री व्रत पूजा खासकर सौभाग्य वृद्धि का व्रत है। आचार्य पंडित लाल मोहन शास्त्री, ओमप्रकाश पाण्डेय ने कहा पति को साथ बैठकर भोजन कराएं और उन्हें पंखा झेलने का खास महत्व है। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान काले व सफेद वस्त्र धारण करना पूर्णतया वर्जित है। इसे अशुभ माना गया है। इस व्रत से सावित्री और सत्यवान की कथा जुड़ी हुई है। पूजा कर रही रीतू देवी, खुशबु देवी, जुली कुमारी, अनीता देवी, रंजु देवी, अंजु देवी एवं खुशबू कुमारी ने कहा सनातन धर्म में उपवास रख पूजा का खास महत्व माना गया है। वटवृक्ष की पूजा से पति की लंबी आयु के साथ सुख समृद्धि की कामना करते हैं। सामुहिक रूप से पूजा करते हैं तो हम महिलओं में आत्मविश्वास बढ़ता है।

# स्टेशन पर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रेल सुरक्षा बल की टीम के उप निरीक्षक इंदल कुमार मंडल, सहायक उप निरीक्षक नितेश कुमार सिंह, प्रधान आरक्षी प्रमोद कुमार, आरक्षी योगेंद्र राम एवं आरक्षी संदीप कुमार द्वारा गाड़ी संख्या 14260 डाउन के रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 03 पर नियमित ठहराव के बाद पश्चिमी छोर पर थाना अंतर्गत चरकवां निचली डीह निवासी रामजी चौधरी के पुत्र संजय कुमार को कुल 15.285 लिटर अंग्रेजी शराब कुल कीमत 13,600/- रुपया को जब्त करते हुए गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए राजकीय रेल पुलिस सोननगर को सुपुर्द कर दिया गया जहां मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। निरीक्षक प्रभारी राम सुमेर ने सोमवार को बताया कि प्लेटफार्म पर जांच पड़ताल के दौरान 15.285 लीटर शराब के साथ एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर राजकीय रेल पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया।

## व्यास राम ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**अंबा (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** बिहार विधानसभा चुनाव की बढ़ती सरगर्मी के बीच राजनैतिक दलों ने कुटुंबा विधानसभा में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र से जन सुराज पार्टी के संभावित प्रत्याशी एवं औरंगाबाद नगर परिषद के पूर्व पार्षद व्यास राम ने क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया और लोगों से मुलाकात कर चुनावी चर्चा की। इस क्रम में उन्होंने कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के पिपरा बगाही पंचायत स्थित भगवान सूर्य मंदिर और परता पंचायत के कल्पवृक्ष धाम में मत्था टेका और आर्शीवाद लिया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान वे पिपरा बगाही पंचायत के कटहा गांव में स्व. धीरेंद्र कुमार सिंह के श्रद्धांजली कार्यक्रम में पहुंचे और उनकी आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात हरिहर उरदाना पंचायत के मनोहरी बिगहा में जनता से मुलाकात की। इस मौके पर जन सुराज पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह, अभियान समिति के संयोजक एवं पूर्व सैनिक पप्पू कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष तुफैल अंसारी, युवा प्रखंड अध्यक्ष अमन कुमार सिंह, मुन्ना सिंह चंद्रवंशी, प्रशांत विश्वकर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सरकारी स्कूल में असामाजिक तत्वों ने की तोड़फोड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के दनियावां प्रखंड के मच्छरियावां गांव में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में असामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ की है। रविवार रात कुछ लोग स्कूल की चहारदीवारी फांदकर अंदर घुसे। उन्होंने स्कूल में तोड़फोड़ की। स्कूल में पानी के नल, बिजली बोर्ड के स्विच और शौचालय की सीटें क्षतिग्रस्त कर दीं। स्कूल के कमरों के बाहर कलश रखकर फूल-सिंदूर से पूजा की गई। प्रधानाध्यापक संजय कुमार के अनुसार यह समस्या पिछले दो महीनों से जारी है। रविवार की छुट्टी के दिन कुछ लोग स्कूल में घुसकर तोड़फोड़ करते हैं। वे दरवाजों पर पूजा-पाठ और टीका लगाकर अंधविश्वास फैलाते हैं।


बिहार सरकार

जिला समादेष्टा का कार्यालय

बिहार गृह रक्षा वाहिनी, औरंगाबाद

-: आम सूचना :-

विज्ञापन सं0-01/2025 के आलोक में औरंगाबाद जिला अंतर्गत गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु शारीरिक दक्षता सक्षमता जाँच परीक्षा जो दिनांक-19.05.2025 को निर्धारित थी, उसे अपरिहार्य कारणवश स्थगित की जाती है।

दिनांक-19.05.2025 को होने वाली भारीरिक दक्षता सक्षमता जाँच परीक्षा दिनांक-04.06.2025 को पूर्व निर्धारित समय एवं कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी।

सदस्य सचिव-सह-जिला समादेष्टा
जिला गृहरक्षक चयन समिति, औरंगाबाद

PR- 004324 ( District ) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



DAUDNAGAR COLLEGE

Daudnagar, Aurangabad, Bihar- 824113

INVITING SHORT TENDER NOTICE

Invited sealed short tenders from the eligibile university registered contractors/ of appropriate class of University for the work listed under.

| Sl. No. | Name of works | Estimated cost. | Completion time | Amount of Bank Receipt/ Cash for cost of tender documents (Rs) | Amount of Earnest Money 2.0% for issue of tender from. (Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Principal office First Floor Library Building | 14,98,400=00 | 3 Months | 2500=00 | 2% Tender Amount of |
| 2 | Finishing work of First Floor Library Building | 14,97,600=00 | 3 Months | 2500=00 | 2% Tender Amount of |

Time Schedule

a) Last Date for purchase of tender Documents from Account Section of the College on All working days during office hours 2PM 27-05-25 to 07-06-2025.

b) Submission of tender up to 2 pm in the office, or registered post 15-06-2025.

c) Opening of tender by the college and within as per requirement days from the last Condition of Contract:-

1. D.D Should be made in the favor of Principal, Daudnagar College Daudnagar, Aurangabad.
2. Tender is open only to the eligible and experienced contractors/ firms of Appropriate Class Registered with University.
3. The intending tender/contractors should apply in writing for issue of tender documents. The application would invariably be signed by the contractor himself/herself the tender.
4. Undesigned has every right to cancel the tender without assigning any reason.

*Principal*
Daudnagar College
Daudnagar, Aurangabad (Bihar)


CMYK

# बेटी की हत्या के गवाह पिता की घर में घुस कर हत्या

## खटाल में जानवरों को चारा देने के क्रम में बरसाई गई गोलियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**फुलवारीशरीफ।** रामकृष्ण नगर थाना के जगनपुरा में बेटी की हत्या के मामले में गवाह रहे बाप की घर में घुस कर सोमवार की सुबह हत्या कर दी गई। गोलीबारी की आवाज सुन कर परिजन आये और घायल अवस्था में उठा इलाज के लिए अस्पताल ले भागे मगर घायल ने इलाज के क्रम में दम तोड़ दिया। बदमाशों द्वारा चलाए गए गोली से वहां खटाल में एक पशु को भी गोली लगी। घटना के बाद अफरातफरी मच गयी। मौके पर रामकृष्ण नगर थानाध्यक्ष, डीएसपी सदर टू और सिटी एसपी पश्चिमी भी पहुंचे। पुलिस ने मौके से कई खोखा बरामद किया है।

पुलिस ने हत्यारों की तलाश में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को देखा। सीसीटीवी कैमरा में मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग नजर आये मगर उनकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोग पुलिस की नाकामी से बेहद नाराज हैं. भीड़ का कहना है कि जब चेक पोस्ट इतनी नजदीक है तो फायरिंग करने वाले आराम से कैसे फरार हो गए. पुलिस की गश्ती और निगरानी प्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं. फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश जारी है। अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मौके पर वरीय पुलिस पदाधिकारी डॉग स्क्वायड और एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम के साथ पहुंचे. टीम ने घटनास्थल की बारीकी से छानबीन की और आसपास के लोगों से बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। मौके से मिले खोखे और अन्य सबूतों को जांच के लिए जब्त किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। मृतक के परिजनों का कहना है कि इनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। घटना के बारे में बताया जाता है कि जगनपुरा निवासी चन्द्रकांत प्रसाद उर्फ सिंह जी सोमवार की सुबह अपने घर पर गाय को चारा देकर दूह कर सभी को सुरक्षित रख दरवाजा लगा रहे थे तभी तीन युवक आये और आवाज लगाकर दरवाजा खुलवा अंदर प्रवेश कर गये। वह कुछ समझ पाते, सभी कमर से पिस्तौल निकाल दनादन चन्द्रकांत प्रसाद पर गोली चलाने लगे। अपराधियों ने करीब आठ चक्र गोली चलाई। जिसमें तीन गोली चन्द्रकांत को लगी और वह वहीं पर गिर गये उसके बाद सभी अपराधी फरार हो गये। गोलीबारी की आवाज सुन कर आसपास के लोग और परिजन पहुंचे तो चन्द्रकांत को घायल गिरा हुआ देख तत्काल उठा निजी अस्पताल ले गये जहां उन्होंने इलाज के क्रम में दम तोड़ दिया।

इस संबंध में परिजनों ने बताया कि उनका किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। चन्द्रकांत की बेटी पूजा कुमारी की शादी गौरीचक में नीरज कुमार के साथ हुई थी। पूजा की दहेज के लिए जुलाई 2024 में हत्या कर दी गई थी जिसमें ससुराल के कई लोग जेल गये थे। विगत दिनों से केस उठाने के लिए कहा जा रहा था। परिजनों को शक है कि उनकी हत्या इसी कारण कर दी गई है। वहीं वारदात की खबर पाकर मौके पर रामकृष्ण नगर थानाध्यक्ष, डीएसपी सदर टू और सिटी एसपी पश्चिमी पहुंचे और मामले की छानबीन की। पुलिस ने हत्यारों की तलाश में सीसीटीवी कैमरा देखा। सीसीटीवी कैमरा में तीन हत्यारों को वारदात करने के पूर्व आने एवं वारदात को अंजाम देकर जाते देखा गया। थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि मृतक चंद्रकांत सिंह की बेटी के पति और ससुराल के अंदर लोग संदेह के घेरे में है. घटना में गाय को भी गोली लगी है जिसका उपचार कराया जा रहा है जो लोग हत्या मामले में जेल से छूते हैं उनकी एक्टिविटी और टेक्निकल सेल का सहारा लिया जा रहा है उन लोगों द्वारा धमकी भी मिल रहे थे इसकी भी जांच हो रही है।

## एक नजर

### शादी के नाम पर 1 साल से यौन शोषण, प्राथमिकी दर्ज

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती के साथ शादी के नाम पर झांसा देकर एक साल से यौन शोषण करने का मामला प्रकाश में आया हैं। जहां पीड़िता ने गांव के ही मुकेश कुमार पिता अमरेश बिंद पर धनरूआ थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पीडिता ने बताया कि मुकेश कुमार शादी का झांसा देकर शादी नहीं कर रहा था। थानाध्यक्ष ने कहा कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### दो बोतल विदेशी शराब के साथ सड़क निर्माण कंपनी का कर्मचारी गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दो बोतल विदेशी शराब के साथ एक युवक को एक्साईज पुलिस ने गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार युवक शेखपुरा के मियनबिगहा निवासी धर्मवीर कुमार पिता कैलाश चौधरी है। यह पोठही स्थित एक सड़क निर्माण कंपनी में कर्मचारी के रूप में कार्य करता है। झारखंड से दो बोतल विदेशी शराब लेकर पलामू एक्सप्रेस ट्रेन से जैसे ही तारेगना रेलवे स्टेशन से उतरकर बाहर निकाला वैसे ही एक्साईज पुलिस ने रंगे हाथ उसे दबोच लिया, यह युवक पोठही स्थित सड़क निर्माण कंपनी में काम करता है। वही वह जा रहा था, एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय चौधरी ने बताया कि यह युवक अकसर झारखंड से शराब लाता था। पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है।

# दो लड़कों ने किया छात्रा के साथ दुष्कर्म, गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती शाम तकरीबन आठ बजे एक नाबालिग लड़की जो छठी कक्षा की छात्रा है जिसे बहला फुसलाकर गांव से हट कर दलान मे ले गया और दो लड़कों ने मिलकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। रात भर गायब लडकी को उसके परिजन उस लड़की को खोजते रहे, सुबह जानकारी मिली की दो युवक दलान में रखे हुए जहां जाकर उस दोनों युवको को जमकर धुनाई करते हुए पुलिस को कॉल कर पुलिस के हवाले किया। गिरफ्तार युवक में गांव के ही संत पासवान का पुत्र सनी कुमार और शैलेश पासवान का बेटा छोटू कुमार शामिल है। पीड़ित परिजन धनरूआ थाना पहुंचे और दोनों युवकों के खिलाफ थाने में लिखकर मामला दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि पीड़ित नाबालिक के मां के बयान पर दोनों युवको पर दुष्कर्म का केस किया गया है, जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है, वही पीड़ित को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है और पूरे मामले की छानबीन की जा रही है इस घटना के बाद पूरे गांव में हलचल मची हुई है।

# पालीगंज पीएससी के पूर्व प्रभारी के निधन पर शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पालीगंज के चिकित्सा प्रभारी डॉ बिपिन कुमार की अध्यक्षता में अस्पताल परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पालीगंज पीएससी के पूर्व प्रभारी डॉक्टर रविशंकर रत्नाकर सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। डॉ रविशंकर रत्नाकर कैंसर से पीड़ित थे। पटना एम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया। शोक व्यक्त करते हुए पालीगंज चिकित्सा प्रभारी डॉ बिपिन कुमार तथा स्वास्थ्य प्रबंधक अपराजित तिवारी तथा पालीगंज के कई सामाजिक कार्यकर्ताओ ने कहा कि डॉ रविशंकर रत्नाकर का असामायिक निधन की खबर सुन काफी दुख हुआ। वर्तमान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विपीन कुमार ने बताया कि डॉ. रत्नाकर मरीजों के प्रति न केवल संवेदना रखते थे बल्कि उनके प्रति समर्पण का भाव भी रखते थे। उन्होंने बताया कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन पीएमसीएच शाखा के लाइफ टाइम मेंबर रहे डॉ. रत्नाकर अपने कार्यकाल में मेडिकल एसोसिएशन बिहार शाखा के वाइस प्रेसिडेंट के अलावा पटना जर्नल ऑफ मेडिसिन के पद को सुशोभित किया। वर्तमान में उनकी पत्नी डॉ. सुनीता रत्नाकर पीएमसीएच में स्त्री रोग विशेषज्ञ के तौर पर कार्यरत है। शोक व्यक्त करने वालों में पालीगंज अनुमंडल अस्पताल के डॉ राजीव कुमार, पालीगंज पीएससी अस्पताल में पदस्थापित सभी डॉ एवं कर्मी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्थानीय पत्रकार ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि डॉक्टर रत्नाकर नेक दिल इंसान थे हमलोगों ने इन्हें खो दिया है। डॉ रत्नाकर वर्ष 21मई 2017 से 26 सितंबर 2017 तथा 22 अक्टूबर 2020 से 11 मई 2021 तक पालीगंज पीएससी के चिकित्सा प्रभारी के पद पर रहे थे । निरखपुर पाली के पैक्स अध्यक्ष सुमेर सिंह, अखिलेश कुमार, राजकिशोर सिंह सहित कई लोगों ने भी शोक व्यक्त किया है।

# नशे के विरुद्ध जागरुकता रैली में सैकड़ों लोगों ने लिया भाग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना/रांची।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान माता वैष्णो देवी नगर, पुंदाग रांची शाखा के सैकड़ों अनुयायियों ने रविवार को नशे के विरुद्ध जागरुकता रैली निकाली गई जिसका नेतृत्व रांची शाखा के स्वामी धनंजयानंद जी के साथ सैकड़ों महिला व पुरुष अनुयायियों ने पूरे रांची नगर भ्रमण कर लोगों को नशे के सेवन के विरुद्ध जागरुक किया। इस रैली में युवा परिवार सेवा समिति द्वारा आरोग्य प्रकल्प के अंतर्गत बोध कार्यक्रम में संकल्प रैली में युवाओं को नशे से दूर रहने की प्रेरणा देते हुए नशे के विरूद्ध जारुकक रहने की संकल्प ली गई। यह रैली दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम परिसर से प्रारंभ होकर माता वैष्णो देवी नगर फेज 2, फेज 1, अग़ौरा कटहल मोड़ टी ओ पी थाना होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंची। जिसमें स्वामी धनंजयानंद जी महाराज ने नशीले वस्तुओं के सेवन से दूर रहने की बात कही। नशा व्यक्ति को शारीरिक व आर्थिक नुकसान पहुंचाता है वहीं समाज में उसकी प्रतिष्ठा भी कम होती है। उन्होंने कहा कि युवाओं में बढ़ता नशे का प्रचलन भारी चिंता का विषय है और पूरे समाज को नशे के विरूद्ध एकजुट होना चाहिए ताकि हमारा युवा नशे से बच सके।

संस्था द्वारा नशे के विरूद्ध जिसमें लोगों को नशे से छुटकारा पाने के तरीका को विस्तार से बताया नशा बाहर की दवा से नहीं बल्कि ब्रह्म ज्ञान (ध्यान) मेडिटेशन द्वारा हजारों युवा ने नशे को छोड़े है खुद बदले है, फिर बदलने के लिए आगे बढ़े है। जिसका उद्देश्य समाज में नशे के बढ़ते प्रचलन पर नियंत्रण और जन जागरूकता फैलाना है। इस अभियान के तहत युवाओं, अभिभावकों, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को मिलकर नशा के खिलाफ कार्य करना होगा। इस रैली में स्वामी धनंजयानन्द, मीडिया प्रभारी संजय सिंह, इन्द्रजीत यादव, वीरेन्द्र सिंह, मनोज कुमार पंकज, सुभाष जी, रतन देव, अमनदीप जी, प्रशांत, डॉ निशांत, रंजीत जी काफी संख्या में शामिल हुए।

# 20 जिलों के डीसी बदले, देवघर से लेकर धनबाद तक नये उपायुक्तों की हुई पोस्टिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार ने बड़ी प्रशासनिक सर्जरी करते हुए राज्य के कई आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। देर शाम जारी आदेश में राज्य के 20 जिलों के उपायुक्तों को बदल दिया गया है। इस फ़ेरबदल को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में खासी चर्चा है। तबादले की सूची में जिन अधिकारियों को नए जिलों की कमान सौंपी गई है, उनमें कई युवा और अनुभवी अफसर शामिल हैं। नमन लकड़ा को देवघर, जबकि फैज अक अहमद को रामगढ़ का नया उपायुक्त नियुक्त किया गया है। अजय नाथ झा अब बोकारो जिले की जिम्मेदारी संभालेंगे।

अन्य प्रमुख तबादले इस प्रकार हैं: आदित्य रंजन-धनबाद, रामनिवास यादव- गिरिडीह, आर रॉनिटा-खूंटी, अंजली यादव-गोड्डा, कर्ण सत्यार्थी- पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर), चंदन कुमार - पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा), कंचन सिंह- सिमडेगा, नितिश कुमार सिंह- सरायकेला, प्रेरणा दीक्षित-गुमला, शशि प्रकाश सिंह - हजारीबाग, कुमार ताराचंद- लोहरदगा, कीर्तिश्री- चतरा, अभिजीत सिन्हा- दुमका, ऋतुराज- कोडरमा, समीरा एस- पलामू, रवि आनंद-जामताड़ा, दिनेश कुमार यादव-गढ़वा

इस प्रशासनिक फ़ेरबदल को सरकार द्वारा प्रशासनिक गति बढ़ाने और विकास कार्यों में तेजी लाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। इसके साथ ही आगामी योजनाओं और कार्यक्रमों के सुचारू संचालन के लिए नई ऊर्ज़ा और नेतृत्व देने की कोशिश भी मानी जा रही है।

सूत्रों की मानें तो आने वाले दिनों में और भी तबादले संभव हैं, जिससे राज्य की निचली और मध्यम प्रशासनिक व्यवस्था में भी बदलाव देखने को मिल सकता है।

# विगत एक माह में 390 नये स्वंय सहायता समूहों का किया गया है गठन

## जन वितरण प्रणाली से जुड़े सभी परिवारों को स्वयं सहायता समूह से जोड़ा जाएगा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छूटे हुए गरीब परिवारों को जीविका स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने हेतु चलाए गए विशेष अभियान के तहत विगत एक महीने में 390 नये स्वंय सहायता समूहों का गठन किया गया है।

### अब तक कुल 28465 स्वयं सहायता समूहों का किया गया है गठन

जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक सुनिर्मल गरेन ने सोमवार को यहां बताया कि इस अभियान के तहत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विगत एक माह के दौरान बनाए गए 390 नए स्वयं सहायता समूहों से कुल 5455 परिवारों को जोड़ा गया है। इसी प्रकार महदलित टोले में भी छूटे हुए परिवारों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने के लिए चलाए गए विशेष कार्यक्रम के तहत 953 परिवारों का समूह से जुड़ाव किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य मुख्यालय से मिले दिशा निर्देश के अनुसार जन वितरण प्रणाली से जुड़े सभी परिवारों को स्वयं सहायता समूह से जोड़ा जाएगा। इसके लिए संबंधित ग्राम संगठन स्तर पर सर्वे करते हुए छूटे हुए सभी परिवारों को स्वयं सहायता समूह में शामिल किया जाना है। ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा शहरी क्षेत्रों में भी इस वर्ष 456 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जाना है। श्री गुरेन ने बताया कि इस जिले में अब तक कुल 28,465 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। इन समूहों से तकरीबन 3 लाख 39 हजार परिवार जुड़े हैं। स्वयं सहायता समूहों को बेहतर नेतृत्व प्रदान करने के लिए 10 से 15 स्वयं सहायता समूहों को मिलकर एक ग्राम संगठन का गठन किया जाता है। जिले में अब तक 1971 ग्राम संगठन एवं 47 संकुल स्तरीय संघ का गठन किया गया है। परियोजना प्रबंधक ने बताया कि सामुदायिक संगठनों के निर्माण से बिहार की महिलाओं का आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण किया जा रहा है। सरकार समूह से जुड़ी महिलाओं के रोजगार एवं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए कई प्रकार के कदम उठा रही है। जिससे समूह के माध्यम से महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। जिले के विभिन्न प्रखंडों में 26 मई को 30 जीविका महिला ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि इस संवाद कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे और सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाई। राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से मिले लाभ के बारे में भी महिलाओं में अपने अनुभवों को साझा किया। जिले में अब तक 1155 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम संपन्न हो चुका है। जबकि शेष संगठनों में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

# सुहागिनों ने वटवृक्ष की पूजा कर मांगी पति की लंबी उम्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** सावित्री व्रत के अवसर पर पालीगंज की सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए वटवृक्ष की पूजा की। सुहागिन महिलाओं ने सजधजकर सोलहो सिंगार कर डलिया में पूजा के सामान लेकर वटवृक्ष की 108 बार परिक्रमा की, कच्चा धागा लपेटा और सावित्री-सत्यवान की कथा सुन यमराज के पूजा की। शास्त्रों के अनुसार वटवृक्ष को देव वृक्ष माना गया है—जिसके मूल में ब्रह्मा, मध्य में विष्णु और अग्रभाग में शिव का वास होता है। मान्यता है कि इसी वटवृक्ष के नीचे सावित्री ने अपने तप और सच्चे प्रेम से यमराज को प्रसन्न कर अपने पति सत्यवान को पुनर्जीवन दिलाया था। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, राजा अश्वपति की पुत्री सावित्री ने अल्पायु सत्यवान से विवाह किया, यह जानते हुए भी कि उसकी मृत्यु एक वर्ष के भीतर हो जाएगी। जब सत्यवान वन में लकड़ी काटते समय बेहोश हुआ, तो यमराज उसकी आत्मा ले जाने आए। सावित्री भी उनके पीछे-पीछे चल पड़ी। यमराज ने उसकी निष्ठा और धर्मपालन से प्रसन्न होकर तीन वरदान दिए—सास-ससुर को नेत्र ज्योति, खोया हुआ राज्य और अंत में सत्यवान के पुत्रों की मां बनने का वर। इस तीसरे वरदान के साथ ही यमराज ने सत्यवान को जीवनदान दे दिया। इसके बाद सत्यवान जीवित हो उठा, उसके माता-पिता की आंखें ठीक हो गईं और उनका राज्य भी वापस मिल गया। तभी से इस व्रत को ''वट सावित्री व्रत'' के रूप में मनाया जाता है।

**इस व्रत की मानता**

विवाहित महिलाएं इस दिन उपवास रखती हैं,वटवृक्ष की पूजा करती हैं और सावित्री-सत्यवान की कथा सुनती हैंऔर यमराज की पूजा करती है । ऐसा माना जाता है कि इस व्रत से पति की उम्र बढ़ती है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। खास करके नवविवाहित स्त्रियां इस पर्व को ज्यादा उत्साह के साथ करती दिखी।

# आहार में पौष्टिकता और स्वाद का संतुलन होना चाहिए : ऋतिका समद्दार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारत समेत दुनियाभर की महिलाओं में पॉलीसिस्टिक ओव्हरी सिंड्रोम (पीसीओएस) के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पीसीओएस के कारण हॉर्मोन में असंतुलन होता है, जिससे पूरी सेहत, मेटाबोलिज़्?म और वजन पर असर पड़ता है। ऐसे में जीवनशैली में बदलाव के साथ-साथ खानपान पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। पौष्टिक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार शरीर को न केवल ऊर्ज़ा देता है, बल्कि लंबे समय तक स्वास्थ्य को भी संबल प्रदान करता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि रोज़ाना के नाश्ते में बादाम जैसे मेवों को शामिल करना इस दिशा में एक असरदार कदम हो सकता है। बादाम शरीर को दिनभर स्थिर ऊर्ज़ा देते हैं और पीसीओएस डाइट को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस विषय पर जानकारी साझा करते हुए मैक्स हेल्थकेयर, नई दिल्ली में डायटीटिक्स की रीजनल हेड ऋतिका समद्दार बताती हैं कि पीसीओएस से जूझ रही महिलाओं के लिए ऐसे नाश्ते के विकल्प जरूरी हैं जो न केवल आसान और पौष्टिक हों, बल्कि व्यस्त सुबह के लिए भी उपयुक्त हों। उनका मानना है कि आहार में पौष्टिकता और स्वाद का संतुलन होना चाहिए। ऋतिका के अनुसार, साबुत अनाज, हरी पत्तेदार सब्जियां और बादाम जैसे तत्व हार्मोन संतुलन बनाए रखने, वजन नियंत्रित करने और समग्र स्वास्थ्य सुधारने में सहायक होते हैं। ऋतिका समद्दार ने कुछ ऐसे पौष्टिक और सुविधाजनक नाश्तों के सुझाव दिए हैं जिनमें आलमंड एण्ड ओट मिल्क ब्रेकफास्ट स्मूदी, ईज़ी क्विनोआ उपमा, क्विक आलमंड फ्लोर पैनकेक, हेल्दी मूंग दाल चिल्ला, होल व्हीट टोस्ट विद टॉपिंग्स शामिल है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 140 करोड़ भारतीय ...

इंडिया' पहल के निरंतर विस्तार को दर्शाता है तथा राष्ट्रीय गौरव को मजबूत करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक मजबूत रेलवे नेटवर्क सुविधाएं बढ़ाता है और उद्योगों तथा कृषि को बढ़ावा देता है। उन्होंने रेखांकित किया कि भारत के कई क्षेत्रों में पिछले दशक में पहली बार रेलवे कनेक्टिविटी मिली है। उन्होंने कहा कि गुजरात के कई क्षेत्रों में पहले केवल छोटी, धीमी गति वाली ट्रेनें थीं, लेकिन अब कई नैरो-गेज मार्गों का विस्तार किया गया है। दाहोद और वलसाड के बीच नई एक्सप्रेस ट्रेन सहित कई रेलवे मार्गों के उद्घाटन, जिससे जनजातीय क्षेत्र को बहुत लाभ होगा, की घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कारखाने युवाओं के लिए व्यापक स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा करते हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि दाहोद की रेल फैक्ट्री 9,000 हॉर्स पावर के इंजनों का विनिर्माण करेगी, जिससे भारत की रेलगाड़ियों की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि दाहोद में बनने वाले हर इंजन पर शहर का नाम अंकित होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में सैकड़ों इंजन बनाए जाएंगे, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार पैदा होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह कारखाना रेलवे के पुर्जे बनाने वाले छोटे उद्योगों को भी समर्थन देगा, जिससे आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक विकास होगा। उन्होंने कहा कि रोजगार के अवसर फैक्ट्री से परे भी उपलब्ध हैं, जिससे किसानों, पशुपालकों, दुकानदारों और मजदूरों को लाभ मिलता है तथा व्यापक आर्थिक प्रगति सुनिश्चित होती है। इस कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल, केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### सीएम नीतीश ने 20 सहायक...

किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं एवं नियुक्ति पत्र पानेवाले सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे।

# नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाना इंजीनियरों की जिम्मेदारी : विजय कुमार चौधरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** जल संसाधन विभाग के मंत्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आज विभागीय सभा कक्ष, पटना में सिंचाई प्रक्षेत्रों से संबंधित राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी एवं प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात वाल्मी शासी पर्षद के परामर्शी अध्यक्ष ईश्वर चंद्र ठाकुर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।

बैठक में विभाग के विभिन्न सिंचाई योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, नहरों में जलापूर्ति की स्थिति, भू-अर्जन से संबंधित लंबित मामलों, तथा प्रगति यात्राओं की समीक्षा की गई। मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि आमने-सामने की बैठक से संवाद अधिक प्रभावी होता है और इससे ज़मीनी समस्याओं की वास्तविक पहचान संभव हो पाती है। उन्होंने कहा कि ऐसी बैठकों से कार्यों की गति और गुणवत्ता दोनों में सुधार होगा।

मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नहरों का जल हर खेत तक अविरल पहुँचे, यह अभियंताओं की प्राथमिक जिम्मेदारी है। आगामी सिंचाई मौसम से पूर्व सभी स्थल निरीक्षण गंभीरता से पूर्ण किए जाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर व्यक्तिगत जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कार्यों में कोताही बरतने वाले संवेदकों पर सख्त कार्रवाई तथा गुणवत्ता में समझौता करने वालों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का निर्देश दिया। प्रधान सचिव श्री मल्ल ने बताया कि राज्य में अब तक 37 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता सृजित की जा चुकी है, जिसे पूर्णतः क्रियान्वित करना विभाग का प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी योजनाएं समयबद्ध रूप से पूरी हों और उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी क्षेत्र में नहर के बांध टूटने तथा क्षेत्र में जलप्लावन होने की स्थिति उत्पन्न होती हैं तो संबंधित ईई, एई, जेई के अलावा मुख्य अभियंता के विरुद्ध भी जिम्मेदारी निर्धारण कर अनुशासनिक एवं विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बैठक के प्रथम सत्र में सिवान प्रक्षेत्र की योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई, जिनमें पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली का पुर्नस्थापन, सारण मुख्य नहर (किमी 0.00 से 17.00 तक) का लाईनिंग कार्य, एवं इनलेट संरचना निर्माण जैसी योजनाएं प्रमुख थीं। मंत्री ने इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को स्थल निरीक्षण करने का निर्देश दिया।

बैठक का समापन सलाहकार, नीतिगत मामले रविंद्र कुमार शंकर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर विभाग के अपर सचिव श्री नवीन, पवन कुमार सिन्हा, अभियंता प्रमुख (मुख्यालय) शरद कुमार, अभियंता प्रमुख (सिंचाई सृजन) अवधेश कुमार, मुख्य अभियंता (योजना एवं मॉनिटरिंग) ब्रजेश मोहन सहित संबंधित प्रक्षेत्रों के मुख्य अभियंता एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## शिक्षिका नीतू शाही को किया गया सम्मानित

**फुलवारीशरीफ।** शिक्षिका नीतू शाही गांधीनगर में पर्यावरण संरक्षण मित्र अवॉर्ड 2025 से सम्मानित हुईं। हरियाली का सम्मान महात्मा गांधी जी और हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के गांधीनगर, गुजरात की धरती पर आयोजित किया गया. पटना के फुलवारीशरीफ प्रखंड कॉलोनी प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका नीतू शाही को गुजरात में पर्यावरण मित्र सम्मान मिलने पर फुलवारी शरीफ के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। यह कार्यक्रम अर्ली बर्डस और जान लाइव के तत्वावधान में ग्रीन सिटी गांधीनगर में संपन्न हुआ। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से नवाचारी शिक्षकों व पर्यावरण क्षेत्र में योगदान देने वाले प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## झमाझम बारिश से मिली राहत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय में सोमवार को झमाझम बारिश से लोगों को राहत मिली है। मालूम हो कि पिछले कई दिनों से तिखी धूप निकल रही थी। सोमवार को बारिश होने से लोगों को गर्मी से निजात मिली है। वहीं खेतीबारी में भी लाभ होने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवाओं को प्राथमिकता देना ही सच्चे नेतृत्व का प्रमाण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं बिहार, केरल, मणिपुर के प्रभारी प्रतीक एडविन शर्मा ने चनपटिया विधानसभा अंतर्गत एफसीआई मैदान में अभ्यासरत युवाओं की मांग पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पीने के शुद्ध जल की व्यवस्था हेतु निजी कोष से हैंडपंप की स्थापना करवाई। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि राजनीति केवल मंचों की बात नहीं, जमीन से जुड़ने और लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं को समझकर उनका समाधान करने की प्रक्रिया है। जब युवा देश के भविष्य हैं, तो उनके प्रशिक्षण में कोई बाधा न आए। यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। स्थानीय युवाओं ने इस पहल का स्वागत करते हुए श्री शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि यह छोटा लेकिन अत्यंत सार्थक कार्य उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

### 65वें एसडीएम के रूप में विकास कुमार ने लिया प्रभार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सदर अनुमंडल कार्यालय में सोमवार को विकास कुमार ने 65 वे एसडीएम के 3 रूप में पद का कार्यभार संभाला। उन्होंने पूर्व एसडीएम डॉ. विनोद कुमार से औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। इस दौरान कार्यालय के कर्मियों ने उनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। पदभार ग्रहण करने के बाद एसडीएम विकास कुमार ने कहा कि सरकारी योजनाओं को जमीन पर उतारना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए पारदर्शिता और त्वरित समाधान जरूरी है। उन्होंने जनहित को सर्वोपरि बताते हुए क्षेत्र में सुशासन की प्रतिबद्धता जताई।एसडीएम ने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत बनाना और आम लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान करना उनकी पहली जिम्मेदारी होगी। पदभार ग्रहण के मौके पर अनुमंडल लोक शिकायत पदाधिकारी मासूम अंसारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी यशलोक, दंडाधिकारी विभा कुमारी समेत कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### पुलिस कप्तान ने किया लौरिया थाना का निरीक्षण

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर से लौटने के क्रम में पुलिस अधीक्षक बेतिया शौर्य सुमन अपने दल बल के साथ रविवार की आधी रात को अचानक लौरिया थाने का औचक निरीक्षण किया । वही थाना में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल अपने कार्य स्थल पर कर्तव्य निर्वहन करते पाए गए तो पुलिस कप्तान ने सर्व प्रथम अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ पूरे थाना परिसर का मुआयना किया और थानाध्यक्ष को परिसर की साफ सफाई पर ध्यान देते हुए वारंटियों, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी और लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कई अन्य कार्यों पर प्रसन्न मुद्रा में खिले खिले से नजर आए तो अति शीघ्र थाना परिसर की समुचित साफ सफाई करने की बात कही। साथ ही पुलिस पब्लिक समन्वय स्थापित कर पीड़ितों का हर संभव मदद करने की गुर सिखाए। निरीक्षण के दौरान पुनि सह थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल के साथ पुलिस कप्तान के हम कदम रहे।

### दो वारंटी समेत तीन गिरफ्तार जेल

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने दो वारंटी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार लोगो मे बहुअरवा गांव निवासी आमोद यादव, एवं बढनिहार सीताराम राम व बड़गो के सुरेश मुशहर शामिल है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि आमोद यादव को 6 लीटर चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। वही सीताराम व शुरेश के ऊपर न्यायालय द्वारा कुर्की का वारंट निर्गत था। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार तीनो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### महिलाओं ने मांगा अखंड सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय क्षेत्र में वट सावित्री व्रत उत्साह से मनाया गया।सोमवार को सुहागिन अपनी पति की लंबी उम्र एवं सदा सुहागिन के लिए वट सावित्री व्रत प्रखंड के मलंग बाबा माई स्थान ब्रम्ह बाबा थाना परिसर अवस्थित पीपल के बृक्ष को धागा लपेटकर एवं परिक्रमा कर मनाया।विवाहित महिलाओं ने मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना कर पति की लंबी उम्र का आशीर्वाद मांगा।सुहागिनों ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिरों में सुहागिनों की भीड़ जुटी रही।पूरे दिन मंदिरों में भजन-कीर्तनों का भी आयोजन हुआ सुहागिनों ने विधि-विधान से वट सावित्री का पूजन किया। विवाहित महिलाओं ने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए व्रत रखा।प्रखंड में विवाहित महिलाओं का पूजा-अर्चना के लिए पारंपरिक वेष भूषा में मंदिरों में पहुंच सदा सुहागिन के लिए पूजा अर्चना की।

### ससमय राशन नहीं मिलने पर हंगामा

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार के दिन गोबरौरा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा को पीडीएस के द्वारा वितरण किए जाने वाला राशन पैक्स गोदाम तक नही पहुंचने से नाराज अध्यक्ष ने पीडीएस गोदाम पहुंचकर हो हल्ला किया। उन्होंने बताया कि देश के प्रधान सेवक का आदेश है कि सरकार द्वारा गरीबो को मिलने वाला राशन महीने के बीस तारीख तक सभी पीडीएस दुकानदार के पास पहुंच जाना चाहिए। ऐसी ब्यवस्था के बीच आज महीने के 26 तारीख हो गया अभी तक राशन नही पहुंचा है। जिससे आम लोगो मे पीडीएस दुकानदार के प्रति आक्रोश है।

### विभाग द्वारा आवंटित लैपटॉप को अंचल में किया सुपुर्द

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरकार द्वारा आवंटित लैपटॉप सोमवार कोअंचल में पदस्थापित राजस्व कर्मचारियों ने विभागीय आदेश व संघ के निर्देश पर अंचल प्रशासन को सुपुर्द किया है। राजस्व कर्मचारी अनिल कुमार, सुनील कुमार यादव, राहुल रंजन, अभिषेक भारती, विवेक कुमार यादव, रामबाबु आदि ने बताया कि जब तक उनकी 17 सूत्री लंबित मांग को सरकार पूरा नही करेगी। अनिश्चिकालीन हड़ताल जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि संघ के निर्देश पर सभी ने सरकारी लैपटॉप वरीय अधिकारी के समक्ष अंचल को जमा कर दिया है। बता दे कि अपनी 17 सूत्री मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए अंचल के 13 राजस्व कर्मचारियों ने लैपटॉप, चार्जर लौटाने को लेकर बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ (गोपगुट) व राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के पत्र का हवाला दिया।

### 111 बीएलओ विवरणी ईआईओ ने किया अपलोड

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सभी बीएलओ का विवरणी ईआरओ नेट पोर्टल पर ऑनलाईन किया जा रहा है। इसको लेकर सोमवार को प्रखंड के सभाकक्ष में बूथ संख्या 1 से 150 तक के बीएलओ का विवरणी ऑनलाईन करना था। हालाकि खबर लिखे जाने तक 111 मतदान केंद्र पदाधिकारी की जानकारी ही पोर्टल पर अपलोड हुई है। इस कार्य मे लगे कर्मी सुनील कुमार चौबे, गोविंद कुमार, आनन्द कुमार, आदि ने बताया कि सभी बूथों के लिए दिन निर्धारित किया गया है। सोमवार को पहले दिन बूथ संख्या 1 से 150 तक के बीएलओ की ईआरओ नेट पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। वहीं 27 मई को बूथ संख्या 151 से 239 तक के बीएलओ का विवरणी ऑनलाईन अद्यतन किया जाएगा।

# एकमा में दिनदहाड़े ज्वेलरी शॉप में लूट, दुकानदार को मारी गोली

**वारदात स्थल पर पहुंचकर डीआइजी व एसएसपी ने की जांच पड़ताल, कहा- जल्द होगा वारदात का खुलासा**





**एकमा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के सारण जिले के एकमा थाना क्षेत्र में सोमवार को दिनदहाड़े एक स्वणार्भूषण की दुकान में हथियारबंद अपराधियों ने धावा बोलकर लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। लूट के दौरान जान बचाकर भागने की कोशिश कर रहे दुकानदार को अपराधियों ने गोली मार दी। जिसे घायल अवस्था में एकमा के एक निजी अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। घटना एकमा नगर पंचायत के पुरानी बाजार स्थित महावीर स्थान के पास की है, जहां राजलक्ष्मी ज्वेलर्स नामक दुकान का संचालन पंकज वर्मा (35), पिता रविंद्र वर्मा करते हैं। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को जब पंकज वर्मा दुकान पर बैठे हुए थे, उसी समय तीन बाइक पर सवार छह हथियारबंद व चेहरा ढके हुए अपराधी दुकान में घुसे। अपराधियों को देखकर पंकज वर्मा भागने लगे, तभी अपराधियों ने गोली चला दी, जो उनके जांघ में लगी। गंभीर रूप से घायल दुकानदार खून से लथपथ हो गए। इस दौरान अपराधी लूटपाट की घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। वहीं घायल अवस्था में उपचार के लिए आसपास के लोगों के स्वर्ण व्यवसायी पंकज वर्मा को एकमा स्थित पटना नर्सिंग होम नामक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सक डॉ एस कुमार के द्वारा घायल व्यवसायी का उपचार किया जा रहा है। इस बीच निजी अस्पताल परिसर एवं व्यवसायी के सोना-चांदी दुकान के आसपास वारदात की जानकारी पाकर बाजार के लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायल अवस्था में उपचार के दौरान पंकज वर्मा ने बताया कि अब तक उसे यह जानकारी नहीं हो सकी है कि दुकान से कितने रुपए या जेवरात की लूट हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार सहित डीआईजी निलेश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष आदि अन्य पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस पदाधिकारियों ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। वारदात स्थल से पुलिस को एक गोली का खोखा बरामद हुआ है। वहीं एक गोली स्वर्ण व्यवसायी के जांघ में लगी है, जिसे ऑपरेशन कर चिकित्सक द्वारा निकाला गया है। शाम तक पहुंची फॉरेंसिक (एफएसएल) की टीम ने पहुंचकर वारदात स्थल से सैंपल एकत्र किए हैं। इस दौरान वरीय पुलिस अधिकारियों ने एकमा निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती घायल स्वर्ण व्यवसायी से मुलाकात कर आवश्यक जानकारी प्राप्त किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच के लिए एसआईटी का गठन किया जाएगा। अपराधियों की पहचान कर जल्द ही इस घटना का खुलासा कर लिया जाएगा। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

## केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के जिला सम्मेलन डॉक्टर्स को किया सम्मानित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वेस्ट चम्पारण केमिस्ट्स एण्ड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के नगर के गुरुद्वारा रोड स्थित जिला कार्यालय परिसर में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर जो जगह जगह पर किया जा रहा है, जिसमे रामनगर शिविर के सफल आयोजन पर रविवार शाम आयोजित डॉक्टर्स को सम्मान देने के कार्यक्रम का नगर निगम महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने किया। इस शिविर में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे जिला के वरीय चिकित्सा अधिकारी डॉ.एसएन कुलियार, डॉ. रश्मि कुलियार, डॉ.दिलीप कुमार, डॉ. कुमार सौरभ, डॉ दिवेश चटर्जी, डॉ.जफर अख्तर आदि नामी गिरामी चिकित्सा अधिकारियों ने दर्जनों महिला पुरुष रोगियों का उपचार किया। इस मौके पर सभी विशिष्ट चिकित्सक गण का सम्मान और आभार व्यक्त करने के बाद महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि हमारे नगर निगम क्षेत्र के गरीबों का एक बड़ा तबका नियमित स्वास्थ्य जांच जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित है। उसी तरह हमारे नगर निगम परिवार के सदस्य हमारे सैकड़ों सफाईकर्मी भाई बहनों को भी नियमित स्वास्थ जांच की दरकार है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने इसके साथ ही कहा कि बाजार में नकली और डुप्लीकेट्स दवाओं की भरमार है। मेरी प्रार्थना है कि वेस्ट चम्पारण केमिस्ट्स एण्ड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन अपने पहुंच और प्रभाव का उपयोग करते हुए श्दवा बाजारश को नकली दवाओं से मुक्त बनाने में योगदान दें। ताकि गरीब जनता को ठगी और धोखाधड़ी से आंशिक तौर पर भी बचाया जा सके।

## 24 घंटे बाद भी नहीं मिला राजीत यादव का शव, सरयू नदी में डूबे थे भैंस चराकर लौटते वक्त

**डुमरहर गांव के बुजुर्ग राजीत यादव की तलाश में एसडीआरएफ व गोताखोरों की टीमें जुटीं, पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल**



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दरौली थाना क्षेत्र के डुमरहर बुजुर्ग (भीटा टोला) निवासी 65 वर्षीय राजीत यादव शनिवार शाम सरयू नदी में डूब गए। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी उनका शव नहीं मिल पाया है। घटना के बाद से पूरे गांव में शोक और बेचैनी का माहौल है। राजीत यादव हर रोज की तरह शनिवार को अपनी भैंस लेकर गांव के बगल स्थित सरयू नदी पार कर दियारा गए थे। लौटते समय नदी पार करते वक्त वे भैंस की पूंछ पकड़कर चल रहे थे, तभी उनका हाथ छूट गया और वे तेज बहाव में डूब गए।

**साथी चरवाहों ने बचाने की की थी कोशिश**

राजीत यादव के साथ अन्य चरवाहे भी मौजूद थे जिन्होंने उन्हें डूबते देखा। साथी चरवाहों ने बचाने की कोशिश की, लेकिन गहराई और तेज धारा के कारण वे सफल नहीं हो सके। देखते ही देखते राजीत यादव पानी में समा गए।

**ग्रामीणों ने तैराकों की मदद से की खोज**

घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने गांव के तैराक युवकों की मदद से शव की खोजबीन शुरू की। शनिवार देर शाम तक लगातार प्रयास किए गए, लेकिन सफलता नहीं मिली।

**एसडीआरएफ टीम कर रही रेस्क्यू ऑपरेशन**

घटना की जानकारी मिलते ही सीओ विद्याभूषण कुमार ने रविवार सुबह एसडीआरएफ टीम को बुलाया। टीम बोट के साथ मौके पर पहुंची और नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। देर शाम तक खोजबीन जारी रही लेकिन शव नहीं मिल सका।

**गुठनी से मंगाए गए गोताखोर**

शव की तलाश में तेजी लाने के लिए दरौली सीओ ने गुठनी सीओ डॉ. विकास कुमार से संपर्क कर गोताखोरों की टीम भी मंगवाई, जो अब सरयू में शव की तलाश कर रही है।

**परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल**

राजीत यादव के परिवार में पत्नी सोनामति देवी और तीन पुत्र हैं। दो पुत्र बाहर नौकरी करते हैं, जबकि सबसे छोटा बेटा लालसाहब यादव गांव में है और हर हाल में अपने पिता के शव की तलाश में लगा है। सोनामति देवी का रो-रो कर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

## मांझी-बरौली स्टेट हाइवे पर दो बाइकों की टक्कर में चार घायल, एक की हालत गंभीर







**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के मांझी-बरौली स्टेट हाईवे संख्या 96 पर रविवार को मुकुंदपुर गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने हुई। टक्कर में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉ. विवेक कुमार प्रसाद ने सभी का प्राथमिक उपचार किया। प्राथमिक इलाज के बाद चारों घायलों को बेहतर चिकित्सा के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया गया कि एक बाइक पर सवार दाउदपुर थाना क्षेत्र के गोबरही गांव निवासी मुकेंद्र यादव (26) महाराजगंज की ओर जा रहे थे। वहीं दूसरी बाइक से एकमा की ओर आ रहे रसूलपुर थाना क्षेत्र के सरांव गांव निवासी पंकज कुमार (24), हीरो कुमार (23) व नीरज कुमार (22) सवार थे। इसी दौरान दोनों बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। परिजनों ने बताया कि मुकेंद्र यादव की शादी 28 मई को तय है और वह तिलक समारोह के लिए कपड़े लाने महाराजगंज जा रहे थे। तभी यह दुर्घटना हो गई। चिकित्सक डॉ. विवेक कुमार प्रसाद ने बताया कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया है। लेकिन मुकेंद्र यादव की स्थिति गंभीर है। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरातफरी मच गई और हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में किया।

## बरसात से पहले सभी नाली की करायें साफ-सफाई

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर परिषद द्वारा बरसात में जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए शहर के प्रत्येक वार्ड स्थित सभी छोटी बड़ी नाली की सफाई कराया जाएगा। इसको लेकर नगर प्रशासन द्वारा नालों की उड़ाही कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। सभी वार्डो में नाली की सफाई प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। बता दे कि पिछले वर्ष बरसात के समय कई जगहों पर जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो जा रही थी। जिसको लेकर नगर परिषद के अधिकारियों ने इस वर्ष बरसात से पूर्व ही सभी नाली की साफ सफाई कराने का निर्णय लिया है। सोमवार को सभापति रीना देवी व स्वच्छता पदाधिकारी रवि कुमार सिंह आदि ने मुख्य नाली की हो रही सफाई कार्य का जायजा लिया।

## होमगार्ड अभ्यर्थियों ने लगायी दौड़, सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** होमगार्ड बहाली के पहले दिन सोमवार को महाराजा स्टेडियम में सुबह से ही अभ्यर्थियों की भीड़ लगी रही। सुबह करीब 3.30 बजे से ही अभ्यर्थी महाराज स्टेडियम के बाहर आ गए थे। स्टेडियम के बाहर बनाए गए काउंटर पर उनका रजिस्ट्रेशन हुआ। कड़ी सुरक्षा में जांच के बाद उन्हें स्टेडियम में प्रवेश दिया गया। बहाली में पारदर्शिता और सुरक्षा के लिहाज से प्रतिनियुक्त कर्मियों, सुरक्षा कर्मियों और अभ्यर्थियों के अलावे किसी अन्य को स्टेडियम में प्रवेश की इजाजत नहीं थी। पहले दिन अभ्यर्थियों की शारीरिक जांच हुई। अलग-अलग दल में बंटे अभ्यर्थियों ने दौड़ लगाई। फिर उनके हाइट की जांच की गई। दौड़ और हाइट में सफल अभ्यर्थी हाई जंप, लॉन्ग जंप, गोला फेक आदि में शामिल हुए। पहले दिन काफी सब कम संख्या में अभ्यर्थी सफल हुए। अभ्यर्थियों के शारीरिक जांच के दौरान डीएम दिनेश कुमार राय भी बहाली का निरीक्षण करने पहुंचे। बहाली के लिए बड़े संख्या में पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी। सदर एसडीएम डॉ विनोद कुमार, सदर एसडीपीओ विवेक दीप, होमगार्ड समादेष्टा मनीष कुमार समेत कई प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। बता दे की 311 होमगार्ड जवानों की बहाली की जानी है।

## भाकपा ने जिले के चार विस सीटों पर दावा ठोंका

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इंडी गठबंधन में शामिल भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी ने प.चंपारण जिले के नौ में से चार विधानसभा क्षेत्रों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। पार्टी के जिला मंत्री ओमप्रकाश क्रांति ने कहा कि यह जिला भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का एक ऐतिहासिक और संगठनात्मक गढ़ रहा है। यह न केवल विचारधारा की दृष्टि से, बल्कि जनसंघर्षों, आंदोलनों और कार्यकर्ता नेटवर्क की मजबूती के लिहाज से भी पार्टी का प्रमुख केंद्र रहा है। आजादी से पहले ही इस जिले में भाकपा की नींव रखी गई थी और यह क्षेत्र लगातार जनआंदोलनों का अग्रणी रहा है।उन्होंने यह भी बताया कि भाकपा पूर्व में तीन बार चनपटिया और एक बार नूतन बंरिया से विधानसभा में प्रतिनिधित्व कर चुकी है, साथ ही बेतिया लोकसभा सीट से संसद में भी पार्टी पहुंच चुकी है। वर्ष 2020 के चुनाव में महागठबंधन द्वारा कोई सीट न दिए जाने को लेकर पार्टी ने संगठनात्मक रूप से गंभीर रुख अपनाया। इस बार भाकपा ने चनपटिया, बेतिया, नौतन और लौरिया सीटों पर मजबूत उपस्थिति, जनसंपर्क और कार्यकर्ता आधार के आधार पर अपना दावा पेश किया है, और राज्य नेतृत्व को औपचारिक प्रस्ताव सौंपा है। पार्टी को विश्वास है कि महागठबंधन इस बार जनभावनाओं और ऐतिहासिक भूमिका का सम्मान करेगा।प्रेस वार्ता के अंत में उन्होंने कहा कि हम इन चारों सीटों पर पूरी ताकत, जनसंपर्क, संगठन और संघर्ष के दम पर चुनाव लड़ेंगे और वंचित, किसान, मजदूर, छात्र-नौजवान की आवाज को विधानसभा में पहुंचाएंगे।

## करेजी में पहली बार भव्य गंगा आरती का आयोजन, महायज्ञ समापन की पूर्व संध्या पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम

**काशी से पधारे सप्तपंडितों की टीम ने की दिव्य आरती, शंखनाद, दीप प्रज्वलन और वैदिक मंत्रोच्चारण से गूंज उठा माहौल**



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुठनी थाना क्षेत्र के करेजी गांव में चल रहे नौ दिवसीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ के समापन की पूर्व संध्या पर शनिवार की रात पहली बार भव्य और दिव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक आरती में श्रद्धा और भक्ति का ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसे श्रद्धालु देर तक याद रखेंगे। आरती का नेतृत्व यज्ञाचार्य पंडित दिनेश पांडे ने किया, जबकि काशी से पधारे सप्तपंडितों की विशेष टीम ने आरती को वैदिक विधियों से संपन्न कराया। पंचमंच पर सजे आरती स्थल को देवमूर्तियों से अलंकृत किया गया था। मां गंगा की आरती की शुरूआत श्रीहरि की आराधना और भजनों से की गई, जिसमें "गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो" जैसे भजन गूंजते रहे। शंखध्वनि और दीप प्रज्वलन से गूंज उठा माहौल गंगा आरती के दौरान शंखध्वनि, मयूर पंख से पूजन, धूप-दीप प्रज्वलन, कपूर आरती और वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर भक्तों को आध्यात्मिक अनुभव से भर दिया गया। आरती के अंत में शिव तांडव स्तोत्र के साथ भावपूर्ण पांच मिनट की विशेष आरती की गई, जिसमें मौजूद श्रद्धालु ताली बजा-बजाकर झूमते नजर आए।

**गांव में पहली बार हुआ ऐसा आयोजन**

महायज्ञ के आयोजकों ने बताया कि करेजी गांव में यह पहली बार था जब किसी यज्ञ में गंगा आरती का आयोजन इस भव्यता और विधि-विधान से किया गया। इस आयोजन को देखने के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। क्षेत्र में अब तक हुए यज्ञों में यह आरती सबसे विशिष्ट और चर्चित रही।

**श्रद्धालुओं ने की सराहना**

यज्ञाचार्य पंडित दिनेश पांडे ने कहा कि जो लोग काशी या हरिद्वार जाकर गंगा आरती नहीं देख सके, उनके लिए यह एक दुर्लभ और पवित्र अनुभव था। आरती पूर्णतः वैदिक मंत्रोच्चारण और परंपरागत विधि से संपन्न की गई, जिससे श्रद्धालुओं की आस्था और गहरी हुई।

## जयप्रकाश नगर और दीनदयाल नगर की सड़कें बता रही विकास की सच्चाई

**वार्ड 30 की पार्षद उर्मिला देवी, लेकिन क्षेत्र में सड़क और नाली का हाल बेहाल**

कृष्ण मुरारी पांडेय

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दरबार मस्जिद से लेकर सब्जी मंडी पुल तक फैला जयप्रकाश नगर और उसके बाद बड़ी मस्जिद तक का दीनदयाल नगर, दोनों ही वार्ड नंबर 30 के अंतर्गत आते हैं। इस वार्ड की जिम्मेदारी उर्मिला देवी, जो कि दिलीप कुमार की पत्नी हैं, संभाल रही हैं। लेकिन क्षेत्र की स्थिति देखकर कोई नहीं कह सकता कि यहां कोई जनप्रतिनिधि सक्रिय है।







**हर साल बजट पास, हर साल काम शुरू... लेकिन हालात जस के तस**

नगर थाना रोड पर हर साल नाली और सड़क की मरम्मत की योजना बनाई जाती है। लेकिन विकास नहीं दिखता है।
सड़क के दोनों तरफ नालियां जाम है, पेवर ब्लॉक का काम सड़क के दोनों तरफ कहीं नहीं हुआ है, सड़क संकीर्ण हो गई है जिसकी वजह से दिन में इस रोड में भयंकर जाम लगता है।

**विकास नहीं दिखता, बस पार्षद का रुतबा बढ़ता जा रहा : स्थानीय निवासी**

रामप्रवेश यादव, जो पिछले 20 वर्षों से जयप्रकाश नगर में रहते हैं, कहते हैं, हर हर साल सड़क बनता है, नालियों की मरम्मत होती है लेकिन विकास के इस नाम पर सिर्फ तिजोरी भरने का काम नगर परिषद द्वारा होता है।
आनंदी देवी, जो दीनदयाल नगर की निवासी हैं, कहती हैं, बारिश में तो घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। बच्चे स्कूल नहीं जा पाते। बारिश होने पर पानी और कीचड़ से भरी सड़कें जानलेवा हो जाती हैं। काम के नाम पर खानापूर्ति, सवाल उठे पारदर्शिता पर लोगों का आरोप है कि ठेकेदार और वार्ड पार्षद की मिलीभगत से खानापूर्ति कर दी जाती है। न कोई निरीक्षण होता है, न कोई फॉलो-अप। नगर परिषद की चुप्पी, पार्षद का रवैया सवालों के घेरे में है।

जनता का सवालः कब सुधरेगा वार्ड नंबर 30?
जयप्रकाश नगर और दीनदयाल नगर की जनता अब पूछ रही है कि अगर हर साल मरम्मत का बजट पास होता है, तो सड़कें क्यों नहीं बनतीं? क्या यह लापरवाही है या फिर सुनियोजित भ्रष्टाचार?
क्या कहते हैं नगर पार्षद उर्मिला देवी के पति सह प्रतिनिधि : थाना रोड में नाला निर्माण के लिए वर्क आर्डर पास करवा चुके हैं, आईसीसी नाना बनवाना है। शाहिद सराय के सौंदर्य करण का भी काम होगा। तेवर ब्लॉक का काम पुराना बटा से सहित सराय तक होगा, यह सभी काम शीघ्र ही शुरू होंगे।

**दिलीप कुमार, पति सह प्रतिनिधि वार्ड पार्षद उर्मिला देवी, वार्ड नंबर 30**

## स्व. रघुवीर सिंह के आवास पहुंचे नगर विकास मंत्री जीवेश मिश्रा, परिजनों से मिल किया पुराना रिश्ता ताजा

**108 धार्मिक पुस्तकों का किया वितरण, स्मृति स्मारक के सदस्यों और गणमान्य लोगों ने किया स्वागत**



**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला मुख्यालय स्थित स्व. रघुबीर सिंह स्वतंत्रता सेनानी सह पूर्व पार्षद के निवास पर शनिवार देर रात नगर विकास मंत्री जीवेश कुमार मिश्रा पहुंचे। मंत्री ने स्व. सिंह के परिजनों से मुलाकात कर पुराने संबंधों को याद किया और भावुक क्षण साझा किए। कार्यक्रम का संयोजन लोकतंत्र सेनानी परिषद के जिला अध्यक्ष और अवकाशप्राप्त शिक्षक जनक देव तिवारी ने किया। उन्होंने मंत्री को अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर रघुबीर सिंह पुस्तकालय सह वाचनालय परिवार की ओर से तैयार कार्ययोजना के तहत नगर विकास मंत्री ने 108 रामचरितमानस और गीता की धार्मिक पुस्तकों का वितरण किया। पुस्तकालय अध्यक्ष कुमार आशुतोष ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य युवाओं को धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना है। मंत्री मिश्रा ने कहा, "स्व. रघुबीर सिंह के परिवार से मेरा 25 वर्षों का जुड़ाव है, मैं खुद को उनके परिवार का सदस्य मानता हूं। बच्चों से मिलना और उन्हें मार्गदर्शन देना मेरा कर्तव्य है। जल्द ही फिर से आने का वादा करता हूं।" कार्यक्रम में बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ, सिवान शाखा के कार्यकारी प्रधान सचिव विश्वमोहन कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता कुमार राजकपूर टीपू, पूर्व जिला पार्षद अजय पासवान, डॉक्टर श्रेया शाही समेत कई गणमान्य लोग और स्मृति स्मारक के दर्जनों सदस्य मौजूद रहे। दवा विक्रेता संघ, सिवान इकाई ने भी मौके पर मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत और अभिनंदन किया।

# विभागों में लंबित सभी मामलों का त्वरित निष्पादन करें सुनिश्चित : श्रीकांत शास्त्री

## मंडे फॉलो अप एवं जिला समन्वय समिति की बैठक में डीएम ने दिए कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मंडे फॉलो अप एवं जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन समाहरणालय सभा कक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं सेवाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई तथा सभी विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया। बैठक की शुरुआत में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत अधिकाधिक पात्र लाभार्थियों को जोड़ने हेतु 28 मई तक चलाए जा रहे विशेष अभियान की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंडों के नोडल पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे इस अभियान के दौरान आयुष्मान कार्ड निर्माण की सतत निगरानी करते हुए लाभुकों को योजना का लाभ सुनिश्चित कराएं। इसके पश्चात मंडे फॉलो अप बैठक में




विभागवार एजेंडा की पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से अवलोकन किया गया तथा निष्पादन की दिशा में ठोस पहल करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिला समन्वय समिति की बैठक में जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत जिला, सदर अनुमंडल तथा दाउदनगर अनुमंडल स्तर पर लंबित परिवादों की पीपीटी के माध्यम से समीक्षा की गई। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने विभागों में लंबित मामलों की सूची प्राप्त कर उनका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि जिले में वर्तमान में सीपीग्राम्स से संबंधित तीन, ई-डैशबोर्ड पर 235 एवं 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम से संबंधित 84 आवेदन लंबित हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। लोक सेवा के अधिकार अधिनियम (आरटीपीएस) के अंतर्गत निवास, जाति, आय, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सेवाओं से संबंधित लंबित मामलों की भी समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। साथ ही पेंशन, पारिवारिक लाभ, राशन कार्ड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन), एलपीसी जैसे आवेदनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, अपर समाहर्ता एवं जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, बंदोबस्त पदाधिकारी शैलेश कुमार, जिला भूर्जन पदाधिकारी सच्चिदानंद सुमन, सिविल सर्जन विनोद कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता मेराज जमील, रत्ना प्रियदर्शनी, बेबी प्रिया, रितेश कुमार यादव, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार, डीपीओ आईसीडीएस विनीता कुमारी, सभी कार्यपालक अभियंता तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दुर्घटनाओं में दो महिला सहित चार घायल

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो महिला समेत चार लोग घायल हो गए। दो की हालत गंभीर बनी हुई है। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान दाउदनगर के अंबेडकर नगर कुर्बान बिगहा निवासी आशा देवी, कौशल्या देवी, तरारी निवासी अरुण कुमार एवं ओबरा के तेजपुरा निवासी छोटू कुमार के रूप में हुई है। पहली घटना दाउदनगर थाना क्षेत्र की है जिसमें तेज रफ्तार पिकअप ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ई-रिक्शा पलट गई। हादसे में कौशल्या देवी, आशा और अरुण घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर हालत में आशा देवी को चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल महिला के परिजनों ने बताया कि रविवार की शाम पूजा का सामान खरीदने दाउदनगर बाजार गई थी। घर लौटते समय ई-रिक्शा में पिकअप ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दूसरी घटना ओबरा थाना क्षेत्र के तेजपुरा गांव की है। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। स्थानीय लोगों ने बाइक युवक को पानी से बाहर निकाला। गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# संदिग्ध अवस्था में विवाहिता की मौत

## मृतका के भाई ने ससुरालवालों पर लगाया हत्या आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** संदिग्ध हालत में एक महिला की मौत का मामला सामने आया है जिसमें मृतका के भाई ने हत्या का आरोप लगाया है। मामला दाउदनगर थाना क्षेत्र के पटवा टोली वार्ड नंबर 18 की है। मृतका की पहचान गुड्डू कुमार की 23 वर्षीया पत्नी सुमन कुमारी के रूप में की गई है। मृतका के भाई सोनू का कहना है कि करीब 13 महीने पहले 18 अप्रैल 2024 को बहन की शादी हुई थी। शादी के कुछ दिनों के बाद से ही ससुराल वालों की ओर से मेरी बहन को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया गया था। कई बार रिश्तेदारों की मौजूदगी में समझौता भी कराया गया। चार महीने पहले बहन को बेटी पैदा हुई जिसके चलते ससुराल वाले नाराज थे। उन्होंने ही मेरी बहन की हत्या कर किचन में खूंटी से लटका दिया है। सोनू ने बताया कि ससुराल वालों ने पहले भी धमकी दी थी कि अगर बेटी पैदा हुई तो जान मार दूंगा। प्रताड़ना से तंग आकर वह ससुराल से मायके चली गई थी। किसी तरह ससुराल वाले मनाकर चार दिन पहले सुमन को घर लेकर आए थे। सोमवार को हमलोगों को सुमन की मौत की खबर मिली। सोनू ने कहा कि जब हम सुमन के ससुराल पहुंचे तो किचन में उसका शव



मृतका की फाइल फोटो

खूंटी से बने एक फंदे से लटका हुआ था। उसका पैर जमीन से सटा हुआ था। ससुराल वालों ने उसकी हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिए उसे फंदे से लटका दिया था। सोनू ने बहनोई पर कई गंभीर आरोप लगाया है। उसने बताया कि उसके बहनोई का कई अन्य महिलाओं के साथ भी अवैध संबंध है। इधर मृतका के ससुर ने बताया कि दो दिन पूर्व ही उसका बेटा गुड्डू घर से नौकरी के लिए निकला है। दो दिनों से वह खाना पीना नहीं खा रही थी। जब मृतका की सास सोमवार को उसके कमरे में गई तो वह कमरे में नहीं मिली। बाद में उसका शव किचन में मिला। इसके बाद घटना की जानकारी परिजनों तथा अन्य लोगों को दी गई। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया हैं। आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन जारी है। एफएसएल की टीम को बुलाया गया है।

## उपभोक्ता अदालत ने पीड़िता को सौंपा चेक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला उपभोक्ता अदालत के सदस्य बद्री नारायण सिंह ने एक वाद में सुनवाई के बाद शिकायतकर्ता औरंगाबाद शहर के पटेल कॉलोनी वार्ड नं 06 साकेत कुमार की पत्नी साहित्या कुमारी को वेलफेयर बिल्डिंग एण्ड इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड का 75 हजार का चेक सौंपा हैं। शिकायतकर्ता ने अपने आवेदन में कहा है कि इस कंपनी में जमा राशि पांच साल में दोगुना स्कीम में 02.03.15 को 25 हजार एवं 24.10.16 को 50 हजार रूपये जमा किया था। भुगतान तिथि 2020-21 में परिपक्वता राशि देने में कंपनी द्वारा टाल-मटोल किया जा रहा था तब शिकायतकर्ता ने शारिरिक और मानसिक उत्पीड़न का वकालतन नोटिस कंपनी को भेजा, किंतु कंपनी ने कोई जवाब नहीं दिया तब शिकायतकर्ता ने न्याय के लिए जिला उपभोक्ता अदालत में वाद प्रस्तुत किया तब कंपनी द्वारा आज पहली किस्त प्रदान किया गया है।

# ऑटो की टक्कर से जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना औरंगाबाद शहर के रामाबांध की है। मृतक की पहचान रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के परोरा निवासी अरुण कुमार मेहता के 23 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि आशीष एक अज्ञात ऑटो की टक्कर से जख्मी हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची नगर थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। इसके उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने बताया कि आशीष एक आईस्क्रीम कंपनी में काम करता हैं। कंपनी के किसी कार्य से वह जा रहा था, इसी क्रम में उस जगह अज्ञात ऑटो ने टक्कर मार दी जिसमें वह हादसे का शिकार हो गया। परिजनों ने आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है।

## ट्रेन से गिरकर युवक जख्मी

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** चलती ट्रेन से गिरकर एक 25 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना फेसर रेलवे स्टेशन के समीप की है। घायल युवक की पहचान गया जिले के टेकारी थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी रामू पासवान के पुत्र शैलेश कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल शैलेश ने बताया कि वह ट्रेन की बोगी के गेट पर बैठा हुआ था। फेसर रेलवे स्टेशन के आसपास महिला ने शैलेश को धक्का दे दिया, जिससे वह ट्रेन से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

# परिवार की खुशहाली के लिए महिलाओं ने रखा वट सावित्री व्रत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पति की लंबी आयु की कामना एवं परिवार की खुशहाली के लिए महिलाओं ने सोमवार को वट सावित्री का व्रत किया एवं वट वृक्ष की पूजा की। औरंगाबाद शहर सहित जिले के सभी प्रखंडों एवं सुदूर गांवों तक इस मौके पर महिलाओं ने अपने पास के वट वृक्ष पर जाकर पूजा-अर्चन किया। शहर के पुलिस लाइन स्थित चिरकुटिया वीर बाबा प्रांगण में भी सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने वट सावित्रि का पूजा किया एवं पति



की दीर्घायु के लिए मन्नत मांगा। इस मौके पर पंडित अजय उपाध्याय ने कहा कि सनातन संस्कृति में वट सावित्री व्रत का आध्यात्मिक व पारंपरिक महत्व रहा है। सौभाग्यवती महिलाएं संतान और परिवार में सुख- समृद्धि की कामना से इस व्रत को करती है।

**गोह संवाददाता के अुसार**

गोह प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में वट सावित्री का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सोमवार की सुबह से ही वट वृक्षों के पास सुहागिन महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लाल-पीली साड़ियों में सजी महिलाओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंचोपचार विधि से वट वृक्ष का पूजन किया।

# भाजपा कार्यसमिति की बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जम्होर (औरंगाबाद)।** सदर प्रखंड के दुर्गा मैदान, जम्होर में भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल पश्चिमी की कार्यसमिति बैठक का आयोजन सोमवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला महामंत्री सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने की, जबकि संचालन मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता ने किया। बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर विशेष चर्चा की गई और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे 30 मई को विक्रमगंज में आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा को ऐतिहासिक बनाने में अपनी पूरी ताकत लगा दें। बैठक में उपस्थित भाजपा जिला महामंत्री सतीश कुमार सिंह एवं पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने नवनिर्वाचित मंडल




पदाधिकारियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में सतीश कुमार सिंह ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व विकास की दिशा में कदम बढ़ाया है। हमें उनके कार्यों को जन-जन तक पहुँचाना है। इसके लिए आवश्यक है कि हर बूथ स्तर पर संगठन को और भी सशक्त बनाया जाए।' उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे हर गाँव, टोले में जाकर लोगों को प्रधानमंत्री के कार्यों और योजनाओं से अवगत कराएँ और 30 मई की सभा में अधिकतम संख्या में पहुँचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। पूर्व जिला महामंत्री सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता, पूर्व जिला उपाध्यक्ष मधेश्वर चंद्रवंशी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष इंद्रदेव यादव ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करें और प्रधानमंत्री के संदेश को घर-घर पहुँचाएं। बैठक में भाजपा नेता अनिल अग्रवाल, चंचल शर्मा, प्रतिमा देवी, ऋषि कुमार सिंह, अजीत कुमार, राजेश गुप्ता, नरेश राम, प्रद्युम्न सिंह, फेकू गुप्ता, संजीव कुमार, रामनारायण सिंह, गौतम सिंह, नवनीत कुमार, सुमित कुमार, सिनेश सिंह, चंचल चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में मजदूर की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** पटना-औरंगाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 139 पर ओबरा थाना क्षेत्र के नारायणपुर मोड़ के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक 42 वर्षीय मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गोह थाना क्षेत्र के सरसोल गांव निवासी नंदू कुमार के रूप में की गई है। वह मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। जानकारी के अनुसार नंदू कुमार कुराईपुर गांव में अपने रिश्तेदार के यहां से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे नारायणपुर मोड़ के समीप पहुंचे उसी दौरान दाउदनगर की ओर जा रही एक हाइवा ने ओवरटेक करने के क्रम में उन्हें कुचल दिया। हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ओबरा थानाध्यक्ष नीतीश कुमार, सहायक पुलिस पदाधिकारी कुणाल कुमार के साथ पुलिस बल लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने हाइवा वाहन को जब्त कर लिया है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया है। मृतक की पहचान परिजनों के आने के बाद की गई। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद भेज दिया है। घटना की खबर जैसे ही मृतक के घर पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर कुछ समय के लिए सड़क जाम करने का प्रयास किया। लेकिन थानाध्यक्ष नीतीश कुमार के समझाने-बुझाने के बाद लोग शांत हुए और मार्ग को खाली कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा की राशि परिजनों को अवश्य मिलेगी। घटना के चलते कुछ समय तक मार्ग पर यातायात बाधित रहा और वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

# गन्ना उद्योग मंत्री का हुआ भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान का सोमवार को ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। स्वागत समारोह का आयोजन लोजपा (रा.) प्रखंड अध्यक्ष अशोक पासवान एवं युवा नेता आनंद कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने उत्साहपूर्वक मंत्री का अभिनंदन किया। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर आम जन को आमंत्रण दिया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में भाग लें और उसकी सफलता सुनिश्चित करें। मंत्री ने कहा कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के नेतृत्व में सर्वांगीण विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में राजग की प्रचंड जीत के लिए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर मेहनत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष अशोक पासवान, जिला उपाध्यक्ष एवं बारुन प्रखंड प्रभारी सुरेश पासवान, जिला महासचिव एवं गोह प्रखंड प्रभारी विजेंद्र कुमार, श्रमिक प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण पासवान, लोजपा युवा प्रखंड अध्यक्ष आनंद विश्वकर्मा समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कुपोषण उन्मूलन हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारुन (औरंगाबाद)।** कृषि विज्ञान केंद्र सिरीश, औरंगाबाद द्वारा बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर (भागलपुर) के तत्वावधान में कुपोषण उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बारुन प्रखंड के चयनित ग्राम फतेहपुर में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बारुन के चिकित्सकीय पर्यवेक्षण में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं व बच्चे शामिल हुए। शिविर में कुपोषित महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। उनके वजन, रक्त में लौह तत्व (हीमोग्लोबिन) की मात्रा और मधुमेह की स्थिति की जांच की गई। जांच के उपरांत पाए गए परिणाम के आधार पर आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया और उनके प्रयोग के बारे में चिकित्सकीय मार्गदर्शन भी दिया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र की गृह वैज्ञानिक डॉ. सुनीता कुमारी, उद्यान वैज्ञानिक डॉ. अनुराधा सिन्हा एवं मृदा वैज्ञानिक डॉ. प्रतिभा कुमारी ने पौष्टिक आहार की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को बेहतर बनाने पर विशेष चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में सोमवार को लगभग 12 वर्षों के लम्बे अंतराल के बाद 20 सूत्री सह प्रखंड कार्यक्रम सह क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड बीस सूत्री सह गोह भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान ने किया। बैठक के माध्यम से पंचायत में नल-जल योजना, मनरेगा, आंगनबाड़ी, खाद्य आपूर्ति, कृषि क्षेत्र में किसानों को ससमय उर्वरक उपलब्ध कराने तथा लोहिया स्वच्छता अभियान के साथ शिक्षा विभाग तथा अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं अद्यतन स्थिति पर विशेष रूप से चर्चा की गई। प्रखंड अध्यक्ष



उमेश पासवान ने कहा कि यह बहुत ही सौभाग्य की बात है कि एक लंबे अरसे के बाद यह बैठक आयोजित की गई है। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को नियम के अनुरूप कार्य करने की नसीहत दी तथा कहा कि विभागीय कार्यों एवं जनता से जुड़े योजनाओं में किसी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सदस्यों ने प्रखंड स्तर की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा के साथ इसकी समीक्षा की गई। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिनव चंद्र, कृषि पदाधिकारी अजय कुमार सिंह, शिक्षा पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अभिनित कुमार, पशु चिकित्सक डॉ मनोज द्विवेदी, जीविका प्रबंधक राज कपूर रमण, सांख्यिकी अधिकारी राकेश कुमार, कल्याण अधिकारी अशोक कुमार, श्रम निरीक्षक दीपक कुमार, नाजिर जयंत कुमार सिंह, लेखापाल अमरेन्द्र कुमार, स्वच्छता कोषांग दुर्गा कुमार सोनी, गोह थानाध्यक्ष मोहम्मद इरशाद, उपहारा थानाध्यक्ष मनेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।